वार्षिक रिपोर्ट तथा
लेखें
2019-20

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इं.डया लिमिटेड की अनुषंगी)
स्था/पो – जागृति विहार, बुर्ला
सम्बलपुर -768020 (ओड़िशा)
वेबसाइट: www.mahanadicoal.in

'संकल्पना'

"खदान से बाजार तक सर्वोत्तम कार्य पद्धतियों का पालन करते हुए विश्व के अग्रणी ऊर्जा आपूर्तिकर्ताओं में उभरना"

'लक्ष्य'

"सुरक्षा, संरक्षण और गुणवत्ता को सम्यक प्रतिष्ठा प्रदान करते हुए कुशलतापूर्वक और मितव्ययता के साथ पर्यावरण हितैषी तरीके से योजनाबद्ध परिमाण में कोयला एवं कोयला उत्पाद का उत्पादन एवं विपणन करना"

गत 10 वर्षों हेतु प्रमुख वित्तीय आंकड़ें

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
1	कोयले का उत्पादन	एमटी(मिलियन टन.)	100.28	103.12	107.89	110.44	121.38	137.90	139.21	143.01	144.15	140.36
2	कोयले का प्रेषण	एमटी(मिलियन टन.)	102.09	102.52	111.96	114.34	123.00	140.22	143.01	138.26	142.30	134.02
3	कोयले की बिक्री (सकल)	रू. करोड़	9,249.75	12,068.60	13,190.42	13,165.61	14989.05	19829.58	23450.72	22379.91	24607.68	22834.92
4	पीबीटी	रू. करोड़	4,039.30	5,463.69	6,202.48	5,429.08	5,314.24	6260.43	6854.72	7339.66	9281.08	8645.47
5	पीएटी	रू. करोड़	2,609.32	3,709.51	4,212.44	3,624.30	3,554.10	4184.74	4492.01	4761.29	6039.54	6427.39
6	लाभांश	रू. करोड़	1,570.02	2,226.55	2,529.45	5,983.16	3,841.82	3608.45	2982.00	4350.00	3875.00	5225.00
7	शुद्ध नियत आस्तियां	रू. करोड़	2,019.19	2,048.05	2,212.52	2,788.58	3,087.48	3252.55	3943.29	4534.24	6433.84	7248.57
8	नेट वर्थ	रू. करोड़	6,548.14	7,674.42	8,939.12	5,563.42	4,477.57	4319.26	3385.38	2943.12	3873.17	3923.11
9	दीर्घ अवधि ऋण	रू. करोड़	124.13	119.42	96.60	9.14	6.90	7.21	6.64	7.09	6.29	6.10
10	नियोजित पूंजी	रू. करोड़	11,704.47	14,211.30	16,208.23	14,248.04	15,208.55	16629.66	15183.59	15469.43	18437.96	19862.23
11	नियोजित पूंजी पर रिटर्न	%	22	26	26	25	23	25	23	31	33	32
12	मूल्य संवर्धन	रू. करोड़	6,945.29	8,825.63	9,206.31	9,153.60	10,203.46	11990.49	12474.74	12979.8	13176.07	12258.82
13	प्रति शेयर अंकित मूल्य	रू.	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1000.00	1000.00	1000.00	1000.00	1000.00
14	प्रति शेयर पर बही मूल्य	रू.	35,129.34	41,171.58	47,956.42	29,846.53	24,021.18	23171.89	23971.26	4167.94	5852.16	5927.61
15	प्रति शेयर लाभांश	रू.	8,422.81	11,944.95	13,569.95	32,098.34	20,610.52	19358.54	21,115.00	6160.31	5854.92	7894.70
16	प्रति शेयर अर्जन	रू.	13,998.43	19,900.71	22,598.82	19,443.58	19,066.97	22450.21	31800.60	32419.32	8622.45	9592.93
17	ईक्यू शेयर सं.	संख्या	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1412266	7061330	6618363	6618363

विषय सूची

क्रमांक		पृष्ठ संख्या
1.	प्रबंधन/बैंकर्स/लेखा परीक्षक	1-3
2.	सूचना	4(i)-4(iv)
3.	अध्यक्ष का वक्तव्य	5-18
4.	निदेशको की रिपोर्ट	19-88
5.	सामाजिक उत्तरदायित्व की रिपोर्ट	89-95
6.	सचिवीय लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	96-102
7.	निदेशको की रिपोर्ट का अनुलग्नक	103-106
8.	कॉर्पोरेट शासन पर रिपोर्ट	107-117
9.	प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट	118-121
10.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां	122-123
11.	स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	124-150
12.	31 मार्च, 2020 के अनुसार तुलनपत्र	152-153
14.	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि का विवरण	154.155
15.	नकद प्रवाह विवरण	156
16.	तुलनपत्र एवं लाभ- हानि लेखा के अंश स्वरूप टिप्पणियां	157-240
17.	एमसीएल और उसके सहायक कंपनियों का समेकित लेखा	241-337

वर्तमान प्रबंधन
(18.08.2020 के अनुसार)

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक	:	श्री बी.एन. शुक्ला
कार्यकारी निदेशक	:	श्री ओ.पी. सिंह निदेशक (तक/संचालन)
		श्री के.आर. वासुदेवन निदेशक (वित्त)
		श्री केशव राव निदेशक (कार्मिक)
		श्री बबन सिंह निदेशक (तक/परि एवं यो) (29.04.2020 से प्रभावी)
आधिकारिक अंशकालिक निदेशकगण	:	श्री नागराजु मद्दिराला संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली.
		श्री एस.एन. तिवारी, निदेशक (विपणन), सीआईएल, कोलकाता
गैर-आधिकारिक अंशकालिक निदेशकगण	**:**	श्रीमति सीमा शर्मा
		श्री एस. मोहन
स्थायी आमंत्रित	**:**	श्री पी.के. जेना प्रधान मुख्य संचालन प्रबन्धक, पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर.
कंपनी सचिव	:	श्री ए.के. सिंह

2019-20 के दौरान प्रबंधन

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक	:	श्री बी.एन. शुक्ला (14.06.2019 से प्रभावी) श्री आर.आर. मिश्रा (25.09.2018 से 14.06.2019 तक प्रभावी)
कार्यकारी निदेशक	:	श्री ओ.पी. सिंह निदेशक (तक/संचालन) श्री के.आर. वासुदेवन निदेशक (वित्त) श्री के.के. मिश्रा (24.06.2019 से प्रभावी) श्री केशव राव निदेशक (कार्मिक) (18.12.2019 से प्रभावी)
आधिकारिक अंशकालिक निदेशकगण	:	श्री नागराजु मद्दिराला संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली. (17.03.2020 से प्रभावी) श्री आर.के. सिन्हा संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली. (17.03.2020 तक प्रभावी) श्री एस.एन. तिवारी, निदेशक (विपणन), सीआईएल, कोलकाता (31.11.2019 तक प्रभावी) श्री एस.एन. तिवारी, निदेशक (विपणन), सीआईएल, कोलकाता (23.012.2019 से प्रभावी)
गैर-आधिकारिक अंशकालिक निदेशकगण	:	श्रीमति सीमा शर्मा श्री एस. मोहन (10.07.2019 से प्रभावी) श्री एच.एस.पति (16.11.2019 तक प्रभावी) डॉ राजीव मल्ल (16.11.2019 तक प्रभावी)
स्थायी आमंत्रित	:	श्री पी.के. जेना प्रधान मुख्य संचालन प्रबन्धक, पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर. (17.03.2020 से प्रभावी) श्री डी. पंडा प्रधान मुख्य संचालन प्रबन्धक, पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर. (26.01.2020 तक)
कंपनी सचिव	:	श्री ए.के. सिंह

बैंकर्स

भारतीय स्टेट बैंक,
यूको बैंक,
कैनरा बैंक,
पंजाब नैशनल बैंक,
यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया,
इंडियन ओवरसीज़ बैंक ,
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,
बैंक ऑफ इंडिया,
आईसीआईसीआई बैंक,
आंध्रा बैंक,
बैंक ऑफ बड़ौदा,
ऐक्सिस बैंक,
आईडीबीआई बैंक,
एचडीएफ़सी बैंक,
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया,
ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स,
इलाहाबाद बैंक,
सिंडीकेट बैंक,
कॉर्पोरेशन बैंक
बैंक ऑफ महाराष्ट्र

सांविधिक लेखा परीक्षक

मेसर्स सिंह रे मिश्रा एंड कं.,
सनदी लेखाकार, भुवनेश्वर

शाखा लेखा परीक्षक

मेसर्स एससीएम एसोशिएट्स,
सनदी लेखाकार, भुवनेश्वर

लागत लेखा परीक्षक

मेसर्स मणि एंड कं.
लागत लेखाकर, कोलकाता

शाखा लागत लेखा परीक्षक

मेसर्स आशुतोष एंड एसोशिएट्स,
लागत लेखाकर, भुवनेश्वर.

सचिवीय लेखाकार

मेसर्स महापात्र एंड कं
कंपनी सचिव, भुवनेश्वर, ओड़िशा

पंजीकृत कार्यालय

स्था/पो :जागृति विहार, बुर्ला,
सम्बलपुर - 768020, ओड़िशा
वेबसाइट: www.mahanadicoal.in

18.08.2020

<u>28वीं सामान्य बैठक बैठक की सूचना</u>

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की 28 वीं वार्षिक सामान्य बैठक 19 अगस्त,2020 दिन बुधवार को सुबह 11.30 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय पोस्ट- जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर-768020 में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो-विज़ूअल माध्यम द्वारा निम्नलिखित कार्यों के प्रबंधन के लिए आयोजित की जाएगी।

I. <u>सामान्य कार्य **Ordinary Business:**</u>

1. **विचार करने और अपनाने के लिए** To consider and adopt:

क) 31 मार्च, 2020 को लेखापरीक्षित तुलन पत्र समेत 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए उस पर लाभ और हानि का विवरण और निदेशक मंडल तथा सांविधिक लेखा परीक्षक और भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट। The

ख) 31 मार्च, 2020 को समेकित लेखापरीक्षित तुलन पत्र समेत 31 मार्च, 2020 के अनुसार वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि का विवरण और निदेशक मंडल तथा उस पर सांविधिक लेखा परीक्षक और भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट।

2. वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए इक्विटी शेयरों पर प्रस्तावित अन्तरिम लाभांश भुगतान और अंतरिम लाभांश के भुगतान कि पुष्टि करने के लिए ।
3. श्री ओ पी सिंह,निदेशक (डीआईएन 07627471), जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 (6) के संदर्भ में रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होगे, के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति के लिए पात्र होने पर पुन: नियुक्ति के लिए खुद को प्रस्तुत करेंगे ।
4. श्री के. आर. वासुदेवन निदेशक (डीआईएन 07915732), जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 (6) के संदर्भ में रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होगे, के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति के लिए पात्र होने पर पुन: नियुक्ति के लिए खुद को प्रस्तुत करेंगे

II. <u>विशेष कार्य **Special Business:**</u>

<u>मद संख्या/**ITEM NO. 1**</u>

<u>विषय : वित्तीय वर्ष **2019-20** के लिए लागत लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक का निर्धारण।</u>

<u>सामान्य संकल्प:</u>

वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए लागत लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक की पुष्टि करने के लिए और इस संबंध में विचार करने के लिए और यदि योग्य साबित हो, तो संशोधन के अथवा बिना संशोधन के पारित होने के लिए, एक साधारण संकल्प के रूप में निम्न संकल्प किया जाता है :

संकल्प किया गया है कि मेसर्स मानी और एसोसिएट्स को कंपनी के सेंट्रल कॉस्ट ऑडिटर के रूप में वर्ष **2019-20** के लिए एतदद्वारा नियुक्त किए गए है ।वर्ष अवधि बढ़ाकर के लिए नियुक्त किए गए है । कंपनी (कॉस्ट रिकॉर्ड्स और ऑडिट) के नियमावली,**2014** के अनुसार कंपनी मुख्यालय और उसकी इकाइयों, ईबवैली कोलफील्ड्स, बसुंधरा एवं केंद्रीय कर्मशाला ईब वैली के लागत रिकॉर्ड का लेखा-परीक्षण करने के लिए इसकी अवधि बढ़ाकर वर्ष **2020-21** और **2021-22** कर दी गई है जिसके लिए कुल लेखा परीक्षा शुल्क **₹ 6,00,000.00** तथा ऊपरी व्यय तथा लेखापरीक्षा शुल्क पर लागू जीएसटी **₹3,00,000.00** (कुल शुल्क का अधिकतम **50%**) है। ”

यह भी संकल्प किया गया है कि मेसर्स असुतोष और एसोसिएट्स को कंपनी के ब्रांच कॉस्ट ऑडिटर के रूप में वर्ष **2019-20** के लिए एतदद्वारा नियुक्त किए गए है ।वर्ष अवधि बढ़ाकर के लिए नियुक्त किए गए है । कंपनी (कॉस्ट रिकॉर्ड्स और ऑडिट) के नियमावली,**2014** के अनुसार कनिहा एवं केंद्रीय कर्मशाला ईब वैली सहित तालचेर कोलफील्ड्स के लागत रिकॉर्ड का लेखा-परीक्षण करने के लिए इसकी अवधि बढ़ाकर वर्ष **2020-21** और **2021-22** कर दी गई है जिसके लिए कुल लेखा परीक्षा शुल्क **₹3,98,000.00** तथा ऊपरी व्यय तथा लेखापरीक्षा शुल्क पर लागू जीएसटी **₹199,000.00** (अधिकतम **50%**) है।"

"संकल्प किया गया है कि किसी भी समय नियुक्त किसी भी फर्म की अयोग्यता / निरस्तीकरण के मामले में अध्यक्ष सह प्रबंह निदेशक, एमसीएल किसी भी समय अगली अर्हकारी फर्म नियुक्त करने के लिए अधिकृत है।

"यह भी संकल्प किया गया कि कंपनी के निदेशक मंडल हैं इस संकल्प को प्रभावशील बनाने के लिए आवश्यक, वांछनीय या समीचीन माने जाने वाले सभी कार्यों, और मामलों को निपटाने के लिए अधिकृत हैं।"

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
ह / -
(ए. के. सिंह)
कंपनी सचिव पंजीकृत कार्यालय

जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर, ओड़िशा -768020

__टिप्पणी__

देश में व्याप्त कोविड 19 के कारण उत्पन्न महामारी के कारण वर्तमान असाधारण परिस्थितियों के मद्देनजर, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 जिसे कंपनी नियमावली (प्रबंधन एवं प्रशासन),2014 के नियम 18 के साथ पढ़ा जाएँ , कारपोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार (किसी भी वैधानिक संशोधन या उसके लागू होने के बाद फिर से लागू करने सहित) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र क्रमशः संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 5 मई, 2020 एवं अन्य लागू कानून और विनियमों के प्रावधानों के अनुसार महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के सचिवीय लेखा परीक्षक सहित , शेयरधारकों निदेशकों और लेखा परीक्षकों को बैठक में भाग लेने और / या मत देने का अधिकार है। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से बैठक में भाग ले सकते है और/या मतदान कर सकते है । बैठक में स्वीकार किए गए विषयों पर केवल cs.mcl@coalindia.in पर ई-मेल भेजकर अपनी सहमति या असंतोष व्यक्त कर सकते है। सदस्यों द्वारा प्रोक्सी की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। यद्यपि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 112 और 113 के अनुसरण में सदस्यों के प्रतिनिधियों को वीसी या ओएवीएम के माध्यम से भागीदारी और मतदान के लिए नियुक्त किया जा सकता है। वीसी या ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने के लिए, कंपनी के अधिकृत मेल आईडी से पहले ही भलीभाँति लिंक प्रदान कर दिया जाएगा। और बैठक में शामिल होने की सुविधा बैठक शुरू करने के निर्धारित समय से कम से कम 15 मिनट पहले खोल दी जाएगी और निर्धारित समय से 15 मिनट बाद भी बंद नहीं होगी।

1. शेयरधारकों से अनुरोध किया जाता है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 101 (1) के प्रावधानों के अनुपालन में वार्षिक आम बैठक बुलाकर लिखित या इलेक्ट्रॉनिक तरीके से अपनी सहमति दें।
2. विशेष कार्य के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) के अनुसार प्रासंगिक विवरण, जैसा कि ऊपर दिया गया है, उसे भी संलग्न किया गया है।

3. 64 वें वार्षिक आम बैठक की तारीख से पहले, सभी अनिवार्य रजिस्टरों/दस्तावेजों के साथ-साथ अन्य अनिवार्य रजिस्टरों/दस्तावेजों के साथ निर्दिष्ट सभी दस्तावेज कार्य दिवसों के दौरान कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे ।
4. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 171 (1) (बी) और 189 (4) के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी के प्रत्येक वार्षिक आम बैठक में आवश्यक रजिस्टर निरीक्षण के लिए खुले रहेंगे जो बैठक में शामिल होने का अधिकार रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए निरंतर उपलब्ध होंगे

<u>सदस्यागण **Members**</u>

1. मेसर्स कोल इंडिया लिमिटेड, कोयला भवन, परिसर सं. 04, प्लॉट नंबर AF-III, एक्शन एरिया -1 ए, न्यू टाउन, राजरहाट, कोलकाता -700156।
   (कृपया ध्यान दें: एम. विश्वनाथन, कंपनी सचिव, कोल भवन, परिसर नंबर 04, प्लॉट नंबर AF-III, एक्शन एरिया -1 ए, न्यू टाउन, राजारहाट, कोलकाता -700156।)
2. श्री प्रमोद अग्रवाल, अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड, कोल भवन, परिसर नंबर 04, प्लॉट नंबर AF-III, एक्शन एरिया -1 ए, न्यू टाउन, राजारहाट, कोलकाता -700156।
3. श्री बी.एन. शुक्ला, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एमसीएल, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर, ओड़िशा-768020
4. श्री एस एन तिवारी, निदेशक (विपणन), सी/ओ-कोल इंडिया लिमिटेड, कोयला भवन, परिसर नंबर 04, प्लॉट नंबर AF-III, एक्शन एरिया -1 ए, न्यू टाउन, राजारहाट, कोलकाता -700156।

<u>लेखापरीक्षक **Auditors**</u>

1. प्रमुख निदेशक , निदेशक वाणिज्यिक लेखा परीक्षा कार्यालय के प्रमुख और पदेन सदस्य का कार्यालय , लेखा परीक्षा बोर्ड- II, पुराना निज़ाम प्लेस, 234/4 आचार्य जगदीश चंद्र बोस रोड, कोलकाता - 700 020।
2. मैसर्स सिंह रे मिश्रा एंड कंपनी, सांविधिक लेखा परीक्षक, चार्टर्ड अकाउंटेंट, भुवनेश्वर।
3. मेसर्स देब महापात्रा एंड कंपनी, सचिवीय लेखापरीक्षक , कंपनी सचिव, भुवनेश्वर, ओड़िशा।

<u>निदेशकगण, एमसीएल **Directors, MCL**</u>

1. श्री एम. नागराजू, संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार शास्त्री भवन, नई दिल्ली -110115
2. सुश्री सीमा शर्मा, स्वतंत्र निदेशक, शांति कुंज, गौरी शंकर नगर, उत्तर कार्यालय पारा, डोरंडा, रांची, झारखंड - 834002।
3. श्री एस. मोहन, स्वतंत्र निदेशक, एआरके कॉलोनी, 35, एल्डमास रोड, अलवरपेट, चेन्नई, पिन – 600018
4. श्री ओ.पी. सिंह, निदेशक (तकनीकी / संचालन), एमसीएल, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर -768020
5. श्री के.आर. वासुदेवन, निदेशक (वित्त), एमसीएल, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर -768020।
6. श्री केशव राव, निदेशक (कार्मिक), एमसीएल, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर -768020।
7. श्री बबन सिंह, निदेशक (तक./परी. योजना), एमसीएल, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर -768020

व्याख्यात्मक कथन

(कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 102(1) के अधीन)

मद सं./**ITEM NO. 1**

विषय: वित्तीय वर्ष **2019-20** के लिए लागत लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक का निर्धारण।

भारत सरकार के राजपत्र प्रकाशन और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की अधिसूचना संख्या G.S.R. 430 (ई) दिनांक 3 जून, 2011 तथा कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के लागत लेखा परीक्षक शाखा, भारत सरकार द्वारा जारी आदेश F. No. 52/26 / CAB-2010 दिनांक 24 जनवरी, 2011 और कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 52/26 / CAB- 2010 दिनांक 24 जनवरी, 2012 को कोयला उद्योग के संबंध में लागत लेखा परीक्षा अनिवार्य बनाने हेतु ।

लेखा परीक्षा समिति की सिफारिश के आधार पर, निदेशक मंडल ने परिपत्र संकल्प सं. 17 (2019-20) दिनांक 25.09.2019 को वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए एमसीएल में लागत लेखा परीक्षा आयोजित करने के लिए निम्नलिखित फर्मों की नियुक्ति को मंजूरी दी। लागत लेखा परीक्षा और लागू वैधानिक करों / लेवी की प्रतिपूर्ति के लिए शुल्क की संरचना निम्नानुसार है:

1. मेसर्स मानी और एसोसिएट्स को कंपनी के सेंट्रल कॉस्ट ऑडिटर के रूप में वर्ष **2019-20** के लिए एतदद्वारा नियुक्त किए गए है ।वर्ष अवधि बढ़ाकर के लिए नियुक्त किए गए है । कंपनी (कॉस्ट रिकॉर्ड्स और ऑडिट) के नियमावली,**2014** के अनुसार कंपनी मुख्यालय और उसकी इकाइयों, ईबवैली कोलफील्ड्स, बसुंधरा एवं केंद्रीय कर्मशाला ईब वैली के लागत रिकॉर्ड का लेखा-परीक्षण करने के लिए इसकी अवधि बढ़ाकर वर्ष **2020-21** और **2021-22** कर दी गई है जिसके लिए कुल लेखा परीक्षा शुल्क **₹ 6,00,000.00** तथा ऊपरी व्यय तथा लेखापरीक्षा शुल्क पर लागू जीएसटी **₹3,00,000.00 (**कुल शुल्क का अधिकतम **50%)** है। **”**

2. मेसर्स असुतोष और एसोसिएट्स को कंपनी के ब्रांच कॉस्ट ऑडिटर के रूप में वर्ष **2019-20** के लिए एतदद्वारा नियुक्त किए गए है ।वर्ष अवधि बढ़ाकर के लिए नियुक्त किए गए है । कंपनी (कॉस्ट रिकॉर्ड्स और ऑडिट) के नियमावली,**2014** के अनुसार कनिहा एवं केंद्रीय कर्मशाला ईब वैली सहित तालचेर कोलफील्ड्स के लागत रिकॉर्ड का लेखा-परीक्षण करने के लिए इसकी अवधि बढ़ाकर वर्ष **2020-21** और **2021-22** कर दी गई है जिसके लिए कुल लेखा परीक्षा शुल्क **₹3,98,000.00** तथा ऊपरी व्यय तथा लेखापरीक्षा शुल्क पर लागू जीएसटी **₹199,000.00 (**अधिकतम **50%)** है।”

कंपनी नियमावली (लेखा परीक्षा एवं लेखापरीक्षक), 2014 के नियम 14 जिसे कंपनी अधिनियम (2013) की धारा 148 (3) के साथ पढ़ा जाएँ, कंपनी अधिनियम के अनुसार लेखा परीक्षा समिति द्वारा अनुशंसित पारिश्रमिक को निदेशक मंडल द्वारा स्वीकार एवं अनुमोदित किया जाएगा और उसके बाद शेयरधारकों द्वारा मंजूरी दी जाएगी।

तदनुसार, सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए लागत लेखा परीक्षकों को देय पारिश्रमिक की पुष्टि करें।

कंपनी के किसी भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार किसी भी तरह से आर्थिक या अन्य रूप से संकल्प में नहीं हैं।

बोर्ड ने आपकी मंजूरी के लिए प्रस्ताव की सिफारिश की।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
ह / -
(ए. के. सिंह)
कंपनी सचिव पंजीकृत कार्यालय

स्थान: संबलपुर
दिनांक: 18.08.2020

<u>**अध्यक्ष महोदय का वक्तव्य**</u>

साथियो,

मुझे महानद. कोलफील्ड्स की 28 वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) में आपका स्वागत करते हुए अपार हर्ष की अनुभति हो रही है। वर्ष 2019-20 के लेखा परीक्षित रिपोर्ट, निदेशकों की रिपोर्ट के साथ ही साथ वैधानिक लेखा परीक्षक तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के रिपोर्ट एवं समीक्षा जो पहले ही आपको परिचालित की गई है। आपकी अनुमति से, मैं यह मान लेना चाहता हूँ कि आपने उन्हें पढ़ लिया है।

वित्तीय वर्ष 2019 -20 एमसीएल के लिए एक और चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा है। विषमताओं के बावजूद अपने सर्वोत्तम कार्यों और परिचालन उत्कृष्टता के कारण एमसीएल, सीआईएल के सर्वश्रेष्ठ अनुषंगी कंपनियों में से एक के रूप में उभरा है। एमसीएल ने इस वर्ष मार्च महीने में, पिछले वर्ष मार्च के औसत दैनिक उत्पादन 5.83 लाख टन / दिन की तुलना में **6.21 लाख टन / दिन** के औसत के साथ **19.25** मिलियन टन का उत्पादन कर कोयला उत्पादन में एक नया मुकाम हासिल किया है। सीआईएल के इतिहास में अब तक के सबसे अधिक दैनिक कोयला उत्पादन (30 मार्च, 2020) को **10.82 लाख टन** का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। एमसीएल ने पर्यावरण हितैषी सरफेस माइनर के माध्यम से 129.1 मिलियन टन (92%) का उच्चतम कोयला उत्पादन भी हासिल किया, जो सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनियों में सबसे अधिक है। सरफेस माइनर के माध्यम से कोयले का उत्पादन, परम्परागत खनन प्रक्रिया अर्थात ड्रिलिंग, ब्लास्टिंग और क्रशिंग में उपयोग किए जाने वाले वायु प्रदूषणकारी इकाई के संचालन को पूरी तरह से समाप्त कर देता है। सीआईएल की अनुषंगी कंपनियों में औसतन सरफेस माइनर द्वारा कोयला उत्पादन लगभग 42% है। भूमि समस्या तथा नवम्बर तक भारी वर्षा के कारण, और यहाँ तक कि दिसम्बर, जनवरी, फरवरी तथा मार्च के महीने में वर्ष में दो बार वर्षा के कारण चार प्रमुख खदानों में निविदा असफल हुई और उत्पादन में 40.55 मिलियन टन की कमी हुई लेकिन टीम एमसीएल के विशेष प्रयासों के साथ पिछले साल के 20.55 मिलियन टन के बैकलॉग उत्पादन को दिसम्बर से मार्च 2020 तक हासिल कर लिया गया और वर्ष 2019-20 के दौरान एमसीएल अपने **140.36** मैट्रिक टन के आंकड़ों के लक्ष्य तक पहुँच सका। उत्पादन में हुई कमी के विस्तृत कारणों का उल्लेख वर्ष 2019-20 के निदेशकों के प्रतिवेदन में किया गया है।

एमसीएल ने गत वर्ष के 50.9 मिलियन क्यूबिक मीटर की उपलब्धि की तुलना में इस वर्ष दिसंबर से मार्च तक चार महीने में 11.8 (**23.18% वृद्धि**) मिलियन क्यूबिक मीटर की वृद्धि दर्ज करते हुए **62.7** मिलियन क्यूबिक मीटर का सर्वोत्तम ओबीआर हासिल किया। वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान कुल ओबी निष्कासन **124.51** मिलियन क्यूबिक मीटर था, जो नवंबर 2019 तक कुल 15 खुली खदानों में से 13 खदानों में भूमि की समस्या तथा वर्षा के कारण और चार प्रमुख खानों में ओबीआर निविदा के असफल होने के कारण प्रभावित हुआ।

आपकी कंपनी ने **134.016** मैट्रिक टन कोयले का प्रेषण किया है। एमसीएल ने पर्यावरण हितैषी साधनों जैसे रेल, एमजीआर और बेल्ट (99.16 मीट्रिक टन, जो लगभग **74%** है) के माध्यम से उच्चतम ऑफ-टेक दर्ज किया है। हिंगुला में कोयला गलियारे का परिचालन किया गया, 04 सुरंगों का संचालन किया गया , लिंगराज और छारला साइडिंग का संचालन किया गया, लिंगराज साइलो को शुरू किया गया और कनिका साइडिंग में ओसीपीएल कोयला प्राप्त हुआ। ये कंपनी की प्रेषण क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम थे।

एमसीएल ने विभिन्न कठिनाइयों और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद सीआईएल में रु. 6427.39 करोड़ कर पश्चात लाभ (पीएटी) का सबसे अधिक लाभ अर्जित किया है। यह आपके सतत सहयोग और बहुमूल्य मार्गदर्शन के साथ संभव हो पाया है। आपका सतत विश्वास और सद्भावना ने हमें सदैव प्रेरित किया है तथा हितधारकों और राष्ट्र के लिए आदर्श स्थापित करने के लिए मार्गदर्शक रहा है।

1. कोयला - ऊर्जा का प्राथमिक स्रोत :

भारत में, कोयला प्राथमिक ऊर्जा के रूप में अप्रतिस्थापन योग्य है और यह भविष्य में भी ऐसा ही बना रहेगा। भारत की प्राथमिक वाणिज्यिक ऊर्जा का लगभग 55% कोयला से प्राप्त होता है। देश में उत्पन्न संपूर्ण ऊर्जा का लगभग 76% कोयला आधारित है, जो कोयले के महत्व का प्रमाण है। विश्व के कई देश कोयला से नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के बेहतर रूपों की ओर बढ़ रहे हैं लेकिन भारत की स्थिति वैश्विक परिदृश्य से अलग है।

भारत में, वर्तमान ऊर्जा की माँग मुख्य रूप से कोयले से और कुछ हद तक सौर, पवन, हाइडल और प्राकृतिक गैस द्वारा पूरी की जा रही है। पिछले कुछ वर्षों से, वैश्विक कोयले की खपत में भारत की हिस्सेदारी के लगभग 11% है। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा कोयला उपभोक्ता है।

कोयले का प्राचुर्य, उपलब्धता और सामर्थ्य ही इसे एक मुख्य ऊर्जा ईंधन बनाता है। हमारे देश में जीवाश्म संसाधनों के 97% से कोयला से प्राप्त होता है। राष्ट्रीय कोयला सूची 01.04.2019 के अनुसार 68 कोयला अंचलों में 1200 मीटर की गहराई तक **326.495** बिलियन टन(बीटी) हार्ड कोल संसाधन है। देश में उत्पन्न कुल ऊर्जा का लगभग **72%** कोयले पर आधारित है। विश्वसनीय ऊर्जा, आर्थिक विकास और मानव विकास का मुख्य घटक है। कोयला विश्वसनीय प्राथमिक वाणिज्यिक ऊर्जा प्रदाता के रूप में कार्य करता है और वह आने वाले दशकों तक भारतीय ऊर्जा उत्पादन का प्रमुख आधार बना रहेगा।

ओड़िशा के तालचेर और ईब-वैली कोलफील्ड्स तापीय श्रेणी के नॉन – कोकिंग कोयले का विशाल भंडार गृह है। भारत में कोयला भंडार में झारखंड के बाद दूसरा स्थान ओड़िशा का है। 01.04.2019 के अनुसार ओड़िशा में कुल कोयले भंडार का **80.840** बिलियन टन अनुमानित किया गया है जो कि कुल राष्ट्रीय कोयला भंडार का लगभग **24.76**% है। ओड़िशा के दो कोलफील्ड्स, तालचेर और ईब-वैली कोलफील्ड्स एमसीएल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। तालचेर भारत का सबसे बड़ा कोलफील्ड्स (51.220 बिलियन टन) तथा ईब-वैली भारत का तीसरा सबसे बड़ा (29.619 बिलियन टन) कोलफील्ड्स है ।

2. 2019-20, एमसीएल की उपलब्धियां

- एमसीएल ने इस वर्ष मार्च, 2020 में पिछले वर्ष मार्च के दैनिक औसत उत्पादन 5.83 लाख टन / दिन की तुलना में 6.21 लाख टन / दिन के औसत के साथ 19.25 मैंट्रिक टन का उत्पादन कर कोयला उत्पादन के क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल किया।
- एमसीएल ने कोयला उत्पादन के इतिहास में गत वर्ष 58.81 मिलियन टन की तुलना में दिसंबर से मार्च के चार महीने में 6.7 मिलियन टन की वृद्धि दर्ज करते हुए 65.51 मिलियन टन का उत्पादन लक्ष्य हासिल किया।

- ❖ एमसीएल ने पर्यावरण हितैषी सरफेस माइनर के माध्यम से 129.1 मिलियन टन (92.5%) उच्चतम कोयला उत्पादन भी हासिल किया, जो सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनियों में सबसे अधिक है।
- ❖ एमसीएल ने गत वर्ष के मुक़ाबले रेक की कम आपूर्ति और कोरोना प्रभाव के बावजूद गत वर्ष 2.13 मिलियन टन की वृद्धि दर्ज करते हुए 50.01 मिलियन टन उत्पादन के मुक़ाबले इस वर्ष दिसंबर से मार्च के आखिरी चार महीनों में एमसीएल के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक 52.14 मिलियन टन कोयले का प्रेषण किया।
- ❖ एमसीएल ने पर्यावरण हितैषी साधनों जैसे रेल, एमजीआर एंड बेल्ट के माध्यम से 74% का उच्चतम ऑफटेक हासिल किया, जो सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनियों में सबसे अधिक है।
- ❖ न्यू लिंगराज साइडिंग और एक्सेस रोड का निर्माण किया गया था जिसमें एनटीपीसी अतिरिक्त 16,000 टन/ दिन का परिवहन करेगी।
- ❖ न्यू छारला साइडिंग का संचालन किया गया था, जिसके माध्यम से ओपीजीसी को लगभग 25,000 टन / दिन कोयले की आपूर्ति की जाती है।
- ❖ एमसीएल ने प्रेषण की सुविधा के कारण ओसीपीएल से संबंधित मनोहरपुर खदान में कोयले का उत्पादन और ऑफटेक शुरू किया । एमसीएल ने कनिका में 0.51 मिलियन टन कोयला प्राप्त किया और लगभग 84 करोड़ रुपये का भुगतान किया।
- ❖ साईडिंग में कोयले के परिवहन को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक सड़क के साथ प्रमुख क्रॉसिंग पर चार सुरंगों का संचालन किया गया है।
- ❖ हिंगुला ओसीपी में न्यू कोल कॉरिडोर का संचालन किया गया जिसके परिणामस्वरूप साईडिंग में कोयले के परिवहन में वृद्धि हुई।
- ❖ एमसीएल ने गत वर्ष की उपलब्धि 50.9 मिलियन क्यूबिक मीटर की तुलना में दिसंबर से मार्च के आखिरी चार महीनों में 11.8 मिलियन क्यूबिक मीटर (23.18% की वृद्धि) की वृद्धि दर्ज करते हुए **62.7** मिलियन क्यूबिक मीटर का सबसे अधिक ओबीआर हासिल किया।
- ❖ एमसीएल ने स्थापना के बाद 22 जनवरी 2020 को एक दिन में 6.63 लाख का उच्चतम ओबी हटाया।
- ❖ सियारमल 50 एमटीपीए, एमडीओ दस्तावेज तैयार किया गया , एमसीएल बोर्ड की स्वीकृति ली गई और निविदा 30 मार्च 2020 को प्रकाशित की गई।
- ❖ लिंगराज ओसीपी में **20 एमटीपीए** क्षमता के साइलो लोडिंग प्रणाली का निर्माण किया गया और उसे शुरू किया गया।
- ❖ तालचेर कोलफील्ड्स के **व्यापक विकास योजना** (सीडीपी) का कार्य आईआईटी, खड़गपुर को दिया गया था।
- ❖ गर्जनबाहल ओसीपी में रिकॉर्ड समय पर अर्थात 6 दिनों के भीतर सरफेस माइनर का क्रय और नियोजन।
- ❖ वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान 22 लाख इकाइयों के लिए सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनियों के बीच सौर ऊर्जा का उच्चतम उत्पादन।
- ❖ एमसीएल द्वारा सीएसआर गतिविधियों में रु. 156.5 करोड़ के बजट व्यय में से रु. **157 करोड़** की राशि खर्च की गई, अर्थात, यह 100% उपलब्धि है, जो सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनियों में सर्वाधिक है।
- ❖ सीआईएल के इतिहास में पहली बार हायरिंग के आधार पर हार्ड रॉक के विस्फोट मुक्त निष्कासन के लिए एक्ससेंत्रिक या समतुल्य वर्टिकल रिपर की शुरुआत की जानी है, जिसके लिए निविदा जारी की गई थी।
- ❖ प्रभावी धूल दमन के लिए हर खदान में फॉग कैनन्स शुरू किए गए :
    - ➢ किराए पर चलित ट्रक पर फॉग कैनन्स (14 नंबर - 40 मीटर थ्रो)

- अचल फॉग कैनन्स की खरीदी (14 नग - 100 मीटर थ्रो)\
- नवीन रोबोटिक नोजल की खरीद (3 नग - 70 मीटर थ्रो)

- सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनियों में रु. **1540.10 करोड़** का सर्वाधिक पूंजीगत व्यय (कैपेक्स)।
- डीएमएफ़ उपकर जमा : रु. **610.50 करोड़** (तालचेर कोलफील्ड्स - रु 265.67 करोड़ और ईब-वैली कोलफील्ड्स – रु 344.83 करोड़)।

3. वित्तीय कार्य निष्पादनः

एमसीएल ओड़िशा राज्य में केंद्र और राज्य सरकार दोनों के राजकोष का सबसे बड़ा योगदानकर्ता है। एमसीएल ने रॉयल्टी, उपकर, वस्तु एवं सेवा कर,जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर,एनएमईटी, डीएमएफ, डीडीटी तथा अन्य लेवी के लिए रु.**13875.01** करोड़ का भुगतान किया है।

समीक्षा के तहत वर्ष में कर पश्चात लाभ **6,427.39** करोड़ रुपये रहा है। आपकी कंपनी ने पिछले वर्ष के **5854.92** प्रति इक्विटी शेयर की तुलना में **5225** करोड़ (अर्थात प्रति शेयर के अंकित मूल्य 1,000/- पर रु. 7894.70 प्रति इक्विटी शेयर) के लाभांश की सिफारिश की है। लाभांश के कारण कुल आउटफ्लो रु.6299.01 करोड़ था जिसमें सीआईएल को दिए गए लाभांश के रूप में रु. 5225 करोड़ और लाभांश पर कर के रूप में रु. 1074.01 करोड़ शामिल थे।

विकास हेतु कार्यनीतियां :

कृत्रिम प्रकृतिक गैस (एसएनजी) : यह कोयला गैसीकरण से निर्मित एक प्रकार की गैस है जो प्राकृतिक गैस के रूप में काम कर सकती है। एमसीएल के पास इस संबंध में काफी संभावनाएं हैं, जिसमें निम्न श्रेणी के कोयले और अनुपयोगी कोयले का पूरा उपयोग किया जा सकता है। मेथनॉल, उर्वरकों, डीजल, पेट्रोल, जेट ईंधन, प्लास्टिक, कपड़े और अन्य रासायनिक उत्पादों के उत्पादन के लिए सिंथेटिक गैस का उपयोग बेहतर दक्षता के साथ विद्युत उत्पादन के लिए किया जा सकता है। यह विदेशों पर निर्भरता, भावी आपूर्ति पर अनिश्चितता, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी की कीमतों में वृद्धि, एलएनजी (जो उर्वरक के लिए आवश्यक है) आदि के आयात को कम कर सकता है, और इसका देश की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ रोजगार सृजन पर भी बहुत प्रभाव पड़ेगा, जिसके परिणामस्वरूप '**आत्मनिर्भर भारत'** बनेगा।

कुल 85 एमटीवाई की क्षमता के साथ **3 एमडीओएस** योजना जिसमें सिआरमल 50 एमटीवाई, सुभद्रा 25 एमटीवाईऔर बलभद्र 10 एमटीवाई के साथ शामिल है और 85 एमटीवाई की 3 विस्तारित परियोजना अर्थात भुवनेश्वरी 40 एमटीवाई, कनिहा 30 एमटीवाई और बलराम 15 एमटीवाई के नाम की योजना बनाई गई , जो वर्ष 2020-21 में चालू होगी।

6-8% राख़ अनुसंधान एवं विकास के लिए कोयला धुलाई : आयात प्रतिस्थापन के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण होगा। आयातित कोयले में 8-12% राख़ होती है जबकि एमसीएल कोयला में सम्मिश्रण आधार पर 38-42% राख़ होती है। इसलिए, व्यवहार्यता विश्लेषण के लिए अनुसंधान एवं विकास की आवश्यकता है।

एमसीएल आने वाले वर्ष में चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों का सामना करेगा। हम एमसीएल की ओर से भारत की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति देश की अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भविष्य में अपने ऑफटेक

और उत्पादन में वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए, एमसीएल ने निम्नलिखित बहुमुखी कार्यनीतियों का प्रतिपादन किया है :

क) **झारसुगुड़ा-सरडेगा रेल लाइन का दोहरीकरण** : इस परियोजना में 53 कि. मी. की झारसुगुड़ा-सरदेगा रेल लाइन का दोहरीकरण, झारसुगुड़ा में डबल-लेग रेल फ्लाईओवर तथा और बरपाली
लूप में कुल 70 एमटीवाई की क्षमता वाले 7 संकेंद्रित रेल लाइन और 7 आरएलएस शामिल हैं। पूरी परियोजना की अनुमानित लागत रु. 2900 करोड़ है।

ख) **क्रिटिकल रेलवे लिंक** - देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने हेतु रेल द्वारा कोयले की निर्वाध आपूर्ति के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान देने के साथ आपकी कंपनी ने भारतीय रेलवे और ओड़िशा सरकार के साथ साझेदारी कर संयुक्त उद्यम / विशेष प्रयोजन माध्यम साधन यानि **एम.सी.आर.एल**. का गठन किया है। एमसीआरएल ने अंगुल-बलराम रेल लिंक की पहली परियोजना (चरण- ।) के रूप में 'इनर कॉरिडोर' के कार्य की शुरूआत की है। एमसीआरएल के माध्यम से चिन्हित परियोजनाएं है :

- **चरण-।** (क) : अंगुल-बलराम लिंक (लंबाई -13 कि.मी.)
- **चरण -।** (ख) : बलराम-जारपाड़ा कनेक्टिविटी जिसमें पुटुगड़िया-टेंटुलोई लिंक शामिल है (इनर कॉरिडोर) - 55 कि.मी.
- **चरण -II**: जरापाड़ा-बुधापंक वाया टेंटूलोई (आउटर कॉरिडॉर) – 136 कि.मी.

खदान बैकफील्ड क्षेत्र के माध्यम से 'Y 'कर्व की शिफ्टिंग के अतिरिक्त, झारसुगुड़ा-सरडेगा रेल लाइन का दोहरीकरण, लिंगराज एमजीआर साइडिंग के साथ देउलबेड़ा साइडिंग को जोड़ना, आदि कुछ प्रमुख रेल परियोजनाएँ एमसीएल द्वारा की जा रही है।

ग) **भूमि का अधिग्रहण और अधिकार** : वर्ष 2019-20 के दौरान, एमसीएल ने **519** हेक्टेयर भूमि पर भौतिक अधिकार प्राप्त किया है।
घ) **वाशरी की स्थापना**: - चरण-। में, उच्च राख वाले कोयले के किफ़ायती धुलाई के लिए कोयला वाशरी की संस्थापना हेतु सीआईएल के निर्णय के अनुरूप, एमसीएल के तीन कोयला वाशरी, हिंगुला वाशरी, लखनपुर में ईब-वैली वाशरी और जगन्नाथ वाशरी, प्रत्येक में 10 एमटीवाई क्षमता वाली वाशरी स्थापित करने का प्रयोजन है। लखनपुर क्षेत्र में ईब-वैली वाशरी (10 एमटीपीए) का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में अन्य दो वॉशरियों का निर्माण शुरू हो जाएगा।

ङ) वेब आधारित ऑन लाइन मॉनिटरिंग सिस्टम : मुख्यालय तथा क्षेत्रीय स्तर पर कोलनेट एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर के विभिन्न मॉड्यूल जैसे कि वित्तीय सूचना प्रणाली (एफ़आईएस), कार्मिक सूचना प्रणाली (पीआईएस), पेरोल, विपणन एवं विक्रय, सामग्री प्रबंधन प्रणाली, उत्पादन सूचना प्रणाली और उपकरण नियंत्रण प्रणाली कार्यरत हैं। कोलनेट एप्लिकेशन के सभी मॉड्यूल मुख्यालय स्थित केंद्रीय सर्वर पर कार्य कर रहे हैं। कोलनेट प्रणाली में कुछ विविध मॉड्यूल भी जोड़े गए हैं जिनमें बिल ट्रैकिंग सिस्टम, फाइल ट्रैकिंग सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक कैपिटल फंड मैनेजमेंट सिस्टम (ई-कैपेक्स), ऑनलाइन कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट सिस्टम, के साथ-साथ अनुबंधित श्रमिकों की तस्वीरों के साथ विस्तृत जानकारी पाने के लिए कार्मिक सूचना प्रणाली, उत्पादकता सुधार योजना के तहत भुगतान के लिए

प्रोत्साहन की गणना, आवधिक चिकित्सा परीक्षा, निविदाओं का विवरण और रु. 2 लाख से कम के संविदागत कार्य कोयलेनेट में हॉलिडे होम की ऑनलाइन बुकिंग आदि भी शामिल है।

च) प्रौद्योगिकी विकास : एमसीएल संस्था निर्माण में अग्रणी है और जब सरफेस माइनर के प्रयोग की या खरीद या अन्य संविदाओं के लिए निविदा की ई-मोड की बात हो, तो यह सीआईएल की अन्य अनुषंगी कंपनियों से अलग है। विस्फोट-मुक्त प्रौद्योगिकी का उपयोग करके सरफेस माइनर के माध्यम से लगभग 92.5% कोयला उत्पादन किया जाता है। असफल बोलीदाताओं के लिए ईएमडी की ऑटो रिफ़ंड शुरू करने वाली एमसीएल भारत की पहली कंपनी है। एमसीएल कोलनेट के माध्यम से **ई-कैपिटल फंड मैनेजमेंट सिस्टम** को लागू करने और अनुरक्षण करने वाली भी पहली कंपनी है। एमसीएल सभी खानों में हायरिंग मोड पर 40-50 मीटर थ्रो की दूरी पर मोबाइल फॉग कैनन की शुरुआत करने वाली पहली कंपनी है। एमसीएल 37 केडब्ल्यू ब्लोअर फैन और 15 एचपी पंप वाले रॉबर्ट्स डिजाइन और विनिर्देशन के साथ 100 एमटीआर फिक्स थ्रो टाइप फॉग की खरीद करने वाली पहली कोयला कंपनी भी है। एमसीएल पुन: रोबोटिक नोजल की शुरुआत करने वाली पहली कोल कंपनी है, जो धूल के दमन / अग्निशमन / हाइड्रोलिक दबाव के माध्यम से हार्ड कटाई, आदि के लिए एक अभिनव डिजाइन है।

छ) नवोन्मेष प्रकोष्ठ (इनोवेशन सेल) की स्थापना : सर्वोत्तम अभ्यासों के साथ पर्यावरण अनुकूल और सतत खनन हेतु नवीन आधुनिक प्रौद्योगिकियों और प्रणाली की शुरुआत के लिए, आपकी कंपनी ने इनोवेशन सेल की स्थापना की है, जिसने कंपनी के समक्ष आने वाली समस्याओं के नवीन समाधान के लिए काम करना शुरू कर दिया है।

- **<u>ओपरेटर इंडिपेंडेंट ट्रक डिस्पैच सिस्टम (ओआईटीडीएस)</u>** :
- एमसीएल की तीन खुली परियोजनाओं यानि बलराम, लिंगराज और भरतपुर ओसीपी में संस्थापित ओआईटीडीएस सफलतापूर्वक चल रहे हैं।। ओआईटीडीएस के उपकरण के साथ कुल 137 एचईएमएम लगाए गए हैं।

- **सीसीटीवी निगरानी प्रणाली**

- आपकी कंपनी ने एमसीएल मुख्यालय, बुर्ला के कार्यालय परिसर में 71 कैमरों का सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित किया है, जिसका उपयोग कॉर्पोरेट कार्यालय की सुरक्षा बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।
- आपकी कंपनी ने सभी क्षेत्रीय / केंद्रीय भंडार, एमसीएल के केंद्रीय कार्यशालाओं में 376 कैमरों के सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित किए हैं। एमसीएल के सभी क्षेत्रों में एमसीएल के विभिन्न परियोजनाओं में विभिन्न असुरक्षित स्थानों पर जैसे - सभी खदानों के प्रवेश और प्रस्थान द्वार पर , कोल स्टॉक, कोल सैम्पलिंग लैब्स आदि कई स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।
- आपकी कंपनी ने 21 रेलवे साईडिंग में 42 सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं।
- आपकी कंपनी ने 90-इन-मोशन और स्टैटिक रोड बे-ब्रिजों पर स्टिल-शॉट आईपी कैमरे लगाए हैं।
- एमसीएल-मुख्यालय के केंद्रीय वीटीएस और कोलनेट सर्वर पर इन-मोशन और स्टेटिक बे-ब्रिजों (जो आंतरिक परिवहन के लिए उपयोग किया जाता है) से वेबमेंट डेटा को ऑनलाइन प्रेषित किया जा रहा है।

- आपकी कंपनी ने एक व्यापक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की स्थापना के लिए पहल की है, जिसमें खानों के प्रवेश / निकास, द्वार पर बारूद गृह एचईएमएम कार्यशालाओं, डीजल वितरण स्टेशनों और अनधिकृत गतिविधि की संभावना को कम करने के लिए, परियोजनाओं के अन्य कमजोर बिंदुओं पर सुरक्षा बढ़ाने तथा अनाधिकृत कर्मियों एवं वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए 2188 कैमरे शामिल हैं।

- **मोबाइल सीयूजी सुविधा :** 24x7 असीमित संचार को न्यूनतम लागत पर सक्षम बनाने हेतु ओड़िशा राज्य में एमसीएल के सभी संगठनों की विभिन्न इकाइयों में सेवा प्रदान करने के लिए एमसीएल के सभी अधिकारियों, जेसीसी सदस्यों, प्रमुख कर्मचारियों, रेलवे साइडिंग अधिकारियों, सुरक्षा कर्मियों, बचाव ब्रिगेड कार्मिकों और खान बचाव स्टेशनों के ड्राइवरों, को **मोबाइल सीयूजी सुविधा** प्रदान की गई है, जिससे एमसीएल के संचार के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सके। मौजूदा सीयूजी योजनाओं को कंपनी को किसी भी अतिरिक्त वित्तीय लागत के बिना सभी अधिकारियों को असीमित डेटा और बात करने के लिए उन्नत किया गया है।
- **आधार सक्षम बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम (एईबीएएस) :** भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम और सीआईएल के एचआर विजन 2020 के साथ, आपकी कंपनी ने एमसीएल मुख्यालय, एमसीएल कार्यालय, भुवनेश्वर, एमसीएल कार्यालय, कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय, परियोजना कार्यालयों, एमटीकेएस में एईबीएएस स्थापित किया है, जो एमसीएल के सभी उपस्थिति स्थानों को शामिल करता है। सभी उपकरणों के लिए अतिरेक के साथ इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। एमसीएल में एईबीएएस के लिए कुल 807 उपकरण लगाए गए हैं।

- तीव्र और अधिक जानकारीपूर्ण निर्णय लेने एवं 24x7 संचार और सूचना चैनल सुनिश्चित करने हेतु तथा ऑन-द-गो इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए आपकी कंपनी ने कार्यालय एवं आवासीय कार्यालयों में बीएसएनएल ब्रॉडबैंड/एफ़टीएचएच (घर तक फाइबर) के अलावा एमसीएल मुख्यालय के सभी निदेशकों, सीवीओ और विभागाध्यक्ष के अलावा कुछ अन्य अधिकारियों को **हाई स्पीड वायरलेस इंटरनेट हॉटस्पॉट** प्रदान किया हैं।

- **40 एमबीपीएस रेल टेल और 40 एमबीपीएस बीएसएनएल हाई स्पीड कनेक्टिविटी।**
- आपकी कंपनी द्वारा तीव्र और सुरक्षित संचार के लिए सभी भूमिगत परियोजनाओं में **भूमिगत संचार प्रणाली** स्थापित की गई है। विभिन्न भूमिगत परियोजनाओं में एनवायरनमेंटल टेली मॉनिटरिंग सिस्टम को भी बनाए रखा जा रहा है और इसे बढ़ाने के लिए कदम उठाए गए हैं।
- **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली :** प्रमुख प्रबंधन कार्मिक द्वारा त्वरित और सहयोगी निर्णय लेने तथा समय और लागत की बचत हेतु सीआईएल के निजी नेटवर्क के साथ-साथ इंटरनेट (सार्वजनिक नेटवर्क) पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठकें आयोजित करने के लिए एमसीएल मुख्यालय, संबलपुर और एमसीएल कार्यालय, भुवनेश्वर में एक एंटरप्राइज़ ग्रेड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। यह प्रणाली लाइसेंस प्राप्त उद्यम ग्रेड मल्टी कांफ्रेंस यूनिट और एमसीएल के क्लाइंट सर्वर पर चलती है, जो संसाधनों की गोपनीयता और उपलब्धता सुनिश्चित करती है। सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ-साथ एमसीएल कार्यालय,

भुवनेश्वर और कोलकाता में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम के लिए आपकी कंपनी 27 सेट्स वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एंड पॉइंट्स और संबंधित उपकरणों की खरीद द्वारा विस्तारित करने की प्रक्रिया में है।

- ❖ **पोर्टल आधारित एप्स का विकास : i)** विभिन्न सिविलियन, ईएसएम और पीएपी अनुबंधों के तहत अपनी क्षमता के अनुसार टिपर, पे लोडर और सरफेस माइनर के क्षेत्रवार / यूनिट-वार और शिफ्ट वार नियुक्ति की निगरानी के लिए (ii) कर्मचारियों के लिए शिकायत दर्ज करने एवं निवारक प्रणाली हेतु तथा (iii) आईटी एसेट ट्रैकिंग एंड ब्रेकडाउन मॉनिटरिंग सिस्टम के लिए विभिन्न पोर्टल आधारित ऐप विकसित किए जा रहे हैं।

- ❖ **सीएसआर सॉफ्टवेयर मॉड्यूल का विकास :–** सीएसआर गतिविधियों की बेहतर निगरानी के लिए एक नए मॉड्यूल की योजना बनाई जा रही है ताकि सीएसआर गतिविधियों के लिए निर्धारित राशि के उपयोग की निगरानी आसान हो सके। मॉड्यूल को मुख्यालय और क्षेत्रों में किए गए विभिन्न सीएसआर गतिविधियों के विभिन्न चरणों की रियल टाइम की निगरानी के लिए मौजूदा कोलनेट एप्लिकेशन के साथ मॉड्यूल को एकीकृत किया जाना चाहिए।
- » **एसएपी ईआरपी का कार्यान्वयन :** पहले चरण में एमसीएल में एसएपी ईआरपी को कार्यान्वित किया गया है तथा इसमें (1) विपणन एवं विक्रय , (2) सामग्री प्रबंधन (3) संयंत्र रखरखाव, (4) मानव संसाधन प्रबंधन , (5) वित्त (अकाउंटिंग एंड कंट्रोलिंग), (6) उत्पादन योजना, (7) परियोजना प्रणाली की गतिविधियां शामिल होगी। ईआरपी टीम के गठन जैसी सभी आवश्यक गतिविधियाँ जिनमें विषय –वस्तु विशेषज्ञ, कोर टीम के सदस्य, प्रशिक्षण, मास्टर डेटा तैयारी आदि शामिल हैं, चल रही हैं।

ग्राहक संतुष्टि : एमसीएल ने विभिन्न पावर हाउसों के साथ-साथ अन्य उपभोक्ताओं की उपभोक्ता संतुष्टि को पूरा करने हेतु विभिन्न आकार और गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति के लिए कई उपाय किए हैं। वर्ष के दौरान किए गए उपाय इस प्रकार हैं:

1. उपभोक्ता संतुष्टि में सुधार के लिए विभिन्न उपभोक्ताओं के साथ नित्य चर्चा की जाती है।
2. साइडिंग पर कोयला लदान प्रणाली के साथ ही साथ कोयला विश्लेषण प्रयोगशालाओं में व्यक्तिगत रूप से जाँच और पर्यवेक्षण हेतु उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जाता है ।
3. बेहतर पारदर्शिता और उपभोक्ता संतुष्टि को सुनिश्चित करने के लिए, सीआईएमएफ़आर और क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) क्रमशः बिजली क्षेत्र और गैर-विनियमित क्षेत्र के उपभोक्ताओं के कोयला डिस्पैच के नमूने के लिए संलग्न हैं। वर्तमान में लगभग 70% कोयला प्रेषण तीसरे पक्ष के नमूने के जांच के तहत आते हैं और शेष उपभोक्ताओं को इसके लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।
4. विभिन्न क्षेत्रों में कुल दस कोयला विश्लेषण प्रयोगशालाएँ हैं जिनमें, ईब-वैली, लखनपुर, ओरिएंट, बसुंधरा, जगन्नाथ, लिंगराज, भरतपुर, हिंगुला, तालचेर और कनिहा प्रमुख है। ईब वैली, भरतपुर, जगन्नाथ, हिंगुला, कनिहा और लखनपुर क्षेत्रों की छह कोयला विश्लेषण प्रयोगशालाओं को एनएबीएल मान्यता प्राप्त है। लिंगराज क्षेत्र के कोयला विश्लेषण प्रयोगशाला के एनएबीएल मान्यता के लिए आवेदन को सफलतापूर्वक एनएबीएल आधिकारिक पोर्टल में प्रस्तुत किया गया है। बसुंधरा और ओरिएंट क्षेत्र की कोयला विश्लेषण प्रयोगशालाओं के लिए एनएबीएल मान्यता प्राप्त करने हेतु आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

5. इस वर्ष के दौरान, कोयले के निष्कर्षण की चयनात्मक खनन विधि को जारी रखा गया और कोयले की गुणवत्ता को बनाए रखने में मदद करने वाले कोयले के सीम से रिजेक्ट (अस्वीकार) को अलग कर दिया गया। सरफेस माइनर के माध्यम से लगभग 92.5% उत्पादन प्राप्त किया गया।
6. ग्राहकों को (-) 100 मिमी आकार के कोयले की आपूर्ति के लिए उचित व्यवस्था की गई है। इसके लिए, पारंपरिक मोड द्वारा निकाले गए कोयले को रेल, बेल्ट और एमजीआर द्वारा प्रेषण के लिए सीएचपी और एफबी द्वारा क्रश किया गया।
7. **कोरोना के दौरान उपभोक्ताओं को छूट :** भुगतान का समय 1-2 महीने बढ़ा दिया गया है, लिफ्टिंग वैलिडीटी बढ़ा दी गई है, सड़क से रेल परिवर्तन की सुविधा दी गई है, सभी प्रकार के उपभोक्ताओं के लिए साख पत्र सुविधा बढ़ा दी गई है, ई-नीलामी में प्रीमियम समाप्त कर दिया गया है, आयात प्रतिस्थापन आदि को प्रोत्साहित करने हेतु पावर हाउसों के लिए एसीक्यू से परे मात्रा से कार्य-निष्पादन प्रोत्साहन को हटा दिया गया है।

8. **आयात प्रतिस्थापन :** वर्तमान में कोयले का आयात करने वाले दक्षिण भारतीय पावर प्लांट्स और एनआरएस उपभोक्ता से इस तर्क के आधार पर संपर्क किया गया है कि एमसीएल के महत्त्वपूर्ण अवस्थापन के कारण एमसीएल का कोयला जीसीवी लैंडेड लागत विश्लेषण पर आयातित कोयले के साथ अधिक तुलनीय है। वे एमसीएल कोल के साथ आयात प्रतिस्थापन के लिए सहमत हुए हैं। निकट भविष्य में डीजल और पेट्रोल चालित वाहनों को इलेक्ट्रिक चालित वाहन से बदल दिया जाएगा और इससे ईंधन तेल के आयात की आवश्यकता कम होगी और विदेशी मुद्रा की बहुत बचत होगी।

4. पर्यावरण पहल: -

आपकी कंपनी ने पूरे सीआईएल में 42% की औसत उपलब्धि की तुलना में 92.5 % के बराबर पर्यावरण हितैषी सरफेस माइनर द्वारा सर्वोच्च मात्रा में कोयले का उत्पादन किया है। परिवहन में भी आपकी कंपनी ने पर्यावरण हितैषी माध्यम रेल, वाहन, वाशरी मोड के माध्यम से 74% कोयले का और शेष 26% सड़क के माध्यम से कोयले का प्रेषण किया है। आवासीय क्षेत्रों में धूल, प्रदूषण को कम करने के लिए, घनी आबादी वाले क्षेत्रों को छोड़कर अलग अलग कोयला गलियारे के निर्माण हेतु आपकी कंपनी ने आवश्यक कदम उठाएं हैं ।

नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करने हेतु आपकी कंपनी ने आनंद विहार, बुर्ला, संबलपुर में 02 मेगावाट फोटोवोल्टिक सौर ऊर्जा संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित किया है और यह 22 लाख इकाई/वर्ष की बिजली का उत्पादन कर रहा है।

पर्यावरण संधारणीय कोयला खनन को बढ़ावा देने के लिए निदेशक तकनीकी (परियोजना और योजना), एमसीएल के नियंत्रण में 'सतत विकास प्रकोष्ठ '(एसडीसी) का गठन एमसीएल स्तर पर किया गया है।
सतत विकास प्रकोष्ठ में होने वाली गतिविधियों के रूप में अन्य बातों के साथ साथ निम्नानुसार शामिल हैं :

1. प्रभावी धूल दमन हेतु एमसीएल की सभी खुली खदानों में, प्रत्येक परियोजना में कम से कम 01 **मोबाइल फॉग कैनन का नियोजन**।

2. वैगन लोडिंग संचालन के दौरान और खदान कार्य क्षेत्र में प्रभावी धूल दमन हेतु कोयले के रेलवे साइडिंग में और सभी खानों / क्षेत्रों के ओबी फेसेस पर न्यूनतम 100 मीटर थ्रो की **निश्चित प्रकार के फॉग कैनन का नियोजन।**
3. पक्की सतहों और सड़क के किनारों आदि से धूल की निकासी के लिए हायरिंग के आधार पर सभी खानों में **मैकेनिकल रोड स्वीपर का नियोजन।**

2. बलांडा, जगन्नाथ और भरतपुर साउथ क्वैरी में परित्यक्त क्वैरी की **खदानों में सुधार**- फ्लाई ऐश के निपटान और इको-पार्क / पिकनिक स्पॉट में इन क्षेत्रों के विकास साथ ही पर्याप्त उथले जल निकायों के निर्माण के माध्यम से। बलांडा क्वैरी के 218 हेक्टेयर को 1 मीटर मृदाभरण और वृक्षारोपण द्वारा भरकर सुधारा जा रहा है।
3. मनोरंजक सुविधाएं, एयर स्ट्रिप आदि के साथ जैव-विविधता-सह-इको पार्क के रूप में **रानी पार्क का निर्माण** ताकि यह पूरे तालचेर कोलफील्ड के लिए कार्बन सिंक के रूप में और आर्थिक गतिविधियों तथा आय सृजन के साथ एक पर्यटक स्थल के रूप में भी कार्य कर सके जिससे कि यह संधारणीय मॉडल बन जाए।
4. सतत और पर्यावरण अनुकूल कोयला परिवहन मॉडल बनाने के लिए लिंगराज एमजीआर से चैनपाल फ्लाईओवर तक **कोल कॉरिडोर रोड का फ्लाईओवर / बाय-पास का निर्माण।**
5. **ईब कोलफील्ड्स में अलग कोल कॉरिडोर** - सार्वजनिक सड़कों / रेल लाइनों के साथ कोई क्रॉसिंग नहीं और सार्वजनिक सड़कों के साथ कोई विलय नहीं।
6. डंप के ढलान क्षेत्र के जैविक पुनर्ग्रहण के लिए **हाइड्रो सीडर्स की खरीद / हायरिंग।**

बेहतर तरीके से मानव उपभोग के लिए खदान के पानी का उपयोग करने हेतु कई कदम उठाए गए हैं। डिस्पोजेबल खदानों / खदानों में संग्रहीत ओपन कास्ट परियोजनाओं के अधिशेष जल का उपयोग एचईएमएम की धुलाई, धूल दमन, अग्निशमन और जलभृत के पुनर्भरण जैसे उद्देश्यों के लिए किया जाता है। समुदाय को पेय, कृषि, वानिकी, तालाबों के पुनर्भरण आदि के लिए आपूर्ति हेतु अधिशेष भूमिगत खदान के पानी का उपयोग किया जा रहा है।

पर्यावरण के लिए कंपनी की चिंता को ध्यान में रखते हुये

- एमसीएल ने (पर्याप्त भौतिक सुधार के बाद) बाहरी डंप तथा बैकफिल क्षेत्रों में साथ ही साथ खदान में अन्य भूमि और रास्ते के खाली भाग में मिश्रित स्वदेशी प्रजाति के पौधों का रोपण किया है।
- आरंभ से अब तक वृक्षारोपण (1992-93 से 2019-20 तक) **59.929 लाख** है (तालचेर कोलफील्ड्स - 21.7088 लाख, ईब वैली कोलफील्ड्स -31.385 लाख, मुख्यालय तथा सरकारी भूमि में – 6.836 लाख)।
- एमसीएल ने अपने सरकारी भूमि में तथा इसके आसपास के संचालित जिलों - अंगुल, झारसुगुड़ा, संबलपुर, खोरधा और सुंदरगढ़ में शहरी वृक्षारोपण के माध्यम से हरियाली में सुधार के अपने दायरे का विस्तार किया है, जिसमें डीएफ़ओ द्वारा सदाबहार पौधे, बरगद, महुआ, जामुन, पीपल, आम, कटहल, इत्यादि लगाए जाते हैं।
- 2-3 वर्ष के बाद आवश्यक भूमि पर **फलदार वृक्ष जैसे** बीजरहित जामुन, अमरूद, ड्रैगन फल, अनार, आम, पपीता, नींबू, आदि का रोपण।
- जैविक सब्जियों और फलों आदि को उगाने के लिए पुनः प्राप्त / सम्मिलित भूमि पर **पॉली हाउस।**
- आसपास के गांवों / कस्बों में **फल दायक पेड़ों का वितरण।**
- **मैंग्रोव का विकास।**
- टीक , साल, महागुनि, आदि जैसे **इमारती पौधे।**

- **औषधीय पौधे** जैसे - प्रतापगढ़ आंवला, हर्रे, बहेड़ा, अश्वगंधा, आदि।
- अग्निशमन और धूल दमन के लिए **रोबोटिक नोजल**।
- अग्निशमन और धूल दमन और अन्य बहुउद्देशीय उपयोगों के लिए **क्वाडराजेट नोजल**।

5. सुरक्षा (सेफ़्टी)

एमसीएल में खदानों और इनमें कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता दी जाती है। उत्पादन के उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सुरक्षा के मामलों में कोई समझौता नहीं किया जाता है। 'शून्य दुर्घटना' लक्ष्य के साथ, आपकी कंपनी नियमित रूप से तैयार होकर एवं योजना बनाती है तथा स्वयं को सुसज्जित करती है। इस दिशा में हमारे प्रयासों में अन्य बातों के साथ उचित सुरक्षा उपकरण प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं विकास उपलब्ध कराना और सुरक्षा से संबंधित अनुपालन की सख्त निगरानी शामिल है। आपकी कंपनी अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने हेतु प्रयासरत है और किसी भी खनन कार्य में सुरक्षा मानकों के साथ वह कभी समझौता नहीं करती । इसके अलावा, खनन कार्य के दौरान किसी भी अप्रत्याशित घटना पर काबू पाने के लिए, आपकी कंपनी ने अपने सभी बचाव स्टेशनों को पूरी तरह से सुसज्जित किया है और पर्याप्त प्रशिक्षित बचाव कर्मी तैनात किए हैं। आपकी कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि सुरक्षा और उत्पादकता को अलग नहीं किया जा सकता । निदेशकों की रिपोर्ट के प्रासंगिक हिस्से में "सुरक्षा और बचाव" शीर्षक के तहत विस्तृत आंकड़े प्रदान किए गए हैं।

कंपनी के शून्य दुर्घटना के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए आपकी कंपनी ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षित वातावतरण प्रदान करने हेतु अनेक उपाय किए हैं ।

6. निगमित प्रशासन (गवर्नेंस)

एमसीएल भारत सरकार के लोक उद्यम विभाग (सी.पी.एस.ई.) द्वारा समय समय पर जारी सार्वजनिक उपक्रमों के लिए निगमित प्रशासन के दिशानिर्देशों मे अनुबंधित शर्तो को पूरा करता है। कथित दिशानिर्देशों और प्रावधानों के तहत, निदेशकों की रिपोर्ट में कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर एक अलग खंड जोड़ा गया है और कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन का प्रमाण पत्र कार्यरत कंपनी सचिव से प्राप्त किया गया है बोर्ड के कामकाज में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकता के अनुसार सचिवीय लेखा परीक्षा आरंभ की गई है। सचिवीय लेखा-परीक्षा रिपोर्ट निदेशकों के रिपोर्ट के अंश के रूप में संलग्न है।

7. सीएसआर एवं कोविड पहल :

एक जिम्मेदार सार्वजनिक कॉर्पोरेट होने के नाते, एमसीएल ने अपने सीएसआर के माध्यम से राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकासात्मक उद्देश्यों में योगदान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शन को जारी रखा है, जो कि कंपनी अधिनियम 2013 में सीएसआर को लागू करने का अंतर्निहित सिद्धांत है।

एमसीएल ने अपनी सीएसआर पहल के माध्यम से समुदाय बनाम कंपनी के संतुलन को बनाए रखा है।

क. **<u>कोविड -19 संकट से निपटने के लिए तैयारी :</u>**

क) एमसीएल ने ओड़िशा सरकार के साथ भुवनेश्वर में 25 आईसीयू और महत्वपूर्ण इकाइयों के साथ 500 बेड के कोविड अस्पताल तथा 6 आईसीयू बेड सहित 150 बेड के एमसीएल तालचेर कोविड अस्पताल की भी स्थापना की तथा अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के लिए त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इन दो विशिष्ट कोविड अस्पतालों का उद्घाटन माननीय श्री नवीन पटनायक जी, ओड़िशा के मुख्यमंत्री, माननीय धर्मेन्द्र प्रधान जी, केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री, माननीय श्री प्रह्लाद जोशी जी, कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री द्वारा किया गया था।

ख) तालचेर, अंगुल जिले में 108 आइसोलेशन बेड, लखनपुर में 50 आइसोलेशन बेड और ब्रजराजनगर, झारसुगुडा जिले में 04, बसुंधरा, सुंदरगढ़ जिले में 02 आइसोलेशन बेड, संबलपुर जिले में 90 आइसोलेशन बेड हैं। इस प्रकार, एमसीएल के कमांड जिलों में कोरोना के संदिग्ध मामलों के अलगाव और संगरोध के लिए कुल 254 बेड तैयार किए गए।

ग) जिलाध्यक्ष, झारसुगुड़ा से प्राप्त अनुरोध के अनुसार एमसीएल द्वारा पांच आईसीयू वेंटिलेटर का क्रय किया जा रहा है।

घ) एमसीएल ने अपने कर्मचारियों और संविदा कर्मियों को लगभग 4,70,000 मास्क और 6,630 लीटर हैंड सैनिटाइज़र वितरित किए हैं। प्रत्येक इकाई के प्रवेश द्वार पर सैनिटाइज़र और सोप डिस्पेंसर उपलब्ध कराया गया है, थर्मल स्कैनर्स के माध्यम से कार्मिकों की निगरानी और सामाजिक दूरी सहित अन्य सभी सावधानियों का अभ्यास कराया जा रहा है।

ङ) अंगुल जिला प्रशासन के कोविड योद्धाओं के लिए रु 3.77 लाख की वाहन सुविधा।

च) संबलपुर में कोविड -19 आइसोलेशन सुविधा में रु .18.63 लाख का टॉयलेट-वॉशरूम इनेबल पोर्ट केबिन।

छ) बसुंधरा क्षेत्र द्वारा सुंदरगढ़ में प्रवासी श्रमिक के लिए रु 3.49 लाख का आश्रय गृह।

ज) लखनपुर अस्पताल में रु 83.09 लाख की लागत से कोविड केंद्र और लखनपुर अस्पताल में रु. 44.40 लाख की लागत के 5 वेंटिलेटर।

झ) फंसे हुए प्रवासी परिवारों के लिए रु..23.31 लाख के 5,000 अन्न के पैकेट ।

ञ) कोविड अस्पताल, तालचेर में रु. 0.39 लागत के वॉल माउंटेड फैन उपलब्ध कराना।

ट) कोविड अस्पताल, तालचेर में रु. 1.72 लाख की लागत से स्टाफ आवास में हाउसकीपिंग सेवाएं।

ख. <u>अन्य सीएसआर गतिविधियां :</u>

कंपनी ने स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पाइप जलापूर्ति, ग्रामीण सामुदायिक विकास और स्वच्छता पर भारी निवेश किया है। विगत कई वर्षों से ओड़िशा राज्य में कार्पोरेशनों द्वारा किए गए सर्वाधिक सीएसआर व्यय के मामले में एमसीएल ने अपने शीर्ष स्थान को बनाए रखा है।

वर्ष 2019-20 में कंपनी ने रु 156.5 करोड़ के वार्षिक सीएसआर बजटीय आवंटन के बावजूद रु. 157 करोड़ खर्च किया है।

तालचेर में मेडिकल कॉलेज-सह-अस्पताल के निर्माण का वर्ष पूरा हुआ, जो एमसीएल की रु. 492 करोड़ की प्रमुख फ्लैगशिप सीएसआर परियोजना है। कंपनी 500 बेडेड अस्पताल और 100 सीट वाले मेडिकल कॉलेज के संचालन की प्रक्रिया में है।

पाइप्ड जलापूर्ति योजनाएँ कंपनी की सिग्नेचर सीएसआर प्रोजेक्ट हैं, जहाँ कंपनी का रु. 74 करोड़ के निवेश के साथ तीन मेगा परियोजनाओं के माध्यम से तालचेर कोयला क्षेत्र में 81 गाँवों में पाइप्ड पानी उपलब्ध कराने का इरादा रखती है। वर्ष 2019-20 में 38.35 करोड़ का भुगतान किया गया है। एक परियोजना पूरी हो गई है और दो परियोजनाओं ने वर्ष 2019-20 में क्रमशः 60% और 70% प्रगति दिखाई है।

एमसीएल ने 58 करोड़ की परियोजना लागत के साथ ओड़िशा के 232 रेलवे स्टेशनों के निकटवर्ती क्षेत्रों में प्रीफैब शौचालय परिसरों की स्थापना के लिए राइट्स और पूर्व तट रेलवे के साथ एक संयुक्त समझौता ज्ञापन में प्रवेश किया।

2019-20 में, एमसीएल ने स्कूली शिक्षा (5.30 करोड़) और स्वास्थ्य देखभाल (4.85 करोड़) के थीम क्षेत्रों में आकांक्षी जिलों में 10.15 करोड़ की लागत वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी।

भारत सरकार स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण की वार्षिक थीम पर खर्च किए गए 60% सीएसआर की अनुशंसा करती है। एमसीएल ने थीम क्षेत्रों पर 71% व्यय किया है।

वर्ष 2019-20 में गैर-लाभकारी संगठनों के साथ साझेदारी में किए गए दो ग्रामीण विकास परियोजनाओं में तेजी से प्रगति देखी गई।

क) 'ग्राम विकास' के साथ 'मन्त्र' परियोजना: इस परियोजना का लक्ष्य झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ जिले के 5 गांवों में 364 घरों के लिए पाइप्ड जल आपूर्ति के साथ टॉइलेट एवं बाथरूम की व्यवस्था करना है।

ख) 'बीएआईएफ़' के साथ 'सीसीडीपी-उत्थान' परियोजना: यह कृषि-बागवानी विकास और मवेशी पालन कार्यक्रम पर 20 करोड़ की 5 साल की सतत आजीविका परियोजना है। यह अंगुल, झारसुगुड़ा, संबलपुर और सुंदरगढ़ जिलों के 40 गांवों को लाभान्वित करता है।

वर्ष 2019-20 में, स्वास्थ्य, पेयजल और स्वच्छता के राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में योगदान हेतु कंपनी को भारत के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

ओड़िशा राज्य में कॉर्पोरेट्स द्वारा सामुदायिक सेवा में कंपनी सबसे आगे रही है। कंपनी ने एक बुकलेट 'एनरिचिंग लाइव्स, इम्पैक्टिंग कम्युनिटीज़' प्रकाशित की है, जिसमें सीएसआर परियोजनाओं के उच्च प्रभाव को दर्शाया गया है।

आगामी 10 वर्षों में एमसीएल के कोलफील्ड्स के आसपास के क्षेत्रों में विकास हेतु डीएमएफ़ संग्रह तथा राज्य प्राधिकरण को जमा राशि लगभग 10,000 करोड़ रुपये (तालचेर – रु. 6000 करोड़ और ईब वैली – रु. 4,,000 करोड़) होने की संभावना है, जिसका उपयोग निम्नलिखित हेड के तहत आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए किया जाना है :

- पेयजल
- स्वास्थ्य
- महिला एवं बाल कल्याण
- शिक्षा
- आजीविका और कौशल विकास
- वृद्ध और दिव्यांगों का कल्याण
- स्वच्छता

ग्राम समृद्धि योजना :

वर्ष भर में पूरे परिवार के 4 सदस्यों के लिए भूमि के एक बहुत छोटे से टुकड़े से पोषण संबंधी आवश्यकता को सुनिश्चित करने हेतु, ग्रामीण समुदाय के बीच जैविक खेती को बढ़ावा देने की एक पहल, 'परियोजना आहार मंडल'को लागू करने के लिए एमसीएल ने दिनांक 27.04.2020 को कृषि विकास के क्षेत्र में काम करने वाली एक स्वैच्छिक संस्था, ग्राम समृद्धि ट्रस्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह मॉडल हेमगीर ब्लॉक के 10 गांवों में लागू किया जा रहा है। आहार मंडल 'प्राकृतिक कटाई के माध्यम से जैविक साधन अपनाकर **30 फुट की परिधि वाली भूमि के एक गोल टुकड़े में बगीचे के रूप में सब्जियों के एक बाग़ उगाने** के संबंध में है जो लागत प्रभावी, आसानी से अपनाने योग्य और टिकाऊ है। इस परियोजना का उद्देश्य जैविक खेती को बढ़ावा देना और पोषण की आवश्यकता के संबंध में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को आत्मनिर्भर बनाना है। परियोजना से 200 अजा / अजजा परिवारों को लाभ मिल रहा है। परियोजना की लागत रु. 23,39,366/- है।

यह गरीबी दूर कर, मानव विकास संकेतकों में सुधार करेगा तथा इलाके के परिदृश्य को बदल देगा। भविष्य में, एमसीएल की कोयला खदानों में विशाल जलाशय होंगे, जो स्थानीय लोगों की पेयजल आवश्यकता को पूरा करेंगे। एमसीएल खदानों में और उसके आसपास के क्षेत्रों में पानी की कोई कमी नहीं होगी। हमें आशा है कि खनन के दौरान और खनन के बाद, लगभग 2099 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी (तालचेर में 1211 मिलियन क्यूबिक मीटर और ईब-वैली में 888 मिलियन क्यूबिक मीटर) निकाला जाएगा। इस तरह के विशाल जलाशय के निर्माण के लिए रु. 14,688.45 करोड़ रुपये की बचत के अलावा यह प्रतिवर्ष रु. 1.06 करोड़ लोगों को लाभान्वित करेगा।

9. **अपेक्षा**

हमें उम्मीद है कि जिस प्रकार हम अपने संसाधनों और क्षमताओं का निर्माण कर रहे हैं उससे आने वाले वर्षों में निश्चित रूप से हमें और अधिक सफलता मिलेगी और लगातार ऐसा करते हुए हम राष्ट्र की उम्मीद सहित अपने असंख्य हितधारकों की उम्मीदों को पूरा कर सकते हैं।

10. **अभिस्वीकृति** –

मैं कंपनी के सभी शेयर धारकों, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, कोल इंडिया लिमिटेड, विभिन्न केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों,राज्य सरकार के अधिकारियों, प्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों, सभी कर्मचारियों तथा उनके संघों, हमारे मूल्यवान ग्राहकों, आपूर्तिकर्ता और मीडिया के प्रति उनके समर्थन और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

ह/-

(बी. एन. शुक्ला)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध-निदेशक

(डीआईएम: 05131449)

<u>निदेशक-प्रतिवेदन</u>

सेवा में,
शेयरधारको,
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड,

प्रिय शेयरधारको,

मुझे निदेशक मण्डल की ओर से कंपनी की 28वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ दिनांक 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित लेखों के साथ सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ प्रस्तुत करते हुए काफी हर्ष का अनुभव हो रहा है।

आपकी कंपनी ने सभी मोर्चों में उत्कृष्टता प्राप्त की है। उत्पादकता, कोयला उत्पादन, ओबी और प्रेषण में यह वर्ष भी सफल रहा।

2.1 संगठन

<u>क्षेत्रों, खदानों आदि का संगठन</u>:

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड संगठन में 2 कोलफील्ड्स शामिल है जिसमें बुर्ला में स्थित मुख्यालय के साथ 4 प्रचालन भूमिगत खदान एवं 15 खुली खदान को शामिल कते हुए 12 खनन क्षेत्र, 02 केन्द्रीय कर्मशालाएँ, एमसीएल कार्यालय, कोलकाता तथा एमसीएल कार्यालय, भुवनेश्वर शामिल है।

संचालन क्षेत्र निम्नवत हैं:

क तालचेर कोलफील्ड्स
(i) जगन्नाथ क्षेत्र
(ii) भरतपुर क्षेत्र
(iii) हिंगुला क्षेत्र
(iv) लिंगराज क्षेत्र
(v) कनिहा क्षेत्र
(vi) सुभद्रा क्षेत्र
(vii) तालचेर क्षेत्र (भूमिगत)

ख ईब वैली कोलफील्ड्स
(i) लखनपुर क्षेत्र
(ii) ईब वैली क्षेत्र
(iii) बसुंधरा क्षेत्र
(iv) महालक्ष्मी क्षेत्र
(v) ओरिएंट क्षेत्र (भूमिगत)

तालचेर कोलफील्ड्स में एक केन्द्रीय कर्मशाला और नेहरू शताब्दी केन्द्रीय चिकित्सालय है, वहीं ईब वैली कोलफील्ड्स में इसका एक केन्द्रीय कर्मशाला और केन्द्रीय चिकित्सालय है।

3. <u>एमसीएल की अनुषंगी और सहायक कंपनियाँ</u>:
<u>3.1 एमजेएसजे कोल लिमिटेड</u>

एमजेएसजे कोल लिमिटेड को एमसीएल की संयुक्त उद्यम कंपनी के रूप में 13 अगस्त, 2008 को गोपालप्रसाद ओसीपी के लिए शामिल किया गया था तथा इसके पास 60% शेयर था। भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने दिनांक 25.08.2014 के निर्णय और दिनांक 24.09.2014 के आदेश में उत्कल ए कोल ब्लॉक के आवंटन को एमजेएसजे के लिए अवैध घोषित किया और उसके आवंटन को रद्द कर दिया।

3.2 एमएनएच शक्ति लिमिटेड

एमएनएच शक्ति लिमिटेड को एमसीएल की संयुक्त कंपनी के रुप में तलाबीरा – II एवं III ओसीपी के लिए दिनांक 16 जुलाई, 2008 को शामिल किया गया तथा इसके पास 70% शेयर था। भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने दिनांक 25.08.2014 के निर्णय और दिनांक 24.09.2014 के आदेश में तलाबीरा II एवं तलाबीरा III कॉल ब्लॉक के आवंटन को एमएनएच शक्ति लिमिटेड के लिए अवैध घोषित किया और उसके आवंटन को रद्द कर दिया।

3.3 महानदी बेसिन पावर लिमिटेड

महानदी बेसिन पावर लिमिटेड का गठन 02 दिसम्बर, 2011 को किया गया था एवं दिनांक 06.02.2012 को आरओसी द्वारा व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिए इसे प्रमाणपत्र दिया गया था। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड और नामिनियों के 100% शेयर के साथ एमबीपीएल की स्थापना एसवीपी के रुप में की गई है साथ ही बसुंधरा क्षेत्र में पिट हेड पावर संयंत्र के माध्यम से 2X800 मेगावाट क्षमता की बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। 31.03.2020 को शेयर पूंजी पाँच लाख रुपये थी।

3.4. महानदी कोल रेलवे लिमिटेड

दिनांक 20, मई 2015 को इडको, एमसीएल और इरकॉन के मध्य हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार 31 अगस्त, 2015 को महानदी कोल रेलवे लिमिटेड नामक संयुक्त उद्यम का गठन किया गया जिसमें एमसीएल, इरकॉन और इड्को की भागीदारी का अनुपात क्रमश: 64:26:10 है जिसे ओड़िशा में खदान से कोयले के निकासी हेतु कठिन मानी जाने वाली कोल संबद्धता के लिए दोहरी, तिहरी लाइन, यातायात सुविधा प्रोजेक्ट सहित निर्माण, संरचना, संचालन और अभिरक्षण के लिए रेल कॉरीडोर प्रोजेक्ट के रूप में जानी जाती है। 31.03.2020 को महानदी कोल रेलवे की शेयर पूंजी पाँच लाख रुपये थी।

वित्तीय वर्ष 2019-20 में एमसीएल का उपलब्धि।

क. कोयला का उत्पादन :

क) एमसीएल ने कोयले के उत्पादन में मार्च,2020 माह में 19.25 एमटी के उत्पादन के साथ 6.21 लाख टन/ दिन के औसत उत्पादन के साथ पिछले वर्ष के औसत उत्पादन 5.83 लाख टन/ दिन के मुकाबले एक नयी ऊँचाई हासिल किया।

ख) एक दिन में (30 मार्च को)10.82 लाख टन का उच्चतम कोयला उत्पादन।

ग) एमसीएल दिसंबर से मार्च तक के अंतिम चार महीनों में 65.51 एमटी की उच्चतम दर प्राप्त किया, साथ ही पिछले वर्ष की 58.81 एमटी की उपलब्धि पर 6.7 एमटी की वृद्धि दर्ज की गई है।

घ) एमसीएल ने इको-फ्रेंडली सर्फेस माइनर के माध्यम से 129.1 एमटी (92%) का उच्चतम कोयला उत्पादन किया, जो सीआईएल की सभी सहायक कंपनियों में सर्वाधिक है।

ख. कोल ऑफ-टेक:

क) रेक की कम आपूर्ति एवं कोरोना प्रभाव के बावजूद एमसीएल ने दिसंबर से मार्च के आखिरी चार महीनों में 52.14 एमटी का उच्चतम कोयला प्रेषण किया है, साथ ही पिछले वर्ष 50.01 एमटी. के मुकाबले इस वर्ष 2.13 एमटी. की वृद्धि दर्ज की गई है।

ख) एमसीएल ने सीआईएल की सभी सहायक कंपनियों के मध्य इको-फ्रेंडली मोड्स जैसे रेल,एमजीआर और बेल्ट के माध्यम से 74% की उच्चतम बढ़त हासिल की।

ग) नई लिंगराज साइडिंग और एक्सेस रोड का निर्माण किया गया था जिसमें एनटीपीसी अतिरिक्त 16,000 टन/दिन का परिवहन करेगी।

घ) नई छारला साइडिंग का संचालन किया गया जिसके माध्यम से लगभग 25,000 टन/दिन कोयला ओपीजीसी को आपूर्ति की जाती है/

ङ) एमसीएल द्वारा प्रेषण की सुविधा के कारण ओसीपीएल से संबंधित मनोहरपुर खदान में कोयले का उत्पादन और निकासी प्रारंभ हुआ। एमसीएल ने लगभग रु.84 करोड़ का भुगतान करके कनिका से 0.51 एमटी की दर से कोयला प्राप्त किया।

च) साइडिंग तक कोयला परिवहन बढ़ाने के लिए सार्वजनिक सड़क के साथ प्रमुख क्रॉसिंग पर चार अंडरपास का संचालन किया जाता है।/

छ) कोल कॉरिडोर हिंगुला ओसीपी में संचालन योग्य बनाया गया जिसके परिणामस्वरूप साइडिंग्स के कोयला परिवहन में वृद्धि हुई।

ग. <u>**ओबी निष्कासन**</u>:

क) एमसीएल दिसंबर से मार्च तक के अंतिम चार महीनों में 62.7 एम क्यु.मी. ओबी निष्कासन का उच्चतम दर प्राप्त किया, साथ ही पिछले वर्ष की 50.9 एम.क्यु.मी. की उपलब्धि पर 11.8 एम क्यु.मी. की वृद्धि दर्ज की गई है।

ख) एमसीएल अपनी स्थापना के बाद दिनांक 22 जनवरी 2020 को प्रतिदिन 6.63 लाख क्यु.मी. का उच्चतम ओबी निष्कासन किया।

घ. <u>**प्रमुख भूमि बाधा मुद्दों का समाधान**</u>:

i. भुवनेश्वरी ओसीपी: दिनांक 11 अक्टूबर, 2019 को नरहरीपुर रोड का उत्खनन हुआ। दिनांक 20 नवम्बर,2019 को तलसाही (बिश्वाल परिवार) का भूमि की खुदाई की गई।

ii. लखनपुर ओसीपी : दिनांक 17 अक्टूबर 2019 को अधिकार में ली गई जमीन- खदान 6 की शुरुआत किया गया था।

iii. जगन्नाथ ओसीपी : दिनांक 18 अक्टूबर 2019 को 15 अस्थायी मकान का निष्कासन किया गया। दिनांक 25.10.2019 को ओबीआर के लिए निविदा जारी की गई।

iv. हिंगुला ओसीपी: दिनांक 29 अक्टूबर 2019 को 43 घरों से निष्कासन करके भालुगड़िया नाइकशाही की जमीन पर दखल कर लिया गया। दिनांक 12 दिसंबर 2019 को पटना साही पैच को शुरू हुआ।

v. बेलपहाड़ ओसीपी: दिनांक 7 अक्टूबर 2019 को नई क्वारी केरुलबहाल शुरू हुआ।

vi. कुल्डा ओसीपी : दिनांक 29 अक्टूबर 2019 को तुमुलिया रोड खोदा गया।

vii. लिंगराज ओसीपी: डेरा-कांधल रोड शिफ्ट, लैंगिजोडा भूमि और सुभासनाइक भूमि 20 नवंबर 2019 को ली गई।

viii. कनिहा ओसीपी : दिनांक 15 नवंबर 2019 को कंसमुंडा की 8 एकड़ जमीन को ले लिया गया। दिनांक 6 दिसंबर 2019 को जरदा पैच 80 मीटर की अनुमति दी गई।

ix. समलेश्वरी ओसीपी : सुखवासी मुद्दे का निपटान कर दिनांक 10 नवंबर 2019 को 15 एकड भूमि अधिकृत की गई।

x. लजकुरा ओसीपी : दिनांक 15 नवंबर 2019 को छुआलीबेरेना ओबी डंपिंग का मुद्दा हल हुआ।

xi. अनंता ओसीपी : 8 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर पेड़ की कटाई की अनुमति दी गई है।

xii. बलराम ओसीपी : अक्टूबर 2019 में रोड शिफ्टिंग और भूमि पर कब्जा। पुलिस बल की मदद से कोल कॉरिडोर रोड 4 किलोमीटर की दोजिंग किया गया ।

xiii. भरतपुर ओसीपी : अक्टूबर में नाकीपसी और दनारा पैच में रोड शिफ्टिंग और भूमि पर कब्जा।

1. अन्य विशेषताएँ:

क) सियारमल 50 एमटीपीए, एमडीओ दस्तावेज तैयार, एमसीएल बोर्ड की स्वीकृति और निविदा 30 मार्च 2020 को प्रकाशित।

ख) लिंगराज ओसीपी में 20 एमटीपीए की साइलो लोडिंग सिस्टम का निर्माण और कमीशनिंग किया गया था।

ग) तालचेर कोलफील्ड्स के व्यापक विकास योजना (सीडीपी) के लिए आईआईटी, खड़गपुर को काम दिया गया था।

घ) गर्जनबाहल ओ.सी.पी. में रिकॉर्ड समय में सरफेस माइनर की खरीद और परिनियोजन रिकार्ड समय यानी मात्र 6 दिनों के भीतर।

ङ) सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनियों के मध्य एक वर्ष में 22 लाख इकाइयों की क्षमता के सौर ऊर्जा का अधिकतम उत्पादन

च) एमसीएल द्वारा सीएसआर गतिविधियों में लगभग रु.157 करोड़ खर्च किए गए जो रु.156.5 करोड़ के बजटीय व्यय से अधिक है अर्थात, 100% उपलब्धि जो कि सीआईएल की सभी सहायक कंपनियों में सबसे अधिक है।

छ) हार्ड रॉक के बिस्फोट मुक्त निष्कासन के लिए एक्सेंट्रिक या समतुल्य वर्टिकल रिपर को भर्ती के आधार पर पेश किया जाना है, जिसके लिए निविदा पहले ही मंगाई जा चुकी है।

ज) प्रभावी धूल अवरोध के लिए, हर खदान में फॉग कैनन स्थापित किए गए

i. किराए के आधार पर मोबाइल ट्रक मौंटेड फॉग कैनोन्स (संख्या 14 – 40 मीटर थ्रो)

ii. फिक्स टाइप फॉग कैनोन्स की खरीद (संख्या 14 – 100 मीटर थ्रो) /

iii. अभिनव रोबोटिक नोजल की खरीद (संख्या 3 – 70 मीटर थ्रो)

ङ. **कोविड-19 संकट का मुकाबला करने के लिए तैयारी:**

क) एमसीएल द्वारा ओड़िशा सरकार और सुम अस्पताल के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया और 500 बिस्तरवाले COVID के साथ 25 आईसीयू और महत्वपूर्ण देखभाल इकाइयां स्थापना की गई तथा भुवनेश्वर में कला चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति की स्थापना की गई।

ख) तलचेर, अंगुल जिले में 108 आइसोलेशन बेड, लखनपुर में 50 आइसोलेशन बेड और ब्रजराजनगर, झारसुगुडा जिले में 04, बसुंधरा, सुंदरगढ़ जिले में 02 आइसोलेशन बेड, संबलपुर जिले में 90 आइसोलेशन बेड हैं। इस प्रकार, एमसीएल नियंत्रित जिलों में कोरोना के संदिग्ध मामलों के लिए तैयार कुल 254 बेड।

ग) कलेक्टर, झारसुगुडा से के अनुरोध पर एमसीएल द्वारा पांच आईसीयू वेंटिलेटर खरीदे जा रहे हैं ।

घ) लगभग 70,633 मास्क और 3052 लीटर हैंड सैनिटाइज़र पहले से ही अपने कर्मचारियों और ठीका कर्मियों को वितरित किए गए हैं। प्रत्येक इकाई के प्रवेश द्वार पर सैनिटाइज़र और साबुन डिस्पेंसर उपलब्ध कराया गया है, थर्मल स्कैनर्स के माध्यम से श्रमिकों की निगरानी और सामाजिक दूरी सहित अन्य सभी सावधानियों का अभ्यास किया जा रहा है।

ङ) अंगुल जिला प्रशासन के कोविड योद्धाओं के लिए रु.3.77 लाख की सुविधा।

च) संबलपुर में कोविड -19 के लिए एकांतवास की सुविधा हेतु रु.18.63 लाख का सक्षम टॉयलेट-वाशरूम सहित पोर्टा केबिन सक्षम।

छ) बसुंधरा क्षेत्र द्वारा सुंदरगढ़ में प्रवासी मजदूरों के लिए रु.3.49 लाख का आश्रय गृह ।

ज) लखनपुर अस्पताल में रु.83.09 लाख के लागत से कोविड केंद्र और रु.44.40 लाख का 5 वेंटीलेटर लखनपुर अस्पताल में आपूर्ति ।

झ) फंसे हु ए प्रवासी परिवारों के लिए रु.23.31 लाख रुपये के 5,000 अन्न के पैकेट ।

ञ) कोविड अस्पताल,तालचेर में **रु.**0.39 लाख का वॉल माउंटेड पंखे की आपूर्ति ।

ट) कोविड अस्पताल तालचेर के लिए **रु.**1.72 लाख के हाउसकीपिंग सेवाओं और कर्मचारियों के आवास की आपूर्ति ।

4. उत्पादन कार्य-निष्पादन -

(**क**) पिछले वर्ष के लक्ष्य और उपलब्धि की तुलना में वित्त वर्ष 2019-20 के लिए एमसीएल का उत्पादन कार्य निष्पादन नीचे दिया गया है:

उत्पादन	**2019-20**		**2018-19**		**लक्ष्य के मुक़ाबले उपलब्धि का %**	**गत वर्ष से % वृद्धि**
(i) कोयला (मिलियन टन)	**एमओयू /एएपी लक्ष्य**	**वास्तविक**	**एमओयू /एएपी लक्ष्य**	**वास्तविक**		
खुली खदान	159.10	139.522	150.50	143.28	87.7	-2.62
भूमिगत	0.90	0.836	1.00	0.871	92.9	-4.07
कुल कोयला (खुली खदान + भूमिगत)	**160.00**	**140.358**	**151.50**	**144.151**	**87.72**	**-2.63**
(ii) ओबीआर (मि.घन मीटर)	**160.00**	**124.514**	**157.00**	**130.002**	**77.82**	**-4.22**

(ख) एमसीएल का पिछले वर्षो (**2019-20** सहित**)** उत्पादन कार्य-निष्पादन निमन्वत है **:**

(i) एम.सी.एल. का कुल कोयला उत्पादन (आंकड़े मि.टन)

वित्तीय वर्ष	**लक्ष्य**	**उपलब्धि**	**गत वर्ष की वृद्धि**		**उपलब्धि (%)**
			वास्तविक	**%**	
2015-16	150.00	137.90	16.52	13.61	91.9
2016-17	167.00	139.21	1.31	0.95	83.4
2017-18	150.00	143.06	3.85	2.76	95.4
2018-19	151.50	144.15	1.09	0.76	95.1
2019-20	160.00	140.36	-3.79	-2.63	87.7

(ii) सरफेस माइनर द्वारा कोयला उत्पादन (आंकड़े मि.टन.):

वित्तीय वर्ष	उत्पादन	गत वर्ष की वृद्धि		कुल कोयला उत्पादन का सरफेस माइनर द्वारा कोयला उत्पादन का प्रतिशत
		वास्तविक	%	
2015-16	125.68	18.87	17.7	91.1
2016-17	127.81	2.13	1.7	91.8
2017-18	130.89	3.08	2.4	91.5
2018-19	133.80	2.91	2.2	92.8
2019-20	**129.10**	**- 4.71**	**-3.5**	**92.0**

कोयले का उत्पादन एमओयू/एएपी लक्ष्य का 87.7% है जिसमें पिछले वर्ष से (-)2.63% की वृद्धि हुई है। ओबी की निकासी एमओयू/एएपी लक्ष्य का 77.8% है, जिसमें पिछले वर्ष से (-)4.2 % की वृद्धि हुई है। एमओयू/एएपी लक्ष्य में कमी आने के मुख्य कारण निम्न है –

(क) कोयला और ओबी की कमी के खुली खदान यूनिट-वार प्रमुख कारण:

जगन्नाथ ओसीपी	राकस बस्ती में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 15 भूमिहीन परिवारों के कारण कम कोल सीम एक्सपोज़र, 18 अक्टूबर, 2019 को स्थानांतरित कर दिया गया था। ओबी अनुबंध केवल 10 दिसंबर 2019 के बाद दिया जा सकता था, लेकिन ओबीआर ठेकेदार का कम कार्यनिष्पादन और उत्खनकों की गैर विश्वसनीयता के कारण नहीं दिया जा सका ।
भरतपुर ओसीपी	नकेईपासी, पद्मावतीपुर तथा दाशरथीपुर के बचे हुए पीएएफ़ के स्थानांतरित नहीं होने के कारण भूमि की कमी। 23 जुलाई 2019 को 4 संविदाकर्मियों की घातक दुर्घटना, फलस्वरूप स्थानीय ग्रामीणों तथा राजनीतिक पार्टियों द्वारा एमसीएल में वर्धित मुआवज़े तथा रोजगार की मांग करते हुए बंद का आयोजन। दुर्घटना के बाद डीजीएमएस द्वारा धारा 22 लगाए जाने पर कोयला उत्पादन में रोक। दुर्घटना के बाद 02 महीने खदान की पूर्ण तालाबंदी तथा ओबी संविदा की समाप्ती, फलस्वरूप बहुत कम कोल सीम एक्सपोजर।
लिंगराज ओसीपी	कार्य क्षेत्र में कई दोष;और लंगीजोड़ा ग्राम के 15 पीएएफ के स्थानांतरण में देरी के कारण भूमि बाधा।पोटहोलिंग घटना के लिए 2 दिनों के लिए तेलीसाही के ग्रामीणों द्वारा बाधा दिया जाना।
कनिहा ओसीपी	जर्दा ग्रामीणों के पुनर्वास मुद्दे के कारण भूमि बाधा जिसका अभी भी निपटान किया जाना बाकी है। गोपालजी परियोजना में भूमि की क्षति के लिए रोजगार का दावा करने वाले अदैतप्रसाद और जमनिया के ग्रामीणों द्वारा बंद। जर्दा, कंसमुंडा, जमनिया और अदैतप्रसाद के ग्रामीणों द्वारा लगातार अवरोध। लगभग पिछले 06 महीनों से ओबीआर प्रभावित है। ओबीआर 24 जुलाई -8 वीं सितंबर, 2019 से ठेकेदार द्वारा नियोजित स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पूरी तरह से बंद कर दिया गया। ठेकेदार द्वारा उनके आंतरिक मुद्दे के लिए फ्लीट की गैर / कम नियोजन के कारण 06 दिनों के लिए ओबी निष्कासन प्रभावित।
हिंगुला ओसीपी	भालुगड़िया बस्ती (नाइक साही और पटना साही) के स्थानांतरण में देरी के कारण भूमि बाधा। 12 दिसंबर, 2019 तक नाइक साही और पटना साही को खाली कर दिया गया। हिंगुला यात्रा समारोह के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ। मानकों से परे रोजगार की मांग करते हुए भालुगड़िया और सोलादा के ग्रामीणों द्वारा लगातार बंद.
लजकुरा ओसीपी	27 सितंबर, 2019 मेसर्स सिकल को ओबीआर अनुबंध रद्द करने के कारण, सितंबर, 2019 से 20 मार्च, 2020 तक कोई भी ओबीआर अनुबंध नहीं होने के कारण कोल सीम एक्सपोज़र गंभीर रूप से प्रभावित हुआ। पूर्व में मेसर्स सिकल ने सितंबर'19 से अपने संचालन को रोक दिया था। सीमित मोड के साथ-साथ ओपन मोड में ओबीआर निविदा सफल नहीं हो सकी, किराया मोड पर उत्खनकों का नियोजन भी भी दो बार विफल रहा। 29 फरवरी, 2020 को सीमित निविदा 90 दिनों के लिए पुनः आमंत्रित किया गया जिसे मार्च, 2020 के पहले सप्ताह में प्रदान किया गया। 20 मार्च, 2020 को ओबीआर ठेकेदार द्वारा काम शुरू किया गया।
समलेश्वरी ओसीपी	चिंगड़ीगुड़ा और जामकानी के भूमिहीन अतिक्रमणकारियों / सुखवासियों की शिफ्टिंग में देरी। 11 जून, 2019 से ओबी अनुबंध बंद हो जाने के कारण बहुत कम कोल सीम एक्सपोज़र हुआ। 11 नवंबर 2019 को चिंगड़ीगुडा ग्राम में सुखवासियों के कुछ आवास संरचनाएँ तोड़ दी गईं और 15 हेक्टेयर जमीन को कब्जे में ले लिया गया। इसके बाद, 15 दिसंबर, 2019 से ओबी अनुबंध कार्य फिर से शुरू हुआ लेकिन 60,000/ दिन के दर के स्थान पर मात्र 20,000 के आसपास प्रदान किया गया।
कुल्डा ओसीपी	तुमुलिया रोड के स्थानांतरण में देरी के कारण भूमि की बाधा। तुमुलिया सड़क को आखिरकार 29 अक्टूबर, 2019 को खोद दिया गया।

(ख) कोयला उत्पादन और ओबीआर को प्रभावित करने वाले अन्य प्रमुख कारण:

(1) भरतपुर और लजकुरा ओसीपी - सभी वैकल्पिक संभव तरीकों को अपनाने के बावजूद 6 महीने के लिए कोई ओबीआर अनुबंध नहीं।

(2) समलेश्वरी ओसीपी - ओबीआर ठेकेदार का बहुत खराब प्रदर्शन।

(3) जगन्नाथ ओसीपी - ओबीआर अनुबंध पुलिस कार्रवाई की मदद से भूमि पर कब्जा करने के बाद ही प्रदान किया जा सकता है।

(4) भरतपुर ओसीपी में घातक दुर्घटना के बाद 24 जुलाई 19 से 6 अगस्त तक पूरे तालचेर कोलफील्ड में बंद।

(5) कोयला खनन क्षेत्र में 100% एफडीआई के विरोध के कारण 23 सितंबर 2019 को बीएमएस और 24 सितंबर, 2019 को ऑल सेंट्रल ट्रेड यूनियन द्वारा बंद आह्वान के कारण 23 और 24 सितबर को संपूर्ण एमसीएल में बंद।

(6) राकस ग्राम में 15 झोपड़ियों को हटाने के दौरान तालचेर सुरक्षा मंच के अध्यक्ष की गिरफ्तारी के कारण और 28 और 29 अक्टूबर को, भलूगड़िया बस्ती निष्कासन से पुलिस द्वारा माननीय विधायक को हिरासत में लेने के कारण 18 और 19 अक्टूबर, 2019 को तालचेर बन्द ।

(7) जगन्नाथ, अनंता, भुवनेश्वरी, भरतपुर, लिंगराज, कनिहा, हिंगुला, बलराम, समलेश्वरी, लखनपुर, बेलपहाड़ और कुल्डा ओसीपी में कुल 15 ओसीपी में से 12 ओसीपी में भूमि अवरोध।

(8) ईब कोलफील्ड्स - असामान्य वर्षण के कारण कोयला उत्पादन तथा ओबीआर प्रभावित। असामान्य वर्षण यथा – अगस्त, 18 के 400 मिमी के जगह अगस्त, 19 में 595 मिमी, सितंबर, 18 के 165 मिमी की जगह सितंबर,19 में 282 मिमी तथा अक्टूबर,18 में वर्षा न होने के स्थान पर अक्तूबर, 19 में 165 मिमी। 18-19 के 1341 मिमी के मुक़ाबले 19-20 में 1536 मिमी की वर्षा वृद्धि पायी गयी।

(9) तालचेर कोलफील्ड्स – अक्तूबर, 19 अधिक वर्षण के कारण कोयला उत्पादन प्रभावित, जैसा अक्तूबर,18 के 122 मिमी के मुक़ाबले में अक्तूबर, 19 में 170 मिमी वर्षण।

(10) जून, 19 के प्रथम पखवाड़े में वज्राघात के साथ गरजदार वर्षण तथा पावरकट एवं जनवरी'20, फरवरी'20 तथा मार्च'20 में आई आकस्मिक वर्षा ने भी कोयला उत्पादन को प्रभावित किया।

(11) जिला प्रशासन द्वारा 30 अप्रैल 19 से ग्रीष्मकालीन प्रतिबंध (सुबह 11:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे) लगाया गया था, जो 15 जून, 19 के प्रथम पखवाड़े में समाप्त हो गया था।

(12) हिंगुला यात्रा शुरू होने के कारण 18 और 19 भी को उत्पादन प्रभावित हुआ।

(13) आम चुनाव की तिथि पर मतदान के कारण उपस्थिती कम रही। 18 अप्रैल, 19 – झारसुगुड़ा तथा सुंदरगढ़, 23 अप्रैल, 19 – तालचेर कोलफील्ड्स।

(14) 3 अप्रैल, 19 को एक राजनीतिक पार्टी की राजनीतिक रैली से पूरे तालचेर कोलफील्ड्स का उत्पादन प्रभावित; 4 अप्रैल, 19 को अन्य राजनीतिक पार्टी की राजनीतिक रैली ने कनिहा ओसीपी को प्रभावित किया।

(iii) एमसीएल का ओबी निष्कासन (आंकड़ें मिमी^{3} में)

			गत वर्ष से वृद्धि		% शत उपलब्धि बनाम लक्ष्य
वित्तीय वर्ष	लक्ष्य	वास्तविक	पूर्ण	%शत	
2015-16	115.00	98.41	9.19	10.30	85.6
2016-17	150.00	123.34	24.93	25.33	82.2
2017-18	160.00	138.18	14.84	12.03	86.4
2018-19	157.00	130.00	-8.18	-5.92	82.8
2019-20	**160.00**	**124.51**	**-5.49**	**-4.22**	**77.8**

5. उत्पादकता

5.1 आपकी कंपनी ने उत्पाद प्रति मैनशिफ्ट (ओएमएस) के संदर्भ में उत्पादकता भी प्राप्त की है जो निम्नवत है:

(टन/मैनशिफ्ट में आंकड़ें)

	2019-20		2018-19		
	एएपी लक्ष्य **(बजटीय)**	वास्तविक	वास्तविक	% उपलब्धि बनाम लक्ष्य	% गत वर्ष से वृद्धि
खुली खदान	34.85	26.74	28.75		
भूमिगत	0.84	0.87	0.82		
सर्वसंकुल	28.40	22.73	23.83		

5.2 2019-20 के दौरान ओएमएस 23.73 टन/मैनशिफ्ट था।

ओएमएस की गणना का विवरण निम्नानुसार है:

क्रमांक		**2019-20**	**2018-19**	गत वर्ष से वृद्धि
1	ओसी ओएमएस	26.74	28.75	(6.99)
2	यूजी ओएमएस	0.87	0.82	6.35
3	ओसी के लिए समायोजित एम/एस (लाख)	52.18	49.836	4.70
4	यूजी का मैनशिफ्ट (लाख)	9.58	10.665	(10.15)
क	**सर्वसंकुल ओएमएस का कुल मैनशिफ्ट**	**61.759**	**60.501**	**2.08**
6	ओसी कोल(लाख टन)	1395.218	1432.803	(2.62)
7	यूजी कोल (लाख टन)	8.357	8.711	(4.06)
ख	**कुल कोयला (लाख टन)**	**1403.575**	**1441.514**	**(2.63)**
8	**सर्वसंकुल ओएमएस (बी/ए)**	**22.73**	**23.83**	**(4.62)**
9	फॉर्मूला ओएमएस			
	यूजी =	कोयला उत्पादन / वास्तविक मैनशिफ्ट		
	ओसी =	कोयला उत्पादन + (1.4 x ओबी उत्पादन) / वास्तविक मैनशिफ्ट x (1+(1.4xएसटी अनुपात))		
	कुल =	यूजी में कोयला उत्पादन + ओसी में कोयला उत्पादन / यूजी में मैनशिफ्ट + ओसी का समायोजित मैनशिफ्ट		
10	समायोजित मैनशिफ्ट(ओसी के लिए खनन वार) =	कोयला उत्पादन/ ओएमएस		
		1395.218+8.357	1432.803+8.711	
		52.18+9.58	49.836+10.665	
		1403.575	1441.514	
		61.759	60.501	
		22.73	**23.83**	

6. एचईएमएम की संख्या और कार्यनिष्पादन -

6.1 सीएमपीडीआईएल द्वारा निर्धारित लक्ष्य को दर्शाते हुए फ्लीट की ताकत के साथ एचईएमएम की उपलब्धता और उपयोग का विवरण तथा उपलब्धि नीचे दी जा रही है:

I. प्राप्त की गई उपलब्धता तथा उपयोगिता % (आंकड़े पूर्णांक में):

क्र.	उपकरण	के अनुसार संख्या		% उपलब्धता			% उपयोगिता		
		31.03.20	31.03.19	अप्रैल'19 से मार्च'20	अप्रैल '18 से मार्च'19	सीएमपीडीआईएल मानदंड	अप्रैल'19 से मार्च'20	अप्रैल '18 से मार्च'19	सीएमपीडीआईएल मानदंड
1	ड्रैगलाइन	01	01	84	98	85	04	0	73
2	शौवेल	61	78	70	69	80	28	28	58
3	सरफेस/माइनर	17	20	85	84	--	41	47	--
4	डंपर	279	342	77	73	67	20	21	50
5	डोजर	135	116	70	72	70	25	25	45
6	ड्रिल	81	87	81	82	78	16	21	40
कुल		**574**	**644**						

II. <u>प्राप्त कार्य समय</u>:

क्रमांक	उपकरण	समय (घंटे)	
		2019-20	**2018-19**
1	ड्रैगलाइन	290	24
2	शौवेल	148997	172711
3	सरफेस/माइनर	59621	71243
4	डंपर	414091	451440
5	डोजर	174782	192442
6	ड्रिल	53497	73253

III.

क) सरफ़ेस माइनर और डम्पर की प्राप्त उपलब्धता पिछले वर्ष की तुलना में तथा सीएमपीडीआई मानदंडों से भी अधिक है। प्राप्त डोजर की उपलब्धता सीएमपीडीआई मानदंड के बराबर और ड्रिल की उपलब्धता सीएमपीडीआई मानदंड से अधिक है।

ख) 1 अप्रैल से 15 जून तक गर्मियों के दौरान 11.00 बजे से 3.30 बजे तक समय की पाबंदी परियोजनाओं के संचालन को बंद करना एचईएमएम के उपयोग को प्रभावित करता है और उत्पादन पर इसका प्रभाव लगभग 2% है।

ग) भरतपुर ओसीपी की ड्रैगलाइन कार्यफेस की अनुपलब्धता के कारण पूरे वर्ष बेकार रही। एमसीएल में ड्रेगलाइन के लिए कार्यफेस नहीं है।

- शोवेल और डोजर का उपयोग पिछले वर्ष के समान ही है। पिछले वर्ष की तुलना में डम्पर का उपयोग कम हुआ है।
- **उपयोग को प्रभावित करने वाले कारण –**

  1) विशेषकर तालचेर कोलफील्ड में कानून और व्यवस्था की समस्या।,

  2) 24 जुलाई, 2019 से 06 अगस्त, 2019 तक तालचेर कोलफील्ड में विभिन्न संगठनों द्वारा काम को पूरी तरह बंद करना। भरतपुर ओसीपी में 67 दिनों के लिए काम बंद था।

  3) नवंबर 2019 तक जगन्नाथ, हिंगुला ओसीपी में भूमि संबंधी मुद्दे।

  4) बेलपहाड़, समलेश्वरी ओसीपी में लगातार जमीन की कमी।

  5) मैसर्स एचईसी द्वारा आपूर्ति की गई 10 सह शोवेल का खराब प्रदर्शन और बीईएमएल बीई 1600 शोवेल बनाते हैं।

  6) लगातार और अतिवृष्टि से उपकरणों का उपयोग बुरी तरह प्रभावित हुआ।

IV. उपलब्धता और उपयोगिता बढ़ाने के लिए उठाए गए कदम -

क) एचईएम से दैनिक उत्पादन और उनके कार्य घंटों का क्षेत्रीय स्तर और मुख्यालय स्तर पर बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है।

ख) एचईएमएम का समय पर सर्वे ऑफ करना और ऐसे सर्वे ऑफ किए गए उपकरणों के खिलाफ प्रतिस्थापन खरीद कार्रवाई।

ग) अनिवार्य आवश्यकता के प्रस्थापन हेतु विभिन्न फ्लोट उप-असेंबली जैसे इंजन, प्रसारण और अन्य असेंबली को मुख्यालय और सीडबल्यूएस में बनाए रखना।

घ) ओईएम द्वारा नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करके नए मॉडल उपकरणों के संचालन और रखरखाव के लिए तकनीकी कौशल में सुधार करना।

ङ) मानसून अवधि से पहले दुर्गम सड़कों का रखरखाव।

च) संचालक के सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नए एचईएमएम जो खरीदे जा रहे हैं, वे वातानुकूलित केबिनों से सुसज्जित हैं।

छ) एमसीएल प्रबंधन द्वारा विभिन्न मंचों पर भूमि अधिग्रहण तथा कानून और व्यवस्था की समस्याओं को उठाया जा रहा है।

ज) विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में भू-विस्थापित जैसी अकुशल जनशक्ति को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

V. एचईएमएम के भंग की स्थिति :

उपकरण	संख्या		भंग > 3 महीने	
	31.03.20 के अनुसार	31.03.19 के अनुसार	31.03.20 के अनुसार	31.03.19 के अनुसार
ड्रैगलाइन	01	01	00	00
शोवेल	61	78	06	04
सरफेस माइनर	17	20	01	01
डंपर	279	342	38	55
डोजर	135	116	26	25
ड्रिल	81	87	19	10
एमसीएल कुल	574	644	90	95

ख. क्षमता उपयोगिता (खुली परियोजनाएं)

क्रमांक	विवरण	क्षमता (वर्ष के 1 अप्रैल के आधार पर)		गत वर्ष से वृद्धि
		2019-20	2018-19	-
1	विभागीय क्षमता (मि. क्यूब मी)	103.64	99.45	4.21%
2	प्रणाली क्षमता (मि. क्यूब मी)	322.05	269.56	19.47%
3	विभागीय उत्पादन (मि. क्यूब मी)	40.409	47.216	-14.42%
4	कुल उत्पादन (मि. क्यूब मी)	208.563	216.316	-3.58%
5	विभागीय क्षमता उपयोगिता	39%	47.5%	-17.89%
6	प्रणाली क्षमता उपयोगिता	64.76%	80.25%	-19.3%

8. ऊर्जा -

i) तालचेर कोलफील्ड्स : 31.0 एमवीए की अनुबंध मांग के साथ केद्रीय विद्यूत आपूर्ति उपयोगिता, ओड़िसा (सीईएसयू) के कमांड क्षेत्र के ओपीटीसीएल अंगुल सब-स्टेशन से 11 किलोमीटर लम्बे 132 केवी डबल सर्किट ओवर-हेड ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से नंदिरा कोलियरी 60 एमवीए (3X20 एमवीए), 132/133 केवी, ग्रिड सब-स्टेशन को बिजली प्रप्त हो रही है।

ii) ईब-वैली कोलफील्ड्स : 22.25 एमवीए की अनुबंध की मांग के साथ पश्चिम विद्यूत आपूर्ति, कंपनी, ओड़िशा (वेस्को) के कमांड क्षेत्र के ओपीटीसीएल बुधिपाड़ा सबस्टेशन से 19 कि.मी. लंबा 132 केवी डबल सर्किट ओवर हेड ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से जोराबाग, 52.5 एमवीए (2x20एमवीए +1X12.5 एमवीए) 132/33 केवी ग्रिड सबस्टेशन को बिजली प्राप्त हो रही है।

iii) बसुंधरा कोलफील्ड्स : 6 एमवीए की अनुबंध की मांग के साथ 220 केवी पर पश्चिमी विद्यूत आपूर्ति कंपनी , ओड़िशा (वेस्को) के कमांड क्षेत्र के तहत 33 कि.मी. लंबा 220 केवी ओवरहेड ट्रांसमिशन लाइन 40 एमवीए (2x20एमवीए) 220/33 केवी सबस्टेशन के द्वारा ओपीटीसीएल, बुधिपदार से बसुंधरा क्षेत्र को बिजली प्राप्त हो रही है।

8.4 **ऊर्जा की उपलब्धता**

पैरामीटर	2019-20	2018-19
अनुबंध मांग (एमवीए)	62.597	61.271
अधिकतम मांग (एमवीए) (वित्तीय वर्ष के दौरान महीने में उच्चतम)	62.071	60.44
उर्जा की खपत (मिलियन किलावाट)	313.69	311.65
कुल राशि (करोड़ रु.)	188.32	189.78
यूनिट मूल्य (रु./किलावाट)	6.00	6.09
विशिष्ट उर्जा खपत (किलोवाट/टन)	2.23	2.16
बिजली की विशिष्ट खपत समग्र उत्पादन के लिए) (कोयला + ओबी रिमूवल).किलोवाट/क्यूबिक मीटर	1.5	1.44
0.97 से अधिक पावर फेक्टर के रखरखाव के लिए पावर फेक्टर इनसेंटिव लाख रु. में	129.88	100.02
छूट की तारीख से पहले यानी हर महीने के 4 वें या 5 वें दिन के पहले बिजली के भुगतान पर लाख रु की छूट।	177.14	178.01

एमसीएल आनंद विहार कार्यालय के वाणिज्यिक भार को एमसीएल आनंद विहार कॉलोनी के आंतरिक ब हर के साथ मिला दिया गया है। एमसीएल आनंद विहार कॉलोनी की अनुबंध मांग 400 केवीए से बढ़ाकर 1400 केवीए कर दी गई है। एमसीएल आनंद विहार कार्यालय और कॉलोनी के लिए एकल बिलिंग अक्टूबर 2019 के महीने से शुरू हुई।

9. एमसीएल के प्रमुख भुमिगत उपकरणों की संख्या:

पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष के दौरान प्रमुख भूमिगत उपकरणों की संख्या और उनकी उपलब्धता यहाँ दी गई है :

क्रम	उपकरण का नाम	सूची में संख्या		2019-20		2018-19	
		2019-20	2018-19	% उपलब्धता	% उपयोगिता	% उपलब्धता	% उपयोगिता
1	एसडीएल *	10	14	82.11	21.73	91.39	14.34
2	एलएचडी *	21	27	66.53	39.30	56.35	36.47

भूमिगत उत्पादन	2019-20	2018-19
वास्तविक (मि.टन.)	0.84	0.87
लक्ष्य (मि.टन.)	0.90	1.00

एसडीएल और एलएचडी के लिए सूत्र सीआईएल मानदंड के अनुसार है

$$* \% \text{ उपलब्धता} = \frac{H_w + H_i}{H_s} \times 100$$

जहां,
H_w = *वास्तविक कार्य घंटे / वर्ष,*
H_i = *निष्क्रिय घंटे / वर्ष*
H_s = *शिफ्ट घंटे / वर्ष*

$$* \% \text{ उपयोगिता} = \frac{H_w}{H_s} \times 100$$

जहां,
H_w = *वास्तविक कार्य घंटे / वर्ष,*
H_s = *शिफ्ट घंटे / वर्ष*

9.2 **कोल हैंडलिंग संयन्त्रों, वेबब्रिज की संख्या और उनकी कार्यप्रणाली**

2018-19 के दौरान सीएचपी और फीडर ब्रेकरों से 8.90 मिलियन टन कोयले की तुलना में 2019-20 के दौरान 8.82 मिलियन टन कोयले को क्रश किया गया।

वर्ष	2019-20		2018-19	
	कटाव क्षमता (एमटीवाई)	क्रश किए गए कोयले (एमटी)	कटाव क्षमता (एमटीवाई)	क्रश किए गए कोयले (एमटी)
क्षमता बनाम कोयला कुचला गया	36.5	8.82	36.5	8.90
% संयंत्र की कटाई क्षमता का उपयोग	24.16		24.38	

एमसीएल के अधिकांश ओसीपी में सरफेस माइनर की शुरूआत के बाद, क्रशर / सीएचपी का उपयोग काफी हद तक कम हो गया और इस प्रकार इसे अतिरिक्त के रूप में उपयोग किया जाता है और जहां भी कोयला उत्पादन न्यून गुणवत्ता का पारंपरिक रूप से किया जाता है, उस मात्रा को केवल क्रश कर दिया जा रहा है। 2019-20 के दौरान कुल कोयला उत्पादन का 91.98% सरफेस माइनर द्वारा किया गया । एमसीएल में 2019-20 के दौरान रॉम (ROM) कोयला उत्पादन सिर्फ 10.42 मिलियन टन था। चूंकि क्रशिंग की क्षमता काफी अधिक है, इसलिए किसी भी नए क्रशर या फीडर ब्रेकर को आगे जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। पे लोडर लोडिंग न करने के लिए सड़क द्वारा बिक्री वाले ट्रकों से ट्रक लोडिंग सिस्टम की शुरुआत तथा सीएचपी के नवीकरण के लिए कार्रवाई की जा रही है।

9.2.1 इन सीएचपी के कार्यात्मक बिंदु निम्नानुसार हैं :-

प्रमुख सीएचपी

क्षेत्र	सीएचपी का स्थान	क्षमता (एमटीवाई)
जगन्नाथ	जगन्नाथ ओसीपी	2.0
भरतपुर	भरतपुर ओसीपी	3.5
कुल		5.50

मिनी सीएचपी / फीडर ब्रेकर

क्षेत्र	सीएचपी का स्थान	क्षमता (एमटीवाई)
जगन्नाथ	जगन्नाथ ओसीपी	4.0
	अनंता ओसीपी	7.0
हिंगुला	हिंगुला	2.0
	बलराम	4.0
ईब-वैली	लजकुरा ओसीपी	2.0
	समलेश्वरी ओसीपी	1.0
लखनपुर	बेलपहाड़ ओसीपी	2.0
लिंगराज	लिंगराज ओसीपी	6.0
बसुंधरा	बसुंधरा ओसीपी	1.0
	कुलडा ओसीपी	2.0
कुल		

9.2.3 कोयला प्रेषण सुव्यवस्थित करने के लिए एमसीएल की सभी प्रमुख खुले खदानों में सीएचपी / साइलो का निर्माण योजना के निष्पादन / निविदा / अंतिम रूप देने के विभिन्न चरणों में है।

एमसीएल में पूर्ण/जारी सीएचपी/साइलो परियोजनाएँ

क्रमांक	सीएचपी /साइलो विवरण	क्षमता	वर्तमान स्थिति
1	भरतपुर साइडिंग में साइलो के साथ कोल हैंडलिंग प्लांट	15 एमटीवाई	एमसीएल द्वारा संयंत्र के निर्माण कार्य को दिनांक 09.10.2018 पूरा किया गया गया। कार्य निष्पादन गारंटी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है और संयंत्र दिसंबर 2018 से परिचालन में है।
2	लिंगराज ओसीपी में कोयला परिवहन और एसएलओ लोडिंग की व्यवस्था	16 एमटीवाई	प्लांट का ट्रायल रन 25.04.2020 को पूरा हो चुका है। संयंत्र चालू है और परिचालन में है।
3	भुवनेश्वरी ओसीपी से साइलो तक स्पर साईडिंग –III के पास जगन्नाथ वाशरी के पास कच्चे कोयले का परिवहन	10 एमटीवाई	परियोजना की समग्र प्रगति 90.39 % है और दिसंबर, 2020 तक परियोजना के पूरा होने की उम्मीद है।
4	प्रस्तावित हिंगुला वाशरी के साथ ही साथ बलराम साईडिंग, हिंगुला क्षेत्र में साइलो व्यवस्था तक हिंगुला ओसीपी से पाइप कनवेयर द्वारा कोयला परिवहन।	10 एमटीवाई	परियोजना की समग्र प्रगति 33%. जुलाई 2021 तक परियोजना के पूर्ण होने की उम्मीद है।
5	ईब वैली वाशरी को कच्चे कोयले की आपूर्ति के लिए लखनपुर में साइलो के साथ कोल हैंडलिंग प्लांट और रैपिड लोडिंग सिस्टम।	10 एमटीवाई	दिनांक 01.03.2016 को जारी एनआईटी संख्या – 178 की निविदा रद्द कर दी गई थी, क्योंकि एनआईटी की आवश्यकता का पालन नहीं करने के कारण सभी भाग लेने वाले बोलीदाताओं को खारिज कर दिया गया था। हालाँकि खारिज की गई संशोधित एल -1 बोलीदाता (मूल एल -3 बोलीदाता) ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका दायर की। उड़ीसा उच्च न्यायालय के फैसले और बाद में सीएमडी द्वारा पारित आदेश के अनुसार, रद्दीकरण वापस ले लिया गया। टेंडर के आगे के मूल्यांकन के लिए बोली की वैधता के विस्तार के लिए एल-1 बिडर को कहा गया है। सीएमपीडीआई में नई निविदा के समानांतर कार्रवाई की तैयारी भी प्रक्रियाधीन है।

9.2.4 वेब्रिजों का विवरण

क्रमांक	वेब्रिज का प्रकार	2019-20	2018-2019
1	इलेक्ट्रोनिक रोड वेब्रीज (स्टेटिक)	112	99
2	इलेक्ट्रोनिक रोड वेब्रीज (इन-मोशन)	40	40
3	रेल वेब्रीज(इलेक्ट्रोनिक)	38	36

दोनों सिरों (साइडिंग्स और स्टॉकयार्ड) पर 100% वज़न सुनिश्चित करने के लिए, 100 टन का 34 इनमोशन रोड वेब्रिजों खरीद कार्रवाई के तहत हैं। इसके अलावा, अतिरिक्त वजन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए 100 टन क्षमता के 21 स्टैटिक रोड वेटब्रिज की खरीद की गई है जिसमें 16 को शुरू किया गया है और शेष 05 वेब्रिज प्रक्रिया के अधीन है। इसके अतिरिक्त, 140 टन वाले 15 रेल इन-मोशन वेब्रिज की खरीद की गई है। 15 में से, 8 वेब्रिज चालू किया गया है और 7 वेब्रिज स्थापना के अधीन हैं।

10. पूंजीगत संरचना :

दिनांक 31.03.2018 को कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी. 980.00 करोड़ है, जो 1,000/- के 77,58,200 इक्विटी शेयर्स में एवं प्रत्येक 1,000/- शेयर के 10% संचयी प्रतिदेय वरीयता शेयर 20,41,800 शेयर में विभाजित है।

दिनांक 31.03.2019 को कंपनी की पेड-अप इक्विटी शेयर पूँजी, रु 661,83,63, 000 करोड़ है। संपूर्ण इक्विटी शेयर पूंजी, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और उसके नामितों द्वारा नियंत्रित होती है।

11. **वित्तीय समीक्षा**

कंपनी ने पिछले वर्ष के कुल रु. 24607.68 करोड़ के सकल कारोबार की तुलना में चालू वर्ष में सकल विक्रय मूल्य रु. 22834.92 करोड़ का कारोबार रिकॉर्ड किया है। गतवर्ष के रु. 9281.08 करोड़ का कर पूर्व लाभ 2019-20 में रु. 8645.47 करोड़ हुआ है। पिछले वर्ष रु. 6039.54 करोड़ के तुलना में इस वर्ष कर प्रश्चात लाभ रु. 6427.39 करोड़ है। वर्ष 2018-19 की तुलना में वर्ष 2019-20 के वित्तीय परिणाम निम्नानुसार है:

[₹ करोड़ में]

	2019-20	2018-19
कुल लाभ (ब्याज और ह्रास से पूर्व)	9220.52	9815.10
घटाव : ह्रास (सामाजिक मद मूल्य ह्रास सहित)	494.74	501.19
ब्याज एवं वित्तीय प्रभार	80.31	32.83
कर पूर्व निवल लाभ	8645.47	9281.08
घटाव : आयकर के लिए प्रावधान एवं आस्थगित का दायिता	2218.08	3241.54
कर पश्चात निवल लाभ	6427.39	6039.54
पी और एल में उपलब्ध ओपी बेलेन्स	1201.38	207.72
घटाव : सामान्य आरक्षित में अंतरित	(321.37)	(301.98)
इक्विटी शेयरों पर अंतरिम लाभांश	(5225.00)	(3750.00)
अंतिम लाभांश	-	(125.00)
लाभांश पर कर	(1074.01)	(796.52)
बाय बैक इक्विटी शेयर पर दिया गया बाय बैक वितरण कर	-	(72.38)
उपरोक्त विनियोग के पश्चात लाभ/हानि	1008.39	1201.38
कर पूर्व अन्य व्यापक आय (ओसीआई)	(104.82)	(16.28)
घटाव: ओसीआई पर आयकर का प्रावधान	(26.38)	(5.69)
कर पश्चात अन्य व्यापक आय (ओसीआई)	(78.44)	(10.59)
कर पश्चात कुल व्यापक आय	6348.95	6028.95

11.1 **रिजर्व स्थानांतरण**

वर्ष के लिए रु.321.37 करोड़ की राशि कर के बाद लाभ का 5% होने के नाते, जनरल रिजर्व में स्थानांतरित कर दिया गया है ।.

11.2. **लाभांश**

निदेशको ने इक्युटी शेयर पूंजी के रु 661.84 करोड़ तक की भुगतान की राशि में से 789.47 % की अंतरिम लाभांश की संस्तुति की है जो तत्संबंधी वर्ष के अनुमोदित कुल 5225.00 करोड़ (आंतरिक लाभांश) का भुगतान की इक्युटि पूंजी की कुल राशि का 798.47% (गत वर्ष 586.60%) है।

इस तरह कुल बहिर्वाह राशि रु.6299.01 करोड़ है जिसमें कुल लाभांश रु. 5225.00 करोड़ और लाभांश पर कर रु 1074.01 करोड़ है।.

11.3. **ऋण**

असुरक्षित ऋण:कंपनी ने एनएलसीआईएल को 7% मासिक ब्याज की दर से रु. 2000 करोड़ सामान्य व्यय के लिये दिया है जिसका बराबर का किस्त मूल पुनर्भुगतान का 48% है। दिनांक 31.03.2020 तक कुल बकाया कर्ज रु 1125.00 करोड़ है।

12. **निवेश**

12.1 एमसीएल की सहायक कंपनियां एमएनएच शक्ति लिमिटेड, एमजेएसजे कोल लिमिटेड, महानदी बेसिन पावर लिमिटेड और महानदी कोल रेलवे लिमिटेड (एमसीआरएल) के इक्विटी शेयर में गैर-वर्तमान निवेश क्रमशः रु 59.57 करोड़, रू. 57.06 करोड़, रू.5.00 लाख और रू.3.20 लाख हैं।

12.2. दिनांक 31.03.2020 को 7.55% सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय आईआरएफ़सी टैक्स फ्री 2021 श्रृंखला 79 बांड, 8% सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय आईआरएफ़सी बांड, 7.22% सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय आईआरएफ़सी टैक्स फ्री बॉन्ड, 7.22% सुरक्षित प्रतिदेय क्रमशः 200.00 करोड़, रू. 108.75 करोड़, रु 499.95 करोड़ और रु 150.00 करोड़ था।

13. **पूंजीगत व्यय**

गत वर्ष के रू.1415.00 करोड़ (पुनर्वर्णित) खर्च की तुलना में इस वर्ष कुल पूंजीगत व्यय ₹ 1523.22 रु करोड़ था।

14. **उधार**

दिनांक 31.03.2020 तक मेसर्स लिबेनर फ्रांस एसए, फ्रांस को क्रेडिट पर चार हाइड्रोलिक शोवेल की आपूर्ति के लिए रू. 6.10 करोड़ की राशि बकाया है।

कंपनी ने 2019-20 के दौरान बैंक से एक ऋण लिया है, जिसमें टीडीआर देने क् लिये राशि रु 1840 करोड़ और अग्रिम कर के रूप में भुगतान करने के लिए रु 1706.45 करोड़ की राशि देते हुये रु.1,840 करोड़ की राशि का भुगतान किया। गई है। 31.03.2020 तक का बकाया राशि रु.1706.45 करोड़ है।

15. **विक्रय प्राप्ति**

वर्ष 2018-19 में एमसीएल की सकल बिक्री रू. 26464.46 करोड़ की तुलना में वर्ष 2019-20 के दौरान 24668.49 करोड़ रहा।

वर्ष 2019-20 में कुल प्राप्ति रू. 23931.08 करोड़ थी जो चालू वर्ष के सकल विक्रय पर 97.01% काम करता है।

15. **राजकोष को भुगतान**

आपकी कंपनी का केंद्र और राज्य के सरकारी कोष में बड़ा योगदान रहा है।पिछले वर्ष के दौरान किए गए भुगतानों की तुलना में इस वर्ष के दौरान रॉयल्टी, एनएमईटी, डीएमएफ, जीएसटी, जीएसटी क्षतिपूर्ति, आयकर, लाभांश वितरण कर, एवं बायबैक वितरण कर के लिए कंपनी द्वारा किए गए भुगतान निम्नानुसार है :

[₹ करोड़ में]

	2019-20	2018-19
रॉयल्टी	2115.69	2035.36
एनएमईटी	37.05	40.71
डीएमएफ	561.75	610.50
सेवा एवं वस्तु कर	466.41	904.24
जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर	5320.10	5692.12
आयकर	4300.00	3100.00
लाभांश वितरण कर	1074.01	796.52
बाय-बैक वितरण कर	0.00	72.38
कुल	13875.01	13251.83

परियोजना गठन /पूंजी परियोजना

योजनाएँ:

एमसीएल ने वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान 160.00 मिलियन टन कोयला प्राप्त करने की योजना बनाई है। वर्ष 2019-20 के लिए अनुमानित पूंजीगत व्यय रु. 1700.00 करोड़ है, जिसका बड़ा हिस्सा भूमि अधिग्रहण, आधारभूत संरचनाओं के विकास (फ़र्स्ट माइल कनेक्टिविटी सहित) और हेवी अर्थ मूविंग मशीन (एचईएमएम) की खरीद के लिए उपयोग किया जाएगा।

परियोजना गठन

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान सीएमपीडीआईएल द्वारा पाँच परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई थी :

1. बलराम विस्तार ओसीपी (15 एमटीवाई)
2. गोपालजी –कनिहा विस्तार ओसीपी (40 एमटीवाई)
3. भुवनेश्वरी विस्तार ओसीपी (40 एमटीवाई)
4. बसुंधरा ओसीपी (25 एमटीवाई)
5. कुल्डा–गर्जनबहाल ओसीपी (40 एमटीवाई)

परियोजना कार्यान्वयन:
2019-20 के दौरान एमसीएल का कुल पूंजी व्यय लक्ष्य 1700.00 करोड़ रुपये की तुलना में 1201.23 करोड़ रुपये है।

पूंजी परियोजनाएं /योजना
कोयला परियोजनाएं : -

एमसीएल में अब तक कुल 53 (3 बंद परियोजनाओं सहित) स्वीकृत कोयला खनन परियोजनाएं है। इन स्वीकृत परियोजनाओं की उत्पादन दर क्षमता 230.61 एमटीवाई थी, जिसमें स्वीकृत पूंजी लागत (आरसीई सहित) रु 17578.11 करोड़ थी । कुल 53 परियोजनाओं में से 37 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 16 परियोजनाएँ चालू परियोजनाएं है। 53 परियोजनाओं की पूंजी परिव्यय के साथ वर्तमान क्षमता निम्नानुसार है :

परियोजना वर्ग (करोड़ रु.)	स्वीकृत परियोजना की संख्या	स्वीकृत क्षमता (एमटीवाई)	स्वीकृत पूंजी (करोड़ रु.)	स्थिति		
				बंद	पूर्ण	कार्यरत (चालू)
100 और उससे अधिक	21	177.40	16602.14	1	7	13
50 से 100	12	17.83	685.52	0	9	3
20 से 50	13	28.10	225.93	1	12	0
20 से कम	07	7.28	64.52	1	6	0
कुल	**53**	**230.61**	**17578.11**	**3**	**34**	**16**

पूर्ण परियोजना : - 37

क्र.	परियोजना का नाम	पीआर क्षमता (एमटीवाई)	स्वीकृत पूंजी (रु . करोड़)	पूर्ण करने की तय तिथि
तालचेर कोलफील्ड्स				
1.	अनंता ओ/सी	4.00	338.44*	मार्च 2008
2.	अनंता ओ/सी विस्तार चरण -I	1.50		
3.	अनंता ओ/सी विस्तार चरण -II	6.50		
4.	बलांडा ओ/सी तथा संशोधित पीआर (बंद)	1.00	33.20	मार्च 1984
5.	बलराम ओ/सी (कलिंगा ओसीसीपी)	8.00	344.63*	मार्च 2000
6.	भरतपुर ओ/सी	3.50	158.97 (आरसीई)	मार्च 1991
7.	भरतपुर ओ/सी विस्तार चरण -I	1.50	48.02	मार्च 1998
8.	भरतपुर ओ/सी विस्तार चरण -II	6.00	**95.87	मार्च 2007
9.	भरतपुर ओ/सी विस्तार चरण -III	9.00	131.39	मार्च 2010
10.	छेंदीपाड़ा ओ/सी	0.35	19.75	मार्च 2007
11.	हिंगुला-II ओ/सी	2.00	47.93*	मार्च 2002
12.	हिंगुला –II ओ/सी चरण -I	2.00	89.78	मार्च 2009
13.	हिंगुला –II ओ/सी चरण -II	4.00	35.67	मार्च 2009
14.	जगन्नाथ ओ/सी / जगन्नाथ विस्तार	4.00	66.71 / 4.71	मार्च 2004
15.	जगन्नाथ ओ/सी विस्तार चरण -II	2.00	4.95	मार्च 2008
16.	लिंगराज ओ/सी	5.00	229.84	मार्च 1998
17.	लिंगराज ओ/सी विस्तार चरण -I	5.00	98.89	मार्च 2007
18.	लिंगराज ओ/सी विस्तार चरण -II	3.00	2.18	मार्च 2008
19.	लिंगराज ओ/सी विस्तार चरण -III	3.00	306.18**	मार्च 2014
20.	नंदिरा यू/जी (वृद्धि)	0.33	17.96	मार्च 1995
कुल योग (जिसमें बंद खानों की क्षमता भी शामिल है)		51.68	1640.82	
ईब-वैली कोलफील्ड्स				
21.	बसुंधरा (ई) ओ/सी(बंद)	0.60	19.70	मार्च 1998
22.	बसुंधरा (पश्चिम) ओ/सी	2.40	68.74 (RCE)	मार्च 2007
23.	बसुंधरा (पश्चिम)(विस्तार चरण -I	4.60	46.52	मार्च 2011
24.	बेलपहाड़ ओ/सी	2.00#	246.93*	मार्च 2015
25.	बेलपहाड़ ओ/सी विस्तार चरण -I	1.50#		
26.	बेलपहाड़ ओ/सी विस्तार चरण -II	4.50#		
27.	लजकुरा ओ/सी / लजकुरा विस्तार	1.00	38.98 (RCE) / 3.22	मार्च 1991
28.	लजकुरा ओसीपी विस्तार चरण -I	1.50	194.99**	मार्च 2013
29.	लखनपुर ओ/सी	5.00#	215.02*	मार्च 2000
30.	लखनपुर ओ/सी विस्तार चरण -I	5.00#	98.74	मार्च 2010
31.	लखनपुर ओसीपी विस्तार चरण -II	5.00#	116.54	मार्च 2011

32.	लिल्लारी ओ/सी/ लिल्लारी विस्तार	0.80#	19.78 / 0.63	मार्च 1992
33.	समलेश्वरी ओ/सी	3.00	636.24**	मार्च 2013
34.	समलेश्वरी ओ/सी विस्तार चरण -I	1.00		
35.	समलेश्वरी ओ/सी विस्तार चरण –II	1.00		
36.	समलेश्वरी ओ/सी विस्तार चरण -III	2.00		
37.	समलेश्वरी ओ/सी विस्तार चरण -IV	5.00		
कुल योग (बंद खदानों की क्षमता सहित)		**22.10**	**1706.03**	
कुल (पूर्ण परियोजना)		**73.78**	**3346.85**	

(*) *स्वीकृत आरसीई-सह-समापन रिपोर्ट के अनुसार पूर्ण लागत*

(**) *आरसीई-सह-समापन रिपोर्ट और लक्षित वर्ष से अतिरिक्त स्वीकृत पूंजी के अनुसार*

(#) *अनुमोदन के पश्चात एकीकृत लखनपुर-बेलपहाड़- लिल्लारी ओसीपी और भरतपुर पुनः सृजित 'ओसीपी की क्षमता को शामिल नहीं किया गया है।*

<u>चालू परियोजनाएं</u> :- 16

क्रमांक.	**परियोजना का नाम**	**परियोजना क्षमता (एमटीवाई)**	**स्वीकृत पूंजी (रु. करोड़)**	**परियोजना अनुमोदन की तिथि**
तालचेर कोलफील्ड्स				
1.	अनंता ओसीपी विस्तार चरण -III	3.00	251.95#	31.08.2008
2.	बलराम ओसीपी विस्तार	8.00	^209.56	22.12.2007
3.	भरतपुर पुनर्गठन	20.00	2838.87	12.11.2018
4.	भुवनेश्वरी ओसीपी	20.00	490.10	22.12.2007
5.	हिंगुला -II ओसीपी विस्तार चरण -III	7.00	479.53	08.11.2008
6.	जगन्नाथ पुनर्गठन	6.00 *	337.66	26.05.2014
7.	जगन्नाथ यू/जी	0.67	80.75	15.10.2001
8.	कनिहा ओसीपी	10.00	457.77	22.12.2007
9.	नटराज यू/जी	0.64	92.11	30.01.2001
10.	तालचेर (पश्चिम) यू/जी	0.52	85.08	18.02.2002
	कुल योग	**61.83**	**5323.37**	
ईब-वैली कोलफील्ड्स				
11.	बसुंधरा (पश्चिम) विस्तार	7.00 *	**620.42	07.05.2014
12.	कुल्डा ओसीपी	10.00	^372.81#	12.01.2005
13.	कुल्डा विस्तार ओसीपी	5.00	**348.16#	25.06.2014
14.	गरजनबहाल ओसीपी	10.00	**1375.38	03.05.2016
15.	समेकित लखनपुर-बेलपहाड़-लिलारी ओसीपी	30.00	2434.75	22.05.2018
16.	सियारमल ओसीपी	40.00	**3756.36	29.05.2014
	कुल योग	**95.00**	**8907.89**	
कुल *(चालू परियोजनाएं)*		**156.83**	**14231.26**	
महायोग *(बंद खदानों की क्षमता सहित)*		**230.61**	**17578.11**	

(*) ये अतिरिक्त क्षेत्रों को जोड़ने वाले मूल परियोजनाओं के विस्तार हैं। इसलिए, क्षमता में कोई जोड़ नहीं होगा।

(**) आरसीई-सह-समापन रिपोर्ट और/या लक्षित वर्ष के अतिरिक्त स्वीकृत पूंजी के अनुसार

(#)सीएमडी**,** एमसीएल के शक्ति प्रत्यायोजन (डीओपी) के भीतर कुल स्वीकृत पूंजी का ***10%*** शामिल है। **(^) –**योजनाओं सहित।

मौजूदा पुरानी भूमिगत खान : -05

क्र.	परियोजना का नाम	सीएमपीडीआईएल द्वारा मूल्यांकन के रूप में क्षमता एमटीवाई में (मि.टन /वर्ष)				
		2015-16	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**
1	हिराखंड बूंदिया खदान	0.612	0.612	0.505	0.551	0.366
2	ओरिएंट खदान 1 और 2	0.428	0.367	0.352	0.398	0.397
3	ओरिएंट खदान 3	0.490	0.000	0.122	0.122	0.122
4	ओरिएंट खदान 4	0.061	0.122	0.061	0.000	0.000
5	तालचेर यू/जी	0.340	0.272	0.173	0.107	0.000
	कुल	**1.931**	**1.373**	**1.213**	**1.178**	**0.885**
	एमसीएल के लिए महायोग *(बंद खदानों की क्षमता सहित)*				**231.788**	**231.495**

भावी परियोजना :-05

क्र.	**परियोजना का नाम**	**परियोजना क्षमता (एमटीवाई)**	**टिप्पणी**
1.	बलराम विस्तार ओसीपी	15.0 (**अतिरिक्त**–7.0 **एमटीवाई**)	**03.02.20** को एमसीएल बोर्ड द्वारा परियोजना अनुमोदित। दिनांक **17.03.20** को को सीआईएल बोर्ड द्वारा अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की गई।
2.	गोपालजी – कनिहा विस्तार ओसीपी	30.0 (**अतिरिक्त**-20.0 **एमटीवाई**)	सीएमपीडीआईएल द्वारा प्रस्तुत अंतिम परियोजना का यूसीई अनुमोदन के लिए एमसीएल बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा।
3.	भुवनेश्वरी विस्तार ओसीपी	40.0 (**अतिरिक्त**–20.0 **एमटीवाई**)	सीएमपीडीआई द्वारा ड्राफ्ट परियोजना प्रतिवेदन तैयार और प्रस्तुत की गई। परियोजना का लागत आधार एमसीएल बोर्ड के समक्ष रखने हेतु सीएमपीडीआईएल आरआई-**VII** में अद्यतन किया जा रहा है।
4.	सुभद्रा ओसीपी – (उत्कल –क)	25.0 (**अतिरिक्त**-25.0 **एमटीवाई**)	सीएमपीडीएल द्वारा प्रस्तुत परियोजना रिपोर्ट जिसे **12.03.20** को एमसीएल बोर्ड की तकनीकी उप समिति में विचार-विमर्श किया गया था। टीएससी द्वारा सुझाए गया संशोधन सीएमपीडीआई द्वारा अनुपालन किया जा रहा ।
5.	कुल्डा – गर्जनबहाल विस्तार ओसीपी	40.0 (**अतिरिक्त**-15.0 **एमटीवाई**)	सीएमपीडीआई ने दिनांक 09.04.18 को पीआर ड्राफ्ट को प्रस्तुत किया। एमसीएल के परियोजना समिति द्वारा दिनांक 02.05.18 को पीआर पर चर्चा की गई थी। परियोजना सीएमपीडीआईएल में अद्यतन की जा रही है।
	कुल	**कुल अतिरिक्त क्षमता – 87.00एमटीवाई**	

<u>गैर-खनन परियोजनाएं :-</u>

एमसीएल की प्रमुख चालू गैर खनन परियोजनाओं की लागत > रु. 20 करोड़:

क्रमांक	परियोजनाओं का नाम	पूंजी लागत (रु. करोड़.)
1.	ईब वैली क्षेत्र के समलेश्वरी ओसीपी (कोंक्रीट फुटपाथ), लजकुरा ओसीपी (कंक्रीट फुटपाथ) के कोयला परिवहन सड़क का निर्माण और एमसीएल के ईब कोलफील्ड्स के ओरिएंट क्षेत्र में एचबीएम से एसओसीपी जंक्शन तक बिटुमिनस रोड को मजबूत करना। ।	137.72
2.	लखनपुर क्षेत्र में 4 लेन गाड़ी मार्ग बेलपहाड़ बाईपास का निर्माण	42.79
3.	तालचेर कोयला क्षेत्र में 41.98 किलो मीटर लंबाई के नए कोल कॉरीडोर का निर्माण।	165.92 संशोधित - 243.42
(क)	हिंगुला – बलराम पार्ट (चरण I और II 7.06 KM)	
(ख)	भरतपुर पार्ट (चरण I और II 2.3 किलो मीटर)	
(ग)	जगन्नाथ पार्ट (चरण I और II 1.26 किलो मीटर)	
(घ)	अनंता पार्ट (चरण I और II 2.34 किलो मीटर)	
(ङ)	भुवनेश्वरी पार्ट (चरण I और II 1.82 किलो मीटर)	
(च)	लिंगराज पार्ट (चरण I और II 6.21 किलो मीटर)	
4.	तालचेर के घांटपाड़ा गाँव के समीप के स्तर पर आरओबी का निर्माण।	37.50
5.	तालचेर कोलफील्ड्स में 5 वर्ष से अधिक आयु वाले सीटी सड़कों का निर्माण। 35 किलोमीटर	241.69
(क)	हिंगुला ओसीपी (4.91 किलोमीटर)	
(ख)	बलराम ओसीपी (7.0 किलोमीटर)	
(ग)	भरतपुर ओसीपी (5.46 किलोमीटर)	
(घ)	जगन्नाथ ओसीपी (6.23 किलोमीटर)	
(ङ)	अनंता ओसीपी (2.15 किलोमीटर)	
(च)	भुवनेश्वरी ओसीपी (5.73 किलोमीटर)	
(छ)	लिंगराज ओसीपी (3.8 किलोमीटर)	
6.	बांकीबहाल से कनिका रेलवे साइडिंग तक 2 लेन से 4 लेन की 27 किलो मीटर सड़क का चौड़ाकरण	मूल- 162.87 संशोधित- 242.06
7.	सुंदरगढ़ जिले में बांकीबाहल से भेदभल(राज्य राजमार्ग-10 पर) के लिए अलग-अलग 4-लेन (संशोधित 2-लेन) समर्पित कोल कॉरीडोर सड़क का निर्माण। लंबाई- 33.00 किलोमीटर, ब्रीज-4.	398.97
8.	अनंत स्पुर साइडिंग V & VI पर 15 एमवाईटी के लिए सीएचपी-आरएलएस की व्यवस्था	198.66
9.	अंगुल स्टेशन से बलराम ओसीपी तक रेलवे लिंक	99.00
10.	जगन्नाथ वाशरी (10.00 एमटीवाई) बी-ओ-ओ आधार पर	265.35
11.	ईब-वैली वाशरी (10.00 एमटीवाई) बी-ओ-एम आधार पर	392.76
12.	हिंगुला वाशरी (10.00 एमटीवाई) बी-ओ-ओ आधार पर	321.96
	कुल	**2621.88**

एमसीएल की पूर्ण गैर खनन परियोजनाओं की लागत > रु. 20 करोड़ :

क्रमांक	परियोजनाओं का नाम	पूंजी लागत (रु. करोड़.)
1.	बी-जी क्षेत्र में 5 वर्ष से अधिक की आयु वाली सभी कोयला परिवहन कंक्रीट सड़क का निर्माण।	22.96
2.	कनिहा ओसीपी में कंक्रीट सीटी रोड का निर्माण	26.92
3.	तालचेर में भुवनेश्वरी ओसीपी की सेवा हेतु तालचेर यार्ड के लिए टीएलएसबी केबिन से तीसरी लाइन का निर्माण।	47.60
4.	झारसुगुडा - बरपाली - सरडेगा रेलवे लाइन (सिंगल लाइन)	मूल - 469.68 संशोधित - 1007.12
5.	बासुंधरा- गर्जनबहाल क्षेत्र का इन्फ्रास्ट्रक्चर मास्टर प्लान -	498.75
6.	बसुंधरा पश्चिम विस्तार चेक पोस्ट से सरडेगा रेलवे साइडिंग तक 2-लेन कंक्रीट सड़क का निर्माण।	30.39
7.	लिंगराज ओसीपी पर 16 एमटीवाई के लिए साइलो लोडिंग व्यवस्था	237.56 संशोधित – 495.01
	कुल	**2128.75**

विदेशी सहयोग : शून्य

आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी का समावेशन

सरफेस माइनर द्वारा खुली खदान में कोयला निकालने के लिए विस्फोट मुक्त तकनीक को शुरू करने में एमसीएल पथ प्रदर्शक है।

एमसीएल की सभी प्रमुख खुली परियोजनाओं में रैपिड लोडिंग सिस्टम के साथ साइलो/सीएचपी शुरू किया जा रहा है।

ईब-वैली वाशरी के मामले में निर्माण शुरू कर दिया गया है और अन्य 02 वॉशरियों के मामले में, सूचना-पत्र (LoI) को पहले ही एल-। बोलीदाता को जारी किया जा चुका है और आवश्यक पर्यावरण मंजूरी(ईसी), वन मंजूरी (एफसी) प्राप्त करने के लिए लागू सहमति (सीटीई)) आदि मिलने के बाद लेटर ऑफ अवार्ड (LoA) जारी किया जाएगा।

सरकार की स्वीकृति के लिए लंबित परियोजनाएं : शून्य

2019-20 के दौरान भूमि अधिग्रहण और अधिकार:

क्र	क्षेत्र	किराये पर		सरकारी गैर वन भूमि		वन भूमि		कुल	कुल	टिप्पणी
		अधिग्रहण	अधिकार	अधिग्रहण	अधिकार	अधिग्रहण	अधिकार	अधिग्रहण	अधिकार	
1	जगन्नाथ	0	50.50	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	50.50	
2	हिंगुला	0	12.09	0.00	65.34	0.00	0.00	0.00	77.43	
3	सुभद्रा	0.00	0.00	0.00	64.10	0.00	0.00	0.00	64.10	
3	भरतपुर	0	2.55	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	2.55	
4	लिंगराज	0	0.00	0.00	0.00	0.00	4.14	0.00	4.14	
5	कनिहा	2.50	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	2.50	0.00	यू/एस **9(1)** , कनिहा ब्लॉक, एसओ सं-**08** दिनांक **09.01.2020,**
6	ईब वैली	0.00	5.78	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	5.78	
7	लखनपुर	0.00	11.22	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	11.31	
8	बी-जी क्षेत्र	0.00	7.24	0.00	441.85	0.00	0.00	0.00	449.00	
	कुल	**2.5**	**89.38**	**0**	**571.29**	**0**	**4.14**	**2.5**	**664.81**	

16.9 निर्माण, संचालन और रखरखाव (बीओएम) के आधार पर वाशरी की स्थिति:

अधिक राख वाले कोयले के सस्ती के लिए बिल्ड-ऑपरेट-मेंटेन (बीओएम) आधार पर कोयला वॉशरियों की स्थापना के लिए सीआईएल के निर्णय के अनुरूप एमसीएल प्रथम चरण- । में बीओएम अवधारणा पर प्रत्येक 10.0 एमटीपीए की क्षमता वाले चार कोयला वॉशरी अर्थात हिंगुला वाशरी, बसुंधरा वाशरी, लखनपुर क्षेत्र में इब-वैली वाशरी और जगन्नाथ वाशरी को स्थापित करने की योजना बना रहा था।

चूंकि हिंगुला वाशरी (10.0 एमटीपीए) और जगन्नाथ वाशरी (10.0 एमटीपीए) के लिए बीओएम अवधारणा पर निविदा कार्यान्वित नहीं की गई थी, बीओएम अवधारणा पर जगन्नाथ वाशरी (10.0 एमटीपीए) और हिंगुला वाशरी (10.0 एमटीपीए) के लिए 26 मार्च,2018 को निविदा जारी की गई थी।

जगन्नाथ वाशरी (10.0 एमटीपीए) और हिंगुला वाशरी (10.0 एमटीपीए) की स्थापना के लिए क्रमशः दिनांक 29.12.2018 और 07.02.2019 को सबसे कम बोलीदाता को सूचना पत्र (एलओआई) जारी किया गया था।

जगन्नाथ वाशरी की स्थापना के लिए दिनांक 24/02/2020 को एमओईएफ और सीसी से संशोधित ईसीओ प्राप्त किया गया था और संशोधित सहमति प्राप्त होने के बाद एल -1 बोलीदाता को लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) और अन्य सांविधिक मंजूरी जारी की जाएगी।
हिंगुला वाशरी की स्थापना के लिए संशोधित पर्यावरण मंजूरी, स्थापना और अन्य सांविधिक मंजूरी के प्राप्त होने के बाद एल-1 बोलीदाता को लेटर ऑफ़ अवार्ड (LoA) जारी किया जाएगा।
लखनपुर में इब-वैली वॉशरी (10.0 एमटीपीए) के लिए दिनांक 14.03.2018 को एल-1 बोलीदाता को लेटर ऑफ़ अवार्ड (एलओए) जारी किया गया तथा लखनपुर क्षेत्र में ईबी-वैली वाशरी स्थापित करने का अनुबंध दिनांक 15.10.2018 को मेसर्स ग्लोबल कोल एंड माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड(जीसीएमपीएल) के साथ हस्ताक्षरित किया गया था। लखनपुर क्षेत्र में ईब-वैली वाशरी (10 एमटीपीए) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। (फरवरी 2020 तक 45%)

बसुंधरा वाशरी (10.0 एमटीपीए) के संबंध में एल-। बोलीदाता अर्थात मैसर्स एसीबी (इंडिया) लिमिटेड ने बसुंधरा वाशरी के लिए बोली और बोली सुरक्षा की वैधता का विस्तार करने में असमर्थता व्यक्त की है और बैंक गारंटी वापस करने का अनुरोध किया है। बसुंधरा वाशरी की निविदा को रद्द करने का प्रस्ताव एमसीएल बोर्ड की दिनांक 28.03.2020 की बैठक में रखा गया है। बैठक के कार्यवृत्त की प्रतीक्षा है।
चरण-। के अतिरिक्त एमसीएल तीन और वॉशरियों - लखनपुर वाशरी (20.0 एमटीपीए क्षमता), गर्जनबहाल वाशरी (10.0 एमटीपीए क्षमता) और सियारमल वाशरी (40.0 एमटीपीए क्षमता) की स्थापना करने की योजना बना रही है।

चरण- । के तहत इन चार वाशरी की वर्तमान स्थिति निम्नरूप से दी गई है।

<u>(क) बीओएम अवधारणा पर लखनपुर में ईब-वैली वाशरी (10.0 एमटीपीए क्षमता):</u>

1. मई, 2015 में निविदा आमंत्रित की गई थी।
2. दिनांक 12.09.2016 को सबसे कम बोली दाता मेसर्स ग्लोबल कोल एंड माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को सूचना पत्र जारी किया।
3. दिनांक 31.03.2017 को पर्यावरण मंजूरी (दिनांक 30/03/2017) प्राप्त हुई। एमओईएफ और सीसी से ईसी की कुछ विशिष्ट स्थितियों में संशोधन की मांग की गई थी। दिनांक 15.06.2017 की संशोधित ईसी दिनांक 26.07.2017 को प्राप्त हुई।
4. दिनांक 01.07.2017 से प्रभावी जीएसटी के कार्यान्वयन के मद्देनजर, एल-1 बोलीदाता ने क्रमशः दिनांक 08/01/2018 और 22/01/2018 को परियोजना पूंजी लागत तथा संचालित लागत (उल्लिखित मूल्य पर जीएसटी और मुनाफाखोरी विरोधी

प्रावधानों के प्रभाव को देखते हुए) का अंतिम संशोधित मूल्य ब्रेक-अप प्रस्तुत किया। जिसे बाद में फरवरी 2018 में एमसीएल के सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया था।

वर्ष 2019-20 में गैर-लाभकारी संगठनों के साथ साझेदारी में किए गए दो ग्रामीण विकास परियोजनाओं में तेजी से प्रगति देखी गई।

क) 'ग्राम विकास' के साथ परियोजना 'मन्त्र': इस परियोजना का उद्देश्य झारसुगुडा और सुंदरगढ़ जिले के **5** ग्रामों में 364 घरों में पाइप लाइन से जलापूर्ति के साथ शौचालय और स्नानघर उपलब्ध कराना है।

ख) 'बीएआईएफ़' के साथ प्रोजेक्ट ‘सीसीडीपी-उत्थान': यह कृषि-उद्यान विकास और मवेशी पालन कार्यक्रम पर 20 करोड़ की 5 साल की स्थायी आजीविका परियोजना है। यह अंगुल, झारसुगुडा**,** संबलपुर और सुंदरगढ़ जिलों के 40 ग्रामों को लाभान्वित करता है।

वर्ष 2019-20 में, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य, पेयजल और स्वच्छता के राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में योगदान के लिए प्रदत्त राष्ट्रीय सीएसआर अवार्ड से कंपनी को सम्मानित किया गया है।

ओड़िशा राज्य में कॉर्पोरेट्स द्वारा सामुदायिक सेवा में कंपनी सबसे आगे रही है। कंपनी ने एक बुकलेट 'एनरिचिंग लाइव्स, इम्पैक्टिंग कम्युनिटीज़' प्रकाशित की है, जिसमें सीएसआर परियोजनाओं के उच्च प्रभाव को दर्शाया गया है।

आपकी कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार सीएसआर प्रावधानों का अनुपालन किया है। अधिनियम की धारा 134 की उपधारा (3) के खंड (ओ) और कंपनियों के नियम 9 (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व) नियम, 2014 आवश्यक अस्वीकरण से संबंधित है। क़ानून द्वारा आवश्यक अनुलग्नक- I के रूप में संलग्न है।
आपकी कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार सीएसआर प्रावधानों का अनुपालन किया है। अधिनियम की धारा 134 की उपधारा (3) के खंड (o) और कंपनियों के नियम 9 (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व) नियम, 2014 के अनुसरण में, संविधि द्वारा वांछित आवश्यक विवरण अनुलग्नक-I में संलग्न है।

29. जेंडर बजट की व्यवस्था -

आपकी कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि विकास के लाभों की पुरूषों के बराबर महिलाओं तक प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए जेंडर मेनस्ट्रीमिंग में जेंडर बजट व्यवस्थापन एक शक्तिशाली माध्यम है। नीति/कार्यक्रम निर्धारण, कार्यान्वयन तथा इसकी समीक्षा में जेंडर परिप्रेक्ष्य को बनाए रखते हुए एमसीएल में यह मात्र एक लेखा कार्य न होकर एक सतत प्रकिया है। 31 मार्च 2020 को कुल महिला कर्मचारियों की संख्या 2163 थी, जो एमसीएल के कुल कर्मचारियों की 9.84% थी।

एमसीएल ने अपनी सामाजिक त्वरित क्रिया के तहत हमेशा जेंडर बजट के मुद्दों पर कंपनी में और कंपनी के बाहर संवेदनशीलता दिखाई है और हर संभव प्रयासों द्वारा उन्हें संबोधित करने की कोशिश की है। कुछ उदाहरण निम्न है :

- एमसीएल में सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका (विप्स) को सक्रिय रूप से कार्य करने की अनुमति देने के साथ विस्तृत प्रदर्शन व ज्ञान वर्धन हेतु कंपनी और बाहर के सेमिनारों और सम्मेलनों में इसके सदस्यों को भाग लेने की अनुमति देना।
- अपने कार्यबल के जेंडर विशिष्ट डाटाबेस का अनुरक्षण।.
- महिला कर्मचारियों द्वारा दाखिल की गई शिकायतों के उपयुक्त व समयानुसार निवारण के लिए शिकायत समिति गठित की गई है ।
- सीआईएल नियमावली तथा विनियमन के अनुसार योग्य महिला अधिकारियों को शिशु देखभाल अवकाश (सीसीएल) प्रदान करना।
- खान दुर्घटनाओं में मृत कर्मचारियों की पत्नियों के रोजगार हेतु आयु सीमा में छूट।
- महिला संबंधित मामलों के प्रतिनिधित्व तथा निवारण हेतु प्रबंधन और ट्रेड यूनियनों के बीच होनेवाली औद्योगिक संबंध बैठकों में महिला कर्मचारियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना।

<u>कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटीकरण</u>

"कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुरूप कंपनी ने एक यौन उत्पीड़न विरोधी नीति बनाई है। यौन उत्पीड़न के बारे में प्राप्त शिकायतों के निवारण के लिए आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की स्थापना की गई है। इस नीति के तहत सभी कर्मचारी (स्थायी, संविदात्मक, अस्थायी, प्रशिक्षु) शामिल हैं।

यौन उत्पीड़न

2019-20 के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	:	1
2019-20 के दौरान निपटाए गए शिकायतों की संख्या	:	शून्य

30. जनसम्पर्क

आपकी कंपनी अपनी संचार नीति में सक्रिय बनी हुई है जो समाज में उच्च प्रतिष्ठा की नींव है। जनसंपर्क टीम कंपनी के व्यवसाय संचालन, कर्मचारियों के लिए कल्याण कार्य, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायीतव (सीएसआर) और साथ ही मीडिया प्रबंधन के माध्यम से जनता के लिए जानकारी की आवश्यकता के संबंध में सक्रिय, हितधारकों के लिए सुलभ और आपत्तियों का संचार समाधान प्रदान करने के लिए हमेशा उत्सुक है।

"संपर्क से समाधन" (संचार के माध्यम से समाधान) के आदर्श वाक्य पर खरा उतरने के लिए टीम जनसंपर्क ने हितधारकों को संगठन में होने वाली घटनाओं/स्पर्धाओं के संबंध में सूचित करने और अद्यतन रखने के लिए उपलब्ध संचार माध्यमों द्वारा सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने रुख को लगातार बनाए रखा। हम प्रेस, चौथा स्तम्भ को कंपनी के विभिन्न व्यवसाय-संबंधी तथा सामाजिक और विकास संबंधी पहलों को पूरा करने में सहायक मानते है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपकी कंपनी चौथे स्तम्भ के सदस्यों के साथ एक बहुत ही अच्छा व्यवसायीक संबंध रखती है, जो वास्तव में समाज के कान और आंखें हैं। वर्ष 2019-20 के दौरान टीम जनसंपर्क बड़े पैमाने पर संचार के लिए पारंपरिक और नए मीडिया उपकरणों का सफलतापूर्वक उपयोग कर कोल इंडिया की ब्रांडिंग के साथ-साथ स्वच्छता पर जागरूकता फैलाने तथा भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लगातार संचार अभियानों में शामिल रही।

अपनी मुख्य संचार गतिविधियों के अलावा, जनसंपर्क विभाग ने राजभाषा के प्रचार में विशिष्टता हासिल की। विभाग ने मुख्यालय में बड़े विभागों की श्रेणी का प्रथम राजभाषा पुरस्कार जीता।

आपकी कंपनी ने ओड़िशा के साथ-साथ राज्य के बाहर भी विभिन्न प्रदर्शनियों में हिस्सा लिया। चार दिवसीय 8 वें भोपाल विज्ञान मेले में कंपनी को "एक्संप्लेरी एक्ज़िबिट" के लिए प्रथम पुरस्कार हेतु चुना गया था।

प्रेस ब्यानों / विज्ञप्तियों की नियमित प्रकाशन के लिए पारंपरिक मीडिया के अतिरिक्त कंपनी का जनसंपर्क विभाग सोशल नेटवर्किंग साइट Facebook@/mahanadicoal; माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट Twitter @/mahanadicoal; और ऑडियो-वीडियो चैनल YouTube@/MahanadiCoalfields पर हितधारकों के बीच बड़े पैमाने पर सूचना प्रसार के लिए कुशलता से सोशल मीडिया का उपयोग कर रहा है।

सोशल मीडिया स्पेस, विशेष रूप से किशोरों के बीच और अधिक पैठ जमाने के लिए आपकी कंपनी फ़ोटो और वीडियो साझा करने के लिए अब एंड्रॉइड आधारित सोशल प्लेटफॉर्म जिसे Instagram @/pro.mcl कहा जाता है, पर भी है ।
सोशल मीडिया दो-तरफ़ा संचार का एक शक्तिशाली माध्यम बन गया है जो कंपनी की गतिविधियों पर उनकी प्रशंसा और आलोचना को पोस्ट करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह हमारे लिए खुशी की बात है कि सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से प्राप्त प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक और प्रेरक रही है।

मुझे विश्वास है है कि पारंपरिक (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक) मीडिया चैनलों के साथ-साथ बड़े पैमाने पर संचार के लिए डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सक्रिय उपयोग आपकी कंपनी की छवि को मजबूत करता रहेगा।

31. सामाजिक सुविधाओं पर पूंजीगत निवेश

31.03.2020 को 31.03.2019 को सामाजिक सुविधाओं पर पूंजी निवेश 31.03.2019 से 31.03.2020 का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	स्थाई आस्तियों का सकल मूल्य	
		31.3.2020 के अनुसार	31.3.2019 के अनुसार
1	भवन	574.86	550.56
2	संयंत्र और मशीनरी	88.06	77.75
3	फर्नीचर, फिटिंग और उपकरण	10.58	10.21
4	वाहन	7.73	6.71
5	विकास	10.23	10.29
	कुल	**691.46**	**655.52**

32. सतर्कता गतिविधियां और उपलब्धियां

एमसीएल के सतर्कता विभाग का मुख्य केंद्र, लीवरेजिंग प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से, निवारक सतर्कता पर रहा है। उनकी मुख्य भूमिका कंपनी के कारोबारी लेनदेन में मानव हस्तक्षेप को कम कर भ्रष्टाचार से प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिह्नित क्षेत्रों में व्यवस्थित सुधार का सुझाव देना है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान, एक निवारक, भविष्य सूचक और प्रथम सतर्कता उपायों के रूप में, विभिन्न क्षेत्र संचालन के साथ-साथ उचित प्रणाली और प्रक्रियाओं में अनियमितताओं की पहचान के लिए सीवीओ के मार्गदर्शन में नियमित औचक निरीक्षण किया गया है।

1. **सतर्कता निवारक गतिविधियां :**

(क). **निरीक्षण:**

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, 35 औचक निरीक्षण और 09 नियमित निरीक्षण किए गए हैं। इस तरह के निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र संचालन में निष्पक्षता और पारदर्शिता लाने के लिए प्रणाली / प्रक्रिया की सुव्यवस्था पर ध्यान देना रहा है।

(ख) **2019-20 के दौरान किए गए प्रणालीगत सुधार :**

व्यवस्थित सुधार लाने हेतु सतर्कता विभाग द्वारा 14 परामर्श जारी किए गए हैं।

2. दंडात्मक सतर्कता :

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान जांच, पूछताछ इत्यादि के लिए गए सतर्कता मामलों का विवरण।
रेपोर्टिंग अवधि 01.04.2019 से 31.03.2020 तक :

विवरण		**01.04.2019 से 31.03.2020 तक मामलों की संख्या**	**शामिल कार्मिकों की संख्या**
(ए.)	कुल पंजीकृत सतर्कता मामलों की संख्या	15	93
(बी)	विभागीय कार्यवाही के लिए मामलों की कुल संख्या	07	05
(सी)	प्रमुख दंड कार्रवाई की संख्या	08	33
(डी)	लघु दंड कार्रवाई की संख्या	04	17
(i)	कुल मामले जिनमें जुर्माना लगाया गया	22	57
	i) प्रमुख	07	10
	ii) लघु	10	36
	iii) अन्य	05	11

3. कर्मचारियों का रोटेशन :

कंपनी में संवेदनशील पदों/विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए रोटेशन की व्यवस्था है। वर्ष के दौरान, 215 कर्मचारियों को रोटेड किया गया।

4. सतर्कता मंजूरी :

वर्ष के दौरान, निदेशक, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी सहित 13,720 कर्मचारियों की पदोन्नति, परिवीक्षा, अधिवर्षिता मामलों से संबंधित सतर्कता अनापत्ति स्थिति कोल इंडिया लिमिटेड/, कोयला मंत्रालय/ मुख्य सतर्कता आयुक्त को प्रस्तुत किया गया।

5. <u>कोयला खानों में बेहतर निगरानी और अनुरक्षण के लिए आईटी और अन्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग</u>

कोयला खानों एवं कार्यालयों में बेहतर निगरानी और अनुरक्षण के लिए निम्नलिखित आईटी और अन्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जा रहा है:

(i) जीपीएस/जीपीआरएस आधारित वेहिकल ट्रैकिंग डिवाइज।
(ii) आंतरिक कोयला परिवहन टिपर्स और आरएफ़आईडी रीडर की आरएफआईडी टैगिंग।
(iii) सीसीटीवी निगरानी।
(iv) वेब्रिज और कनेक्टिविटी।
(v) कोलनेट का उपयोग।
(vi) **3** डी स्थलीय लेजर स्कैनर **(3** डीटीएलएस)।
(vii) एकीकृत ईंधन प्रबंधन प्रणाली ।
(viii) मोबाइल एप्लीकेशन।

9. <u>सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2019 का आयोजन :</u>

केंद्रीय सतर्कता आयोग**,** नई दिल्ली के निर्देशानुसार महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड**,** सम्बलपुर में दिनांक 28 अक्टूबर 2019 से 02 नवंबर 2019 तक मुख्यालय एवं इसके सभी क्षेत्रों एवं परियोजनाओं में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019 (वीएडबल्यू**-2019)** मनाया गया। VAW-2019 से संबंधित गतिविधियाँ एमसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा निम्नलिखित स्थानों पर आयोजित की गईं:

1. एमसीएल कोरपोरेट मुख्यालय, सम्बलपुर
2. आनंद विहार, बुर्ला
3. संबलपुर शहर
4. बुर्ला टाउन
5. भुवनेश्वर, ओड़िशा
6. ईब वैली, झारसुगुडा
7. लखनपुर
8. ओरिएंट , ब्रजराज नगर
9. बसुंधरा, सुंदरगढ़
10. जगन्नाथ,अंगुल
11. तालचेर, अंगुल
12. कनिहा, अंगुल
13. लिंगराज, अंगुल
14. हिंगुला, अंगुल
15. भरतपुर, अंगुल

32. <u>ई-प्रोक्योरमेंट</u>

एमसीएल की ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली दिनांक 15.08.2009 को शुरू की गई और यह प्रणाली सफलतापूर्वक चल रही है और आज तक इस माध्यम से 20000 से अधिक निविदाएं को अंतिम रूप दिया गया हैं। एमसीएल इस वेब-आधारित सॉफ़्टवेयर समाधान को लागू करके अत्यधिक लाभान्वित हुआ है। निविदाओं को अंतिम रूप देने के लिए समय में महत्वपूर्ण कमी आई है और यह निविदा प्रबंधन की प्रक्रिया में बेहतर पारदर्शिता और सुविधा की आवश्यकता पर जोर देता है। विभिन्न बोलीदाताओं द्वारा जमा बयाना राशि **(**ईएमडी**)** का प्रबंधन स्वचालित किया गया है और इस प्रक्रिया के कार्यान्वयन के बाद बोलीदाताओं को उनकी ईएमडी**,** बोली की अस्वीकृति के अगले दिन स्वतः वापस कर दी जाती है। बोलीदाताओं के लिए

बेहतर पारदर्शिता और सुविधा की वजह से संगठन के साख में वृद्धि हुई है। सिस्टम में निरंतर सुधार हैं और समय-समय पर नई सुविधाओं को जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में वर्तमान नीति के अनुसार रु. 2.00 लाख और उससे अधिक की कीमत वाले निविदाओं को ई-प्रोक्योरमेंट मोड के माध्यम से अंतिम रूप दिया जा रहा हैं।

34. <u>एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस)</u>

एमसीएल 1995 से आईएसओ/आईएमएस प्रमाणीकरण का अनुसरण कर रहा है और वर्ष 2012-13 में, एमसीएल का कंपनी-व्यापी एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) आईएसओ 9001: 2008 - गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, आईएसओ14001: 2004-पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और ओएचएसएएस 18001: 2007 - व्यावसायिक स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली से मान्यता प्राप्त है, जो 3 साल की अवधि के लिए सभी लागू अंतरराष्ट्रीय मानकों की पुष्टि करता है तथा 2019 में निम्नानुसार पूरी कर ली जाएगी। -

आईएसओ 9001: 2015: क्यूएमएस – संगठन के आंतरिक दक्षता तथा ग्राहकों के ध्यानकेन्द्रीयता को नियंत्रित करने हेतु
आईएसओ 14001: 2015 ईएमएस - संगठन के पर्यावरणीय की चिंताओं के प्रबंधन के लिए ओएचएसएएस 18001:2007
ओएचएसएमएस – संगठन की व्यावसायिक-स्वास्थ्य और सुरक्षा चिंताओं के प्रबंधन के लिए।

<u>वर्ष 2019-20 में आईएमएस कक्ष द्वारा जारी की गई गतिविधियां :-</u>

सीएमपीडीआईएल को आईएसओ मानकों के परामर्श और उन्नयन तथा प्रभावी कार्यान्वयन का कार्य सौपा गया था। इसके बाद सीएमपीडीआईएल ने एमसीएल अधिकारियों के साथ बैठकें और चर्चा सत्र आयोजित करके एमसीएल में आईएमएस का व्यापक अध्ययन किया

व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा यानी आईएसओ 45001 के लिए नए प्रबंधन मानकों के प्रकाशन पर, सीएमपीडीआईएल ओएचएसएएस 18001 से आईएसओ 45001 तक आईएमएस मैनुअल के संशोधन मे लगा हुआ है।

आईएसओ 9001: 2015, आईएसओ 14001: 2015 और आईएसओ 45001: 2018 का अनुपालन करने वाला नया आईएमएस मैनुअल, सीएमपीडीआईएल, रांची के परामर्श के साथ तैयार किया जा रहा है। निरर्थक विशेषताओं को मिलाकर और अप्रचलित आवश्यकताओं को खत्म कर नई नियमावली को शिथिल और आसान बना दिया गया है।
प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, अब तक क्षेत्रों / इकाइयों के 2 युवा अधिकारियों को आईआईसीएम रांची में प्रशिक्षण दिया गया है।

<u>आईएमएस का उद्देश्य -</u>

1. कंपनी की गुणवत्ता, आंतरिक क्षमता, पर्यावरण, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सामाजिक जवाबदेही और ऊर्जा निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यवस्थित और समान प्रबंधन के लिए व्यापक प्रबंधन प्रणाली की स्थापना करना।
2. विभिन्न प्रबंधन प्रणालियों के कार्यान्वयन के लिए एक समेकित दृष्टिकोण और सरलीकृत प्रक्रियाओं के माध्यम से प्रयासों के दोहराव और लागत को दूर करना, जो कि अन्यथा असंबंधित और असंगत हो सकते हैं।
3. एक अच्छे प्रबंधन प्रणाली नेटवर्क और स्वस्थ कार्य वातावरण के तहत बेहतरीन कार्य संकृति, सतत संचालन तथा स्पष्ट परिभाषित भूमिकाओं के माध्यम से परिचालन विवाद समाप्त करना, उत्तरदायीतव, जवाबदेही, और अधिकार को शामिल करना
4. नियमित कार्य निश्चित करने के दौरान हानिकारक और गैर मूल्य युक्त संचालनों को कम करना, इसके फलस्वरूप संचालन के दौरान समय, लागत और संसाधनों की प्रत्यक्ष बचत तथा पर्यावरण और सामाजिक लागतों पर अप्रत्यक्ष बचत करना।
5. सभी इच्छुक पार्टियों में आत्मविश्वास पैदा करना।

ए) कोयले का खनन एवं आपूर्ति जो लगातार उपभोक्ता, नियामक निकाय एवं समाज की आवश्यकता को पूरा करते हैं।

बी) पर्यावरण, व्यवसायिक, स्वास्थ्य और सुरक्षा, समाज और ऊर्जा के संबंध में अपनी जिम्मेदारी के प्रति वचनबद्धता।

सी) सतत सुधार करने के लिए व्यवस्थित दृष्टिकोण।

डी) सभी विधिक एवं अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन।

ई) कुछ अल्प अवधि की उपलब्धियों के स्थान पर स्थायी एवं सतत सुधार पर जोर देना।

भावी योजना : - 2020-21 में

एकीकृत प्रबंधन प्रणाली के साथ कंपनी व्यापी पुनर्प्रमाणन जो गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 9001: 2015), पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 14001: 2015) और व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 45001: 2018 या ओएचएसएएस 18001, 2007) का अनुपालन करती है।

35. औद्योगिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा की गई गतिविधियाँ -

सीआईएल में औद्योगिक अभियांत्रिकी विभाग की प्राथमिक भूमिका संसाधनों के क्षमता उपयोग के संदर्भ में कंपनी के लिए एक कार्य निष्पादन ढांचा प्रदान करना है। इस दिशा में प्रमुख कार्य, कार्य निष्पादन मानकों को तय करने और उत्पादकता में सुधार करने आदि में नई तकनीकों को लागू करने आदि के बारे में निर्णय लेना है। विभाग द्वारा 2019-20 के दौरान किए गए विभिन्न कार्य निम्नानुसार हैं : -

- एक्स सर्विसमेन और परियोजना प्रभावित लोगों (विक्रेता विकास योजना के तहत) को खान से कोयले की ढुलाई से लेकर प्रेषण प्वाइंट तक के लिए भुगतान किया गया।
- हमारे ग्राहकों से वर्ष में दो बार वसूले जाने वाले सरफेस परिवहन शुल्क (एसटीसी) की तैयारी।
- एमसीएल में कोयला निष्कासन, ओवरबर्डन हटाने और संबद्ध गतिविधियों के लिए दरों की अनुसूची तैयार करने की सुविधा, जो राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद द्वारा की जा रही है।
- प्रोत्साहन की गणना के लिए कोलनेट प्रणाली का उपयोग करने के साथ-साथ एमसीएल की खुली खदान परियोजनाओं में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजनाओं का गठन और कार्यान्वयन।
- सीएमपीडीआईएल मानदंडों के लिए विशिष्ट डीजल की खपत में सुधार करने के लिए एमसीएल की खुली खदान परियोजनाओं पर अध्ययन।
- ओवर टाइम आवर्स में कमी के रूप में लागत नियंत्रण के उपाय।
- कोयले के प्रेषण के लिए परिवहन मैट्रिक्स की तैयारी और कोयले के उत्पादन और प्रेषण के लिए एमसीएल के ओसीपी में उपलब्ध कार्यदल की पर्याप्त संख्या को बनाए रखना। एमसीएल की खुली खदान परियोजनाओं में चल रहे टिपरों की दैनिक शिफ्ट वार रिपोर्ट तैयार करना और उनकी निगरानी करना।

36. पुरस्कार और मान्यताएँ

1. हमारे रिकॉर्ड के अनुसार एम.सी.एल. को वर्ष 2019-20 के दौरान निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुये:

1. महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड को **राष्ट्रीय प्राथमिकता क्षेत्र: उप-श्रेणी- स्वास्थ्य, सुरक्षित पेयजल तथा स्वच्छता** श्रेणी में योगदान हेतु राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार, **2018** से सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह दिनांक **29-10-2019** को विज्ञान भवन**,** दिल्ली में कॉर्पोरेट मंत्रालय**,** भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। श्री के. आर. वासुदेवन**,** निदेशक (वित्त/कार्मिक) और श्री बी साईराम, महाप्रबंधक (सीएसआर) ने माननीय

वित्त और कॉर्पोरेट मंत्री, भारत सरकार से पुरस्कार ग्रहण किया। इस पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा की गयी।

2. महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने **सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं के लिए मिनी रत्न श्रेणी में "सर्वश्रेष्ठ उद्यम पुरस्कार**" जीता। यह पुरस्कार हैदराबाद में आयोजित 30 वें राष्ट्रीय मीट फ़ोरम ऑफ़ वूमेन इन पब्लिक सेक्टर (WIPS) में प्रदान किया गया जिसे सुश्री कोमला वी. जावेद, उप-महाप्रबंधक (का-अधि.स्थापना)/समन्वयक, WIPS, एम.सी.एल. ने ग्रहण किया। WIPS की राष्ट्रीय बैठक जिसका विषय "पावर टू ट्रांसफॉर्म- डिसीजन टू एक्शन" था, का उद्घाटन तेलंगाना के महामहिम राज्यपाल डॉ तमिलिसाई सुंदरराजन द्वारा किया गया।
3. महानदी कोलफील्ड्स को वर्ष 2018 के लिए दलाल स्ट्रीट इन्वेस्ट जर्नल द्वारा **मिनीरत्न श्रेणी में भारत के सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (गैर-विनिर्माण)** के रूप में पुरस्कार प्राप्त हुआ।
4. एमसीएल ने ग्रीनटेक फाउंडेशन, नई दिल्ली का 18वीं वार्षिक संधारणीयता सम्मेलन 2019 में **ग्रीनटेक इंभायर्मेंटल पुरस्कार** जीता, जो **बसुंधरा(डब्लू) ओ.सी.पी. तथा अनंत ओ.सी.पी.** हेतु था।
5. एमसीएल को दिनांक 01-11-2019 को आयोजित कोल इंडिया स्थापना दिवस समारोह के दौरान वर्ष 2018-19 के लिए सहायक कंपनियों के बीच **पर्यावरण प्रबंधन हेतु प्रथम पुरस्कार** से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कोलकाता में दिनांक 01-11-2019 को 45वें कोल इंडिया स्थापना दिवस के अवसर पर, श्री प्रहलाद जोशी, माननीय केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया।
6. महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 2018-19 में कोल इंडिया लिमिटेड की सभी सहायक कंपनियों के बीच सी.एस.आर. में सबसे अधिक ऋणदाता होने के कारण **कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा सी.एस.आर. कॉर्पोरेट पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 01-11-2019 को कोलकाता में श्री प्रहलाद जोशी, माननीय केंद्रीय संसदीय मंत्री, कोयला और खान, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार श्री बी साईराम, महाप्रबंधक(सीएसआर) ने प्राप्त किया।
7. राउरकेला स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने ओड़िशा में खेल को बढ़ावा देने की दिशा में हमारे योगदान को मान्यता देते हुए "स्पोर्ट्स प्रमोशन एक्सीलेंस अवार्ड-2019" को प्रस्तुत किया है। कंपनी की ओर से यह पुरस्कार कल शाम राउरकेला में आयोजित एक समारोह में जनसंपर्क प्रमुख श्री डिकेन मेहरा ने प्राप्त किया।
8. एमसीएल को **8वें भोपाल विज्ञान मेले में एच.ई.एम.एम. के कामकाजी मॉडल के माध्यम से ओपन कास्ट कोल माइनिंग ऑपरेशंस दिखाने के लिए "एक्जम्प्लरी एक्ज़िबिट"** के लिए सम्मानित किया गया। एमसीएल के ईब वैली क्षेत्र के लजकुरा ओ.सी.पी. की टीम ने प्रदर्शनी में खनन कार्य प्रदर्शित किए। ये पुरस्कार मुख्य अतिथि श्री कप्तान सिंह सोलंकी, माननीय पूर्व राज्यपाल, त्रिपुरा और हरियाणा और श्री कमलेश्वर पटेल, माननीय मंत्री पंचायती राज और ग्रामीण विकास, म.प्र. सरकार द्वारा प्रदान किए गए।
9. एम.सी.एल. को **"ओड़िशा एम.एस.एम.ई. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला - 2020" के अगस्त के अवसर पर सी.पी.एस.ई. श्रेणी में उत्कृष्टता के पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है जिसे 8 जनवरी से 12 जनवरी, 2020 तक आई.डी.सी.ओ. प्रदर्शनी ग्राउंड, यूनिट- III, भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। यह व्यापार करना, तेज और पारदर्शी खरीद प्रक्रिया और MSEs के उत्थान के लिए एम.एस.एम.ई. सेक्टर के प्रति उत्कृष्टता के साथ-साथ सकल घरेलू उत्पाद, मेक इन इंडिया पहल और देश के रोजगार का पूरक हैं।

36. लेखा परीक्षक

36.1 **सांविधिक लेखा परीक्षक**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के प्रावधानों के तहत वर्ष, 2019-20 के लिए निम्नलिखित लेखा परीक्षा फर्मों को सांविधिक/शाखा लेखा परीक्षकों के रुप में नियुक्त किया गया।

सांविधिक लेखा परीक्षक	**शाखा लेखा परीक्षक**
सिंह राय मिश्रा एंड कंपनी	मेसर्स एस.सी.एम. एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार	केशरी टॉकिज कॉम्प्लेक्स(प्रथम तल)
भुवनेश्वर	98, खरवल नगर, इकाई-III भुवनेश्वर, ओड़िशा-751001

36.2 **लागत लेखा परीक्षक**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 जिसे कंपनी (लागत रिकॉर्ड और लेखा परीक्षा) संशोधन नियमवाली, 2014 के साथ पढ़ा जाए, के तहत कंपनी कोयला के खनन से संबंधित लागत लेखा परीक्षा का रिकॉर्ड रखती है, जिसका लेखा परीक्षा किया जाना आवश्यक है।

आपके निदेशकों ने लेखा परीक्षा समिति की अनुशंसा पर (i) मेसर्स मनी एंड कंपनी, अशोक बिल्डिग, 111, साउदर्न एवन्यू, कोलकाता-700029 को कंपनी, मुख्यालय एवं ईब वैली कोलफील्ड्स तथा केन्द्रीय कर्मशाला (ईब वैली) के लिए वितीय वर्ष, 2019-20 के कुल लेखा परीक्षा शुल्क रु 6,00,000.00 (आई.सी.सी.एस. समीक्षा सहित) तथा ज़ेब खर्च रु3,00,000.00 (अधिकतम) लेखा परीक्षा शुल्क पर लागू सेवा कर लागत रिकॉर्ड की लेखा परीक्षा करने के लिए मुख्य लागत लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया है तथा (ii) मेसर्स आशुतोष एंड एसोसिएट्स, कोस्ट एकांउटेंट, प्लॉट नं. एन4/232, प्रथम तल, आई.आर.सी. ग्राम, नयापल्ली, भुवनेश्वर-751015, ओड़िशा को वर्ष, 2019-20 के लिए कंपनी की शाखा लागत लेखा परीक्षक के तौर पर केन्द्रीय कर्मशाला(तालचेर) सहित तालचेर कोलफील्ड्स के क्षेत्रों के लेखा परीक्षा लागत रिकॉर्ड पर कुल लेखा परीक्षा शुल्क रु 3,98,000.00 तथा ज़ेब खर्च रु1,99,000.00 (अधिकतम) तथा देय जी.एस.टी. के साथ लेखा परीक्षा शुल्क पर नियुक्त किया गया है।

36.3 **सचिवीय लेखा परीक्षक**

कंपनी लेखा परीक्षक कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 तथा कंपनी (नियुक्त और प्रबंधन कार्मिक के पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के प्रावधानों के तहत कंपनी ने मेसर्स देव महापात्र एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, भुवनेश्वर, ओड़िशा को वर्ष, 2017-18 के लिए कंपनी की सचिवीय लेखा परीक्षा करने के लिए नियुक्त किया गया है। सचिवीय लेखा परीक्षकों द्वारा प्रस्तुत किए गए रिपोर्ट को **अनुलग्नक** II में संलग्न किया गया है। .

37. सावधि जमा

आपकी कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में यथापरिभाषित रूप में, लोगों से जमा के रूप में कोई राशि स्वीकार नहीं की है।

38. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (एम) (यूएस) के तहत सूचनाओं का विवरण.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (एम) के प्रावधान के अनुसार ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण एवं विदेशी विनिमय के आय तथा व्यय से संबंधित सूचना इस प्रतिवेदन के **अनुलग्नक**-III में दी गई है।

39. निदेशक मण्डल

39.1 रिपोर्ट के अंतर्गत वर्ष के दौरान निम्नलिखित व्यक्ति निदेशक बने रहे –

1.	श्री आर.आर. मिश्रा	अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
2.	श्री ओ.पी. सिंह	निदेशक (तकनीकी/प्रचालन)
3.	श्री के.आर. वासुदेवन	निदेशक (वित्त)
4.	श्री आर. के. सिन्हा	संयुक्त सचिव, कोल मंत्रालय
5.	श्री एस.एन. प्रसाद	निदेशक (विपणन),
6.	सुश्री सीमा शर्मा	स्वतंत्र निदेशक

39.2 रिपोर्ट के अंतर्गत निम्नलिखित व्यक्ति वर्ष के दौरान निदेशक नियुक्त हुए

1.	श्री बी.एन. शुक्ला	अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक(14.06.2019 से प्रभावी)
2.	श्री के.के. मिश्रा	निदेशक(तकनीकी/योजना एवं परियोजना) (24.06.2019 से प्रभावी)
3.	श्री केशव राव	निदेशक(कार्मिक) (18.12.2019 से प्रभावी)
4.	श्री नागराजू मडिराला	आधिकारिक अंशकालिक निदेशक (17.03.2020 से प्रभावी)
5.	श्री एस. मोहन	स्वतंत्र निदेशक (10.07.2019 से प्रभावी)

39.3 रिपोर्ट के अंतर्गत निम्न व्यक्ति वर्ष के दौरान निदेशक पद से मुक्त हुएः

1.	श्री आर.आर. मिश्रा	अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (14.06.2019 तक)
2.	श्री आर.के. सिन्हा	आधिकारिक अंशकालिक निदेशक (17.03.2020 तक)
3.	श्री एस.एन. प्रसाद	आधिकारिक अंशकालिक निदेशक (31.11.2019 तक)

40. निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

प्राप्त जानकारी एवं स्पष्टीकरण तथा उनके सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के आधार पर यह पुष्टि की जाती है कि आपकी कंपनी के निदेशकगण द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(सी) के अनुसार निम्न विवरण प्रस्तुत किये गए हैं-

क) मार्च 31, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखा की प्रस्तुति में सामग्रियों के विचलन से संबंधित समुचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखा मानकों का अनुसरण किया गया है।

ख) निदेशकों ने ऐसी लेखा नीति का चयन कर उसका सुसंगत प्रयोग किया एवं उचित तथा विवेकपूर्ण निर्णय सहित आकलन किया है, ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की स्थिति तथा आलोच्य वर्ष में कंपनी के लाभ एवं हानि की सही एवं स्पष्ट जानकारी दी जा सके।

ग) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं का पता लगाने तथा निवारण हेतु कंपनी अधिनियम, 1956/ कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधान के अनुसार समुचित लेखा रिकॉर्डों के अनुरक्षण के लिए उचित तथा पर्याप्त सावधानी बरती है।

घ) निदेशकों ने 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए उन्नतशील व्यवसाय के आधार पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है।

ङ) उचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण कार्य कर रहे हैं और वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त और प्रभावी रूप से संचालित है। सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली कार्य कर रही हैं एवं वह पर्याप्त तथा प्रभावी रूप से संचालित हैं।

41. निगमित शासन

इस रिपोर्ट के साथ निगमित शासन पर एक रिपोर्ट **अनुलग्नक- IV** में संलग्न है।

42. प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट

प्रबंधन चर्चा एंव विश्लेषण रिपोर्ट **अनुलग्नक** -V में संलग्न है।

43. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के लेखा पर की गई टिप्पणी इस प्रतिवेदन के **अनुलग्नक-VII** में संलग्न है।

44. लेखा परीक्षा समितिः

एमसीएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित परिपत्र संकल्प संख्या 20-(2019-20), दिनांक 02.12.2019 के तहत निम्नलिखित सदस्यों की समिति का पुनर्गठन किया गया हैः-

1.	श्री एस.मोहन, आई.डी.	-	अध्यक्ष
2.	सरकारी नामित निदेशक	-	सदस्य
3.	सी.आई.एल. नामित निदेशक	-	सदस्य
4.	सुश्री एस. शर्मा, आई.डी.	-	सदस्य
5.	निदेशक (तकनीकी/प्रचालन)	-	सदस्य
6.	निदेशक (वित्त)/सी.एफ.ओ.	-	आमंत्रित

44.1 **कार्यक्षेत्र**

पुनर्गठित समिति के प्रावधान के तहत कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 में काम का दायरा और अधिकार निहित है, इसे कंपनी (बोर्ड और उसकी शक्तियों की बैठक) नियमावली, 2014 के साथ में पढ़ा जा सकता है।

लेखा परीक्षा समिति के पास एमसीएल के वित्तीय और अन्य आंकड़ें /जानकारी को प्राप्त किया जाता है। समिति द्वारा किए गए अवलोकन की सूचना एमसीएल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की जाती है। समिति जितनी बार चाहे उतनी बार बैठक कर सकती है लेकिन एक तिमाही में कम से कम एक बार बैठक करना अपेक्षित है।

46. लागत रिकॉर्ड

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के अनुसार कंपनी के लागत रिकॉर्ड का अनुरक्षण केंद्र सरकार द्वारा दिनांक-01.04.2011 से निर्धारित किया गया है। कंपनी एकमात्र कोयले का उत्पादन करती है और कंपनी ओवरहेड सहित मदवार लागत के ब्यौरों के साथ रिकॉर्डिंग, निर्धारण और रिपोर्टिंग की निरंतर एकीकृत प्रणाली है। इसका नियमित अंतराल पर लागत रिपोर्टों से मिलान किया जाता है।

47. समझौता-ज्ञापन मापदंडों के परिप्रेक्ष्य में निष्पादन

लोक उद्यम विभाग(डी.पी.ई.), भारी उद्योग एवं लोक उद्योग, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एमसीएल और अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड के बीच वर्ष **2019-20** के लिए हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन पर एमसीएल का निष्पादन तैयार किया गया है। वर्ष **2019-20** के लिये आपके कंपनी का भौतिक और वित्तीय निष्पादन पर आधारित समझौता ज्ञापन रेटिंग **"बहुत अच्छा"** रहा है।

48. **सीआईएल के अंशधारकों के लिए अनुषंगी लेखा**

कार्पोरेट कार्य मंत्रालय के दिनांक 08.02.2011 के सामान्य परिपत्र संख्या 2/2011 के तहत् एम.सी.एल. मुख्यालय में एम.सी.एल. का वार्षिक लेखा कोल इंडिया लिमिटेड के अंशधारकों की मांग पर जांच एवं संबंधित सूचना की जानकारी प्रदान करने हेतु उपलब्ध रहेगा।

49. **वार्षिक रिटर्न का निष्कर्षण:**

कंपनी अधिनियम, **2013** की धारा **92 (1)** और कंपनियों (प्रबंधन और प्रशासन) के नियम **12 (1)** के नियम, **2014**, वार्षिक विवरणी (फॉर्म संख्या एमजीटी -**9**) का निष्कर्षण अनुलग्नक **VII** के रूप में **isannexed**। अधिनियम की धारा **134 (3)** के अनुसार, एमजीटी **7** में वार्षिक विवरणी की प्रति निम्नलिखित लिंक में कंपनी की वेबसाइट पर अपलोड की गई है: **https://www.mahanadicoal.in/Financial/annual_report.php**

50. **अभिस्वीकृति**

50.1 आपके निदेशकगण कोयला मंत्रालय, भारत सरकार एवं कोल इंडिया लिमिटेड के प्रति उनकी बहुमूल्य सहायता, समर्थन एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हैं। आपके निदेशकगण केंद्रीय सरकार तथा ओड़िशा सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के प्रति उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त करते हैं। दूसरे सहयोगी संगठनों से प्राप्त सहयोग एवं सहायता के लिए निदेशकों ने सधन्यवाद आभार व्यक्त किया है।

50.2 निदेशकों ने श्रमिक संगठन एवं अधिकारी संगठन से प्राप्त सहयोग एवं सभी स्तर के कर्मचारियों की दलगत भावना, मूल्यवान तथा निष्ठापूर्ण सेवा के लिए आभार व्यक्त किया है, जिससे कंपनी अपना लक्ष्य तथा सर्वांगीण अभिवृद्धि प्राप्त करने में सफल रही है ।

50.3 निदेशकों ने महत्वपूर्ण उपभोक्ताओं को उनके निरंतर समर्थन, संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया है, जिसके बिना कंपनी इतनी मजबूती से उभर नहीं सकती थी।

50.4 निदेशकों ने लेखा परीक्षकों, भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय तथा ओड़िशा के कंपनियों के रजिस्ट्रार द्वारा दी गई सेवा की भी सराहना की है।

50.5 निदेशकों ने संबलपुर एवं ओड़िशा के कोयला क्षेत्रों में रहने वाले विशिष्ट नागरिकों को समय-समय पर दिए गए उनके सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया है।

51. **<u>कार्यसूची</u>**

निम्नलिखित दस्तावेज़ संलग्न हैं

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) के अधीन निदेशकों के प्रतिवेदन में दी जाने वाली आवश्यक सूचनाएं।

1. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के प्रावधानों और कंपनी (नियुक्ति तथा प्रबंधन से जुडे कार्मिकों के पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के अनुवर्ती सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट।
2. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) तहते निदेशकों की रिपोर्ट में अनुपूरक।
3. लेखा परीक्षकों द्वारा कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर प्रस्तुत किये गए रिपोर्ट।
4. प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट।
5. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (ख) के तहत् भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ।

ह/-

(बी. एन. शुक्ला)

सम्बलपुर — अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक

तिथि : **18.08.2020** — (डीआईएन: 05131449)

मैं पुष्टि करता हूँ कि समीक्षाधीन वर्ष में सभी निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन ने आचरण संहिता के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

ह/-

(बी. एन. शुक्ला)

सम्बलपुर — अध्यक्ष सह प्रबंध निदेश

तिथि : **18.08.2020** — (डीआईएन: 05131449)

अनुलग्नक -I

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.)

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 की उपधारा (3) के खंड (0) और कंपनी नियमावली, 2014 के (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) नियम 9 के खंड के अनुपालन में]

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.)

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 की उपधारा (3) के खंड (0) और कंपनी नियमावली, 2014 के (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) नियम 9 के खंड के अनुपालन में]

I. कंपनी की सी.एस.आर. नीति की एक संक्षिप्त रूपरेखा, जिसमें शामिल किए जाने वाले परियोजनाओं या कार्यक्रमों का अवलोकन और सी.एस.आर. नीति और परियोजनाओं या कार्यक्रमों के लिए वेब-लिंक का संदर्भ शामिल है।

एमसीएल की सी.एस.आर. नीति की संक्षिप्त रूपरेखाः

उद्देश्य:
एमसीएल की सी.एस.आर. नीति का मुख्य उद्देश्य समाज के सतत विकास के लिए सी.एस.आर. को प्रमुख व्यवसायिक प्रक्रिया बनाने के लिए दिशानिर्देश देना है। इसका उद्देश्य दीर्घकालिक सामाजिक और पर्यावरणीय परिणामों के आधार पर समाज के कल्याणकारी उपायों की गतिविधियों में सरकार की भूमिका को बढ़ाना है।

एमसीएल कार्यान्वयन हेतु ग्लोबल कॉम्पैक्ट के सिद्धांतों को अपनाकर एक अच्छे कॉर्पोरेट सिटीजन के रूप में कार्य करेगा।

कार्य क्षेत्र :
सी.सी.आर. के क्षेत्र में समय-समय पर संशोधन के साथ एमसीएल कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII का पालन करता है।

सम्मिलित किए जाने वाले क्षेत्रः
एमसीएल के संबंध में, सी.एस.आर. गतिविधियों को पूरा करने के लिए बजट राशि का 80% परियोजना/ साइट/खानों/क्षेत्रीय मुख्यालय/कंपनी मुख्यालय के 25 किलोमीटर के दायरे में खर्च किया जाना चाहिए और बजट का 20% खर्च ओड़िशा के बाकी हिस्सों में किया जाएगा।

एमसीएल (मुख्यालय) के संबंध में, सी.एस.आर. को विस्तृत रूप से परिचालित जिलों सहित पूरे ओड़िशा में क्रियान्वित किया जाना चाहिए।

राशि का आवंटन:
तीन तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय लाभ के लिए सी.एस.आर. का फंड कंपनी के औसत सकल लाभ के 2% के आधार पर आवंटित किया जाता है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 198 के प्रावधान के अनुसार औसत शुद्ध लाभ की गणना की गई है।

एमसीएल की पूर्ण सी.एस.आर. नीति को कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है। सी.एस.आर. नीति के लिए वेब लिंक : http://www.mahanadicoal.in/About/csrpolicy.php

II. सी.एस.आर. समिति का गठन

एमसीएल में तीन प्रकार की सी.एस.आर. समितियां हैं, जो नीचे दी गई हैं:

1. क्षेत्रीय स्तर की सी.एस.आर. समिति :

- क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक — अध्यक्ष
- क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक — सदस्य
- क्षेत्र के परियोजना अधिकारी — सदस्य
- स्टाफ ऑफिसर (सिविल) — सदस्य
- क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक — सदस्य
- क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी — सदस्य
- स्टाफ ऑफिसर (ई. एंड एम.) — सदस्य
- स्टाफ ऑफिसर (एल. एवं आर.) — सदस्य

2. मुख्यालय स्तर की सी.एस.आर. समिति

- निदेशक(कार्मिक), एमसीएल — अध्यक्ष
- महाप्रबंधक (सी.एस.आर.), एमसीएल — सदस्य
- महाप्रबंधक (सिविल), एमसीएल — सदस्य
- महाप्रबंधक (वित्त), एमसीएल — सदस्य
- महाप्रबंधक (पर्यावरण), एमसीएल — सदस्य
- महाप्रबंधक (एल. एंड आर.), एमसीएल — सदस्य
- महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औ. सं.), एमसीएल — सदस्य
- मुख्य चिकित्सा प्रमुख, एमसीएल — सदस्य

3. एमसीएल बोर्ड की सी.एस.आर. एंड एस.डी. उप-समिति एक बोर्ड स्तर की समिति है. इसके निम्नलिखित सदस्य हैं -

- निदेशक (वित्त) - अध्यक्ष
- कोल इंडिया लिमिटेड नामित निदेशक - सदस्य
- सुश्री सीमा शर्मा (स्वतंत्र निदेशक) - सदस्य
- निदेशक(तकनीकी/योजना एवं परियोजना) - सदस्य
- निदेशक(कार्मिक) - आमंत्रित

III. पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए कंपनी का औसत सकल लाभ बजट गणना

बजट गणना

सी.एस.आर. (वर्ष 2019-20) का कर पूर्व 3 वर्षों के लाभ की गणना

वर्ष	**राशि (रू करोड़ में)**
2016-2017	6854.72
2017-2018	7339.66
2018-2019	9281.08
कुल	23475.46
गत तीन वर्षों का (कर पूर्व लाभ) औसत कुल लाभ	7825.15
औसत लाभ का 2%	**156.50**

IV. निर्धारित सी.एस.आर. व्यय (उपरोक्त मद 3 के रूप में राशि का दो प्रतिशत)

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत शुद्ध लाभ (टैक्स पूर्व लाभ) का दो प्रतिशत रु 156.50 करोड़ है।

V. वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च किए गए सी.एस.आर. का विवरण।

क. वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की जाने वाली कुल राशि ;

वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की जाने वाली कुल राशि **रु 156.50 करोड़** है।

ख. अव्ययित राशि, यदि कोई हो;

पिछले वर्ष के लेखा परीक्षा के बाद से अव्ययित/बकाया राशि शून्य है। (वास्तविक खर्च बजट की राशि से अधिक है) (136.36 करोड़ रुपए – 167.16 करोड़ रूपए)

इस वर्ष में अव्ययित/बकाया राशि शून्य है। (वास्तविक व्यय बजट की राशि से अधिक है) [(156.50 करोड़ रुपये + 0 रुपये) – **165.50 करोड़ रुपए**}

ग. वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च की गई राशि का विवरण नीचे विस्तृत रूप से दिया गया है।

निर्धारित प्रारूप में गतिविधियों की सूची संलग्नित **अनुलग्नक-1** में दी गई है।

VI. अगर कंपनी पिछले तीन वित्तीय वर्षों या उसके किसी भी हिस्से के औसत शुद्ध लाभ के दो प्रतिशत खर्च करने में असफल होती है, तो वह अपनी बोर्ड रिपोर्ट में राशि खर्च न करने का कारण प्रस्तुत करेगी।

लागू नहीं।

VII. सी.एस.आर. समिति का एक जवाबदेही कथन है कि सी.एस.आर. नीति का कार्यान्वयन और निगरानी कंपनी के सी.एस.आर. उद्देश्यों और नीति के अनुपालन में है-

कंपनी अधिनियम, 2013 में अपेक्षित सी.एस.आर. समिति का एक जवाबदेही विवरण **अनुलग्नक-2** में अलग से संलग्नित है।

अनुलग्नक -1

(आंकड़ें लाख में)

क्रम सं.	वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए निर्दिष्ट की गई सी.एस.आर. परियोजना या गतिविधि	परियोजना शामिल किए जाने वाले क्षेत्र	परियोजनाओं या कार्यक्रम (1) स्थानीय क्षेत्र या अन्य (2) राज्य और जिले निर्दिष्ट करे जहां परियोजेन या कार्यक्रम लिए गए	परियोजना या कार्यक्रम के अनुसार राशि परिव्यय (बजट)	परियोजना ओं या कार्यक्रमों उप-प्रमुख (1) प्रत्यक्ष व्यय (2) ओवरहेड्स पर खर्च की गई राशि	रिपोर्टिंग अवधि 31.03.2019 तक संचयी व्यय	व्यय राशिः प्रत्यक्ष और कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से
1	भूख, गरीबी और कुपोषण को समाप्त करना, स्वास्थ्य देखभाल को बढावा देना, जिसमें स्वास्थ्य निवारक देखभाल और स्वच्छता को बढ़ावा देना शामिल है और यह केन्द्र सरकार द्वारा गठित स्वच्छ भारत कोष के अनुरुप है जिसमें स्वच्छता और शुद्ध पेय जल को बढावा देना भी शामिल है।	ओड़िशा के सभी खनन जिले और अन्य जिले	अंगुल, झारसुगुडा, सुन्दरगढ़, संबलपुर, पुरी खुर्दा, बालंगीर, ढेंकनाल, गजपति, गंजाम, जाजपुर, कालाहंडी, नयागढ़, रायगढ़, सोनपुर, कंधमाल और देवगढ	18191.13	5140.17	14329.74	एमसीएल और राज्य सरकार
2	विशेष शिक्षा और रोजगार बढ़ाने के कौशल, विशेषकर बच्चों, महिलाएं, बुजुर्गों और विकलांगो के शिक्षण को बढ़ावा तथा आजीविका बढ़ाने वाली परियोजनाओं को बढ़ाना	ओड़िशा के सभी खनन जिले और अन्य जिले	अंगुल, झारसुगुडा, सुंदरगढ़, संबलपुर, जाजपुर,सोनपुर और बरगड़	53713.73	7913.48	47389.46	एमसीएल और एनबीसीसी और राज्य सरकार
3	लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, महिलाओं को सशक्त करना, महिलाओं और अनाथों के लिए घरों और छात्रावासों की स्थापना	ओड़िशा के सभी खनन जिले और अन्य जिले	अंगुल, झारसुगुडा और संबलपुर	121.97	66.16	68.36	एमसीएल और राज्य सरकार

	करना; वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम, डे केयर सेंटर जैसी अन्य सुविधाएं स्थापित करना और सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के सामने आने वाली असमानताओं को कम करने के उपाय						
4	पर्यावरणीय स्थिरता, पारिस्थितिक संतुलन, वनस्पतियों और जीवों की सुरक्षा, पशु कल्याण, कृषि-संसाधन, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और मिट्टी, वायु और पानी की गुणवत्ता को बनाए रखना है जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा गंगा की सफाई कोष का गठन करते हुये गंगा नदी का जीर्णोद्धार करना शामिल है।	ओड़िशा के सभी खनन जिले और अन्य जिले	संबलपुर, अंगुल, झारसुगुडा, सुंदरगढ़,खुर्दा	1702.18	725.70	1290.61	एमसीएल और राज्य सरकार
5	ऐतिहासिक महत्व के भवनों, स्थलो और कलात्मक कार्य के पुनर्स्थापना सहित राष्ट्रीय विरासत और संस्कृति का संरक्षण; पुस्तकालयों की स्थापना; पारंपरिक हस्तशिल्प के विकास एवं उन्नयन	ओड़िशा के सभी खनन जिले और अन्य जिले	अंगुल, संबलपुर और सुन्दरगढ़	850.65	410.65	850.65	एमसीएल और राज्य सरकार
6	सशस्त्र बलों के दिग्गजों, युद्ध के कारण हुई विधवाओं और उनके आश्रितों के हितों के लिए उपाय			0.00	0.00	0.00	
7	ग्रामीण खेलों, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेलों, पैरालंपिक खेल	ओड़िशा के सभी खनन	अंगुल, झारसुगुडा, संबलपुर,	2623.05	620.38	2188.48	एमसीएल तथा राज्य सरकार

	और ओलंपिक खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण	जिले और अन्य जिले	सुंदरगढ़ और जाजपुर				
10	ग्रामीण विकास परियोजना	ओड़िशा के सभी खनन जिले और अन्य जिले	अंगुल, झारसुगुडा, सुंदरगढ, संबलपुर तथा बरगड़	8487.41	1595.19	4237.72	एमसीएल, आर.आई.टी.ई.एस . तथा राज्य सरकार
12	आपदा प्रबंधन जिसमें पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियां शामिल है	ओड़िशा के अन्य जिले	गजपति तथा पुरी	73.14	72.70	72.70	एमसीएम तथा राज्य सरकार
13	प्रशासनिक व्यय	सभी खनन जिले	अंगुल तथा संबलपुर	5.97	5.97	5.97	एमसीएल
	कुल			**85769.22**	**16550.38**	**70433.68**	

अनुलग्नक -2

<u>प्रमाण पत्र</u>

यह प्रमाणित किया जाता है कि सी.एस.आर. नीति का कार्यान्वयन और निगरानी, कंपनी के सी.एस.आर. उद्देश्यों और नीति के अनुपालन में है।

ह/-
महाप्रबंधक(सीएसआर), एमसीएल

ह/-
निदेशक (कार्मिक), एमसीएल
(डीआईएन: 08651284)

ह/-
अध्यक्ष, सी.एस.आर. तथा एस.डी. समिति
(डीआईएन : 07915732)

<u>अनुलग्नक -II</u>

<u>फॉर्म संख्या एमआर-3</u>
<u>सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट</u>

समाप्त वित्तीय वर्ष 2018-2019 के लिए

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) और कंपनी नियम सं. 9 (नियुक्ति एवं पारिश्रमिक कर्मियों) नियमावली, 2014 के अनुसरण में]

सेवा में
सदस्य
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर

हमने 31 मार्च,2020 को समाप्त वर्ष के लिए **महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड** (जिसे इसके बाद 'कंपनी' कहा गया है) पर लागू वैधानिक प्रावधानों और अच्छी कॉर्पोरेट पद्धति के अनुपालन द्वारा सचिवीय लेखा परीक्षा का आयोजन किया है। सचिवीय लेखा परीक्षा इस प्रकार आयोजित की गई थी कि कॉर्पोरेट संहिता/ वैधानिक अनुपालन पर हमारी राय के मूल्यांकन का तार्किक आधार प्राप्त हो सके।

कंपनी के अभिलेखों, कागज, कार्यवृत्त किताबों, भरें हुए फार्म और रिटर्न और कंपनी द्वारा अनुरक्षित रिकॉर्ड और कंपनी द्वारा दी गई जानकारी भी, सचिवीय लेखा परीक्षा के आयोजन के समय इसके अधिकारी, एजेंट, और प्राधिकृत प्रतिनिधि के सत्यापन के आधार पर हम अपने मतानुसार रिपोर्ट देते है कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखा परीक्षा अवधि के दौरान सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया गया है तथा कंपनी के पास रिपोर्टिंग के संबंध में उचित बोर्ड प्रक्रियाएँ तथा विस्तृत अनुपालन-तंत्र है ।

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए हमने कंपनी के अभिलेखों, कागज, कार्यवृत्त किताबों, भरें हुए फार्म और रिटर्न तथा कंपनी द्वारा अनुरक्षित रिकॉर्ड का निम्न प्रावधान के अंतर्गत परीक्षण किया है:

i. कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और इसके तहत बनाए गए नियमावली।
ii. प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ("एससीआरए") और इसके तहत बनाए गए नियमावली **(लागू नहीं)**
iii. डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 और इसके तहत बनाए गए विनियम और उप-कानून (लागू नहीं)
iv. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, प्रवासी प्रत्यक्ष निवेश और बाहरी वाणिज्यिक उधारी के विस्तार के लिए इसके तहत बनाए गए नियमों और विनियम।**(लागू)**
v. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के तहत निर्धारित निम्नलिखित नियम और दिशानिर्देश:-

क. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड विनियम, 2011 (शेयरों का पर्याप्त अधिग्रहण और टेकओवेर्स); **(लागू नहीं)**
ख. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (आंतरिक व्यापार पर प्रतिषेध) विनियम, 2015; **(लागू नहीं)**
ग. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड विनियम, 2009 (पूंजी और प्रकटीकरण आवश्यकताओं के मुद्दे); **(लागू नहीं)**

घ. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना) के दिशानिर्देश, 1999; **(लागू नहीं)**

ङ. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड विनियम, 2008 (मुद्दा और ऋण प्रतिभूतियों की लिस्टिंग); **(लागू नहीं)**

च. कंपनी अधिनियम और ग्राहक के साथ व्यवहार से संबंधित भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड विनियम, 1993 को के बारे में (मुद्दा और शेयर ट्रांसफर एजेंट के रजिस्ट्रार); **(लागू नहीं)**

छ. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों की डीलिस्टिंग) विनियम, 2009 **(लागू नहीं)** और

ज. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड विनियम, 1998 (प्रतिभूति की पुनर्खरीद); **(लागू नहीं)**

झ. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड विनियम, 1998 (संग्रहण और प्रतिभागी); **(लागू नहीं)**

vi. सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी किए गए केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट प्रशासन पर दिशानिर्देश।

vii. विभिन्न विभागों द्वारा कंपनी के निदेशक मंडल को समय समय पर प्रस्तुत किए गए प्रमाणपत्र के आधार पर तथा कंपनी द्वारा अनुरक्षित प्रमाणपत्रों और रिकॉर्ड के सत्यापन के आधार पर औद्योगिक विशेष कानून के अंतर्गत निम्नलिखित प्रक्रिया और अनुपालनों को सत्यापित किया जा रहा है।

क. खान अधिनियम, 1952

ख. खान रियायत नियमावली, 1960

ग. खान बचाव नियमावली, 1985

घ. खान व्यावसायिक प्रशिक्षण नियमावली, 1966

ङ. खान (एब्सट्रैक्ट की पोस्टिंग) नियमावली, 1954

च. खान और खनिज (विकास विनियमन) अधिनियम, 1957

छ. भारतीय विद्युत नियमावली, 1985

ज. भारतीय विस्फोटक अधिनियम, 1884

झ. भारतीय विस्फोटक अधिनियम, 2008

ञ. कोयला खान विनियम, 1957

ट. कोयला खान संरक्षण एवं विकास अधिनियम, 1974

ठ. कोयला खान पेंशन योजना, 1998

ड. कोयला खान भविष्य (विविध प्रावधान) अधिनियम, 1948

ढ. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986

ण. जल (रोकथाम और प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम 1974

त. वायु (रोकथाम और प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, 1981

थ. मजदूरी भुगतान (खान) नियमावली, 1956

द. अवितरित मजदूरी भुगतान (खान) नियमावली, 1959

ध. मातृत्व लाभ (खान) नियमावली, 1963

न. कोलियरी नियंत्रण आदेश, 2000

ऩ. कोलियरी नियंत्रण नियमावली, 2004

प. भारतीय खान ब्यूरो (इलेक्ट्रिकल पर्यवेक्षक और इलेक्ट्रीशियन) भर्ती नियमावली, 1990

हमने निम्न लागू खंड के अनुपालन की जांच की है:

i. भारत के कंपनी सचिव की संस्था द्वारा जारी किए गए सचिवीय मानक।
ii. कंपनी द्वारा किसी स्टॉक एक्स्चेंज के साथ किए गए सूचीबद्ध करार (लागू नहीं)

हम वित्तीय कानूनों के अनुपालन और वित्तीय अभिलेखों और खातों की पुस्तकों के रखरखाव पर रिपोर्टिंग नहीं कर रहे हैं, यद्यपि उनकी सांविधिक लेखा परीक्षा के दौरान सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा समीक्षा की जा रही हैं।

अनुलग्नक 'ख' में निर्दिष्ट निरीक्षणों और योग्यता के संबंध में समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी पर लागू कंपनी अधिनियम, नियमों, विनियमों, डीपीई दिशानिर्देशों, सचिवीय मानक, आदि के प्रावधानों का पालन किया है।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखा परीक्षा अवधि के दौरान, कंपनी ने किसी भी विशिष्ट घटना / कार्रवाई नहीं की है जो उपरोक्त उल्लिखित कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों, आदि के अनुसरण में कंपनी के कार्यों पर एक बड़ा प्रभाव डाल सकता है।

हम आगे रिपोर्ट करते है कि-

<u>ए. बोर्ड का गठन:</u>

कंपनी के निदेशक मंडल को अनुलग्नक-बी में निर्दिष्ट पर्यवेक्षण और योग्यता के अधीन विधिवत गठित किया गया है और समीक्षाधीन अवधि के दौरान हुई निदेशक मंडल की संरचना में परिवर्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए थे तथा बोर्ड को सूचना का खुलासा पर्याप्त था और कंपनी द्वारा उचित बोर्ड प्रक्रिया का पालन किया गया था।

<u>बी. बैठक का आयोजन:</u>

बोर्ड बैठकें, एजेंडा को निर्धारित करने के लिए सभी निदेशकों को पर्याप्त नोटिस दिया गया है और एजेंडा पर विस्तृत टिप्पणी अग्रिम रूप में भेजे गए और बैठक में सार्थक भागीदारी के लिए बैठक से पहले एजेंडा पर जानकारी और स्पष्टीकरण मांगने और प्राप्त करने के लिए एक प्रणाली मौजूद है। बोर्ड और कमेटी बैठक में बहुमत निर्णय लिए जाते है और अधिनियम के अनुसार तदाशय में रखे जा रहे कार्यवृत्त पुस्तक में विधिवत दर्ज किए जाते हैं।

<u>सी. वार्षिक आम बैठक का आयोजन</u>:

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, वित्त वर्ष 2018-19 के लिए कंपनी की वार्षिक आम बैठक का आयोजन अल्प सूचना पर 11 जुलाई 2019 को किया गया था। कंपनी के सभी सदस्यों की सहमति अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्राप्त की गई थी।

<u>डी. वैधानिक रजिस्टरों व अभिलेखों का रखरखाव:</u>

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, कंपनी अधिनियम, 2013, डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 और नियमों के विभिन्न प्रावधानों के तहत निर्धारित सभी वैधानिक रजिस्टर, रिकॉर्ड और अन्य रजिस्टर, उसमें बनाए गए सभी आवश्यक प्रविष्टियों के साथ यथोचित रूप में बनाए रखा गया था।

ई. कंपनियों, अधिनियमों, 2013 के अनुसार स्टेटमेंट फार्म और रिटर्न्स की फाइलिंग:

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार विभिन्न फॉर्म और रिटर्न विधिवत फीस के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर या विस्तारित समय में एमसीए / रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास विधिवत दाखिल किए गए थे।

एफ. लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के साथ अनुपालन:

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी के प्रबंधन द्वारा प्रदान की गई स्पष्टीकरण के अनुसार लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी और सुनिश्चित करने के लिए इसके आकार और संचालन के साथ पर्याप्त प्रणालियां मौजूद हैं। कानून और क़ानूनों के अनुपालन पर त्रैमासिक रिपोर्ट नियमित रूप से इसकी समीक्षा के लिए कंपनी बोर्ड को दी जाती है।

जी. लेखा परीक्षा एवं बोर्ड के निर्णयों का सत्यापन:

बोर्ड की बैठकों में लिए गए निर्णयों का तिमाही आधार पर लेखा परीक्षण किया जाता है और इस आशय का प्रमाण पत्र दिया जाता है कि निर्णय डीओपी के दायरे में हैं, बोर्ड के साथ त्रैमासिक आधार पर प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव से प्राप्त किए जाते हैं।

एच. मैसर्स एमएनएच शक्ति लिमिटेड (एमसीएल का एक सहायक) की पूंजी में कमी:

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, 18 अप्रैल 2019 को आयोजित 214 वीं बैठक में निदेशक मंडल ने एमएनएच शक्ति लिमिटेड की पूंजी में कमी के प्रस्ताव को मंजूरी दी। एमएनएच शक्ति लिमिटेड की पूंजी रू.85.10 करोड़ से रू. 35.10 करोड़ रुपये करते हुए 10 प्रत्येक (रुपए केवल दस) की दर से 5,00,00,000/ - (पांच करोड़) इक्विटी शेयरों (जो कंपनी की चुकता शेयर पूंजी में इक्विटी शेयरों की कुल संख्या का 58.75% है) जिनकी कुल राशि रू.50,00,00,000 (रूपये पचास करोड़) होती है, को रद्द किया। इस विषय पर पुष्टि हेतु एनसीएलटी के पास प्रस्तुत किया गया है।

आई. लाभांश की घोषणा:

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, कंपनी ने फरवरी 2020 तक कर पश्चात कमाई और चालू वर्ष के अनुमानित लाभ से रू.1,000/- प्रत्येक के 66,18,363 इक्विटी शेयर के लिए 5,225.00 करोड़ (यानी रू.7,894.70 प्रति इक्विटी शेयर) अंतरिम लाभांश घोषित व भुगतान किया है।

कंपनी ने आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार लाभांश वितरण कर (अधिभार और उपकर सहित) का भुगतान 1,074.01 करोड़ रुपये किया है।

जे. एमसीएल बोर्ड की उप-समितियों का पुनर्गठन

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, लेखा परीक्षा समिति, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और स्थिरता विकास (सीएसआरएसडी) उप-समिति, नामांकन और पारिश्रमिक उप-समिति का पुन: गठन किया गया था। पुनर्गठित समिति के पास निहित कार्य और अधिकार का दायरा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के प्रावधान सहित पढ़ी जाने वाली कंपनी (बोर्ड और उसकी शक्तियों की बैठक) नियम, 2014, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 और कंपनी अधिनियम, 2013 के डीपीई दिशानिर्देशों और धारा 178 के प्रावधान क्रमशः नियमों के तहत बनाए गए हैं।

के. अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक की नियुक्ति

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, श्री भोला नाथ शुक्ला ने 14.06.2019 से श्री राजीव रंजन मिश्रा के स्थान पर कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार संभाल लिया है।

श्री भोला नाथ शुक्ला की नियुक्ति और श्री राजीव रंजन मिश्रा की पदमुक्ति को एमसीएल बोर्ड ने 11 जुलाई 2019 को आयोजित 216 वीं बोर्ड बैठक में नोट किया।

एल. गैर-सरकारी अंश-कालिक स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति :

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, श्री श्रीनिवासन मोहन को राष्ट्रपति के अनुमोदन से, अधिसूचना के लागू होने के दिनांक से तीन वर्ष अथवा आगे किसी आदेश के आने तक, जो भी पहले हो, के लिए एमसीएल के निदेशक मंडल में गैर-सरकारी अंश-कालिक स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया।

एम. सीएसआर के तहत कोविड-19 चिकित्सालयों के लिए वित्तीय सहायता :

कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ने के लिए कंपनी के प्रबंधन ने अग्रिम कार्रवाई की है। निदेशक मंडल ने सुझाव दिया कि थर्मल इमेजर संक्रमित व्यक्तियों की आसान पहचान के लिए एक बेहतर उपकरण हो सकता है। इस प्रक्रिया में कंपनी के प्रबंधन द्वारा निम्नलिखित कार्रवाई की गई।

(ए) सम हॉस्पिटल, भुवनेश्वर में 500 बिस्तर वाले कोविड-19 अस्पताल के संचालन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। तदनुसार, आम जनता को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए ओड़ीशा सरकार, सम हॉस्पिटल एवं एमसीएल के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता किया गया है।

(बी) कंपनी ने लखनपुर अस्पताल, एमसीएल में एक आइसोलेशन/संगरोध चिकित्सा सुविधा भी स्थापित की है।

आगे हम रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी द्वारा ऑडिट अवधि के दौरान प्रदान की गई जानकारी और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा रिकॉर्ड पर लिए गए संबंधित विभाग द्वारा तिमाही अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा के आधार पर, हमारी राय में, कंपनी में सामान्य कानूनों की निगरानी और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रणाली और प्रक्रियाएं और नियंत्रण तंत्र मौजूद है।

स्थान: भुवनेश्वर
दिनांक: 15.06.2020

कृते देब महापात्र एंड कंपनी
कंपनी सचिव

ह/-
सीएस, आँचल अगरवाल, साझेदार,
एफसीएस सं. 9393 सी पी संख्या: 10548

नोट: यह रिपोर्ट हमारे पत्र के साथ पढ़ी जाएँ जिसे **अनुलग्नक क और अनुलग्नक ख** के रूप में संलग्न किया गया है और इस रिपोर्ट का एक अभिन्न हिस्सा है।

'अनुलग्नक - क'

सेवा में
सदस्य
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर.

इस तिथि की हमारी रिपोर्ट को इस पत्र के साथ पढ़ा जाना है :

1. सचिवीय रिकॉर्ड के रखरखाव की ज़िम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है। हमारी जिम्मेदारी लेखा परीक्षा के आधार पर इन सचिवीय रिकॉर्ड पर अपनी राय व्यक्त करना है।
2. हमने सचिवीय रिकॉर्ड की सामग्री की शुद्धता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त लेखा परीक्षा पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अनुसरण किया है। परीक्षण के आधार पर यह सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन किया गया था कि सचिवीय रिकॉर्ड में परिलक्षित तथ्य सही है। हम मानते हैं कि पद्धति और प्रक्रियाएं जिनका हमने अनुसरण किया है, हमारे विचार को एक उचित आधार प्रदान करते हैं।
3. हमने कंपनी के खातों के अभिलेखों तथा वित्तीय रिकॉर्ड की शुद्धता और औचित्य का सत्यापन नहीं किया है।
4. जहाँ आवश्यक हो, हमने कानूनों, नियमों और विनियमों और घटनाओं आदि के अनुपालन के बारे में प्रबंधन का प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है।
5. कॉर्पोरेट के प्रावधानों और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के अनुपालन की ज़िम्मेदारी प्रबंधन की है। हमारा परीक्षण प्रक्रियाओं के परीक्षण आधार पर सत्यापन तक सीमित था।
6. सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट न ही कंपनी के भविष्य व्यवहार्यता के लिए और न ही प्रभावकारिता या प्रभावशीलता के लिए, जिसके साथ प्रबंधन कंपनी के मामलों का आयोजन किया गया है, के रूप में एक आश्वासन है।

स्थान: भुवनेश्वर
दिनांक: 15.06.2020

कृते देब महापात्र एंड कंपनी
कंपनी सचिव

ह/-
सीएस, आँचल अगरवाल, साझेदार,
एफसीएस सं. 9393 सी पी संख्या: 10548

'अनुलग्नक - ख'

सचिवीय लेखा परीक्षक की टिप्पणी

क्र.	टिप्पणी	प्रबंधन का उत्तर
1.	कंपनी में डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार 04 स्वतंत्र निदेशक नही हैं।	स्वतंत्र निदेशकों के 02 (दो) पद रिक्त है तथा कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

स्थान: भुवनेश्वर
दिनांक: 15.06.2020

कृते देब महापात्र एंड कंपनी
कंपनी सचिव

ह/-
सीएस, आँचल अगरवाल, साझेदार,
एफसीएस सं. 9393 सी पी संख्या: 10548

अनुलग्नक - III

निदेशकों की रिपोर्ट के लिए अनुलग्नक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) के तहत निदेशकों की रिपोर्ट में दी जाने वाली जानकारी को ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी विनिमय, आय एवं व्यय से संबंधित कंपनी नियमावली,1988 (निदेशक मंडल की रिपोर्ट में ब्योरे का उल्लेख) के साथ पढ़ा जाए।

1. ऊर्जा का संरक्षण

1 (क). अपनाए गए विद्युत ऊर्जा संरक्षण के उपाय

